हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com

धनबाद, सोमवार 21 अक्टूबर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 198, मूल्य : 2 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe
Koylanchal sambad news

# दिवाली से पहले दिल्ली को दहलाने की साजिश सीआरपीएफ स्कूल की दीवार के पास धमाका

## कारों और दुकानों के शीशे टूटे, धमाके से निकला सफेद धुएं का गुबार, तीन-चार किलोमीटर दूर तक सुनी गई आवाज

नई दिल्ली। त्योहारों के मद्देनजर दिल्ली में हाई अलर्ट के बावजूद रविवार सुबह रोहिणी सेक्टर-14 के प्रशांत विहार स्थित सीआरपीएफ स्कूल की दीवार के पास जोरदार धमाके ने दिल्ली में दहशत फैला दी। धमाका इतना जोरदार था कि तीन-चार किलोमीटर दूर तक लोगों ने आवाज सुनी और धमाके से निकले सफेद धुएं का गुबार देखा।

करीब 20 मिनट तब आसमान में गुबार फैला रहा। गनीमत रही कि रविवार को छुट्टी का दिन था और धमाका सुबह 7:03 बजे हुआ, तब आसपास लोग मौजूद नहीं थे। घटनास्थल से करीब 50 मीटर की दूरी पर स्थित एक दुकान के बाहर कई लोग खड़े थे, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

### दुकानों और कारों के शीशे टूटे

तेज धमाका होने के कारण आसपास की कई दुकानों, कार्यालयों व गाड़ियों के शीशे टूट गए। स्कूल की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई और मौके से काफी देर तक दुर्गंध आ रही थी। धमाका होने के काफी देर बाद सुबह करीब 7.47 बजे पर पुलिस को कॉल मिली। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के अलावा पहले क्राइम ब्रांच, स्पेशल सेल, फायर बिग्रेड, डॉग स्क्वॉयड, बम स्क्वॉयड, कैट एंबुलेंस की टीम मौके पर पहुंची।

### केंद्रीय एजेंसियों ने केमिकल के लिए सैंपल

धमाके में विस्फोटक का पता चलने पर तमाम केंद्रीय एजेंसियों एनडीआरएफ (NDRF), एनएसजी व एनआईए (NSG & NIA) के अलावा एफएसएल व सीएफएसएल की टीमें भी बुला ली गईं। केंद्रीय एजेंसियों के एक्सपर्ट ने अपने-अपने स्तर पर प्रथम दृष्टया मौके से उठाए गए केमिकल व अन्य



नमूने को पास स्थित खाली जगह पर ले जाकर जांच की।

### विस्फोटक में कौन से पदार्थ थे शामिल

जांच से ब्लास्ट में फिलहाल नाइट्रेट व क्लोराइड का इस्तेमाल किए जाने का पता चला है, जिसे उच्च श्रेणी विस्फोटक में नहीं माना जाता है। विस्फोटक का पता चलने के बाद प्रशांत विहार थाने में विस्फोटक अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। जांच के लिए केस को स्पेशल सेल अथवा एनआईए में ट्रांसफर किया जा सकता है।

### लैब से पता चलेगा विस्फोटक और केमिकल का सही पता

स्पेशल सेल के अधिकारी का कहना है कि सभी एजेंसियों के एक्सपर्ट नमूने को अपने साथ लेकर गए हैं जिन्हें वे अपनी-अपनी लैब में विस्तृत जांच करेंगे। उसके बाद धमाके में इस्तेमाल किए गए केमिकल व विस्फोटक के बारे में सही पता लग सकेगा।

अभी एजेंसियों को यह पता लगाना भी मुश्किल हो रहा है कि धमाका कैसे कराया गया। क्योंकि मौके से टाइमर, डेटोनेटर, तार, बैट्री, घड़ी आदि नहीं मिले हैं, जिससे यह माना जाए कि धमाके के लिए रिमोट का इस्तेमाल किया गया हो।

जांच एजेंसियों का कहना है धमाके में काफी केमिकल का इस्तेमाल किया गया। यह देशी यानी क्रूड बम जैसा भी नहीं लग रहा है, क्योंकि क्रूड बम में शीशा, कील व छर्रे आदि का इस्तेमाल किया जाता है।

### रेडियो एक्टिव जैसा नहीं मिला कुछ

एनडीआरएफ को इसलिए मौके पर बुलाया गया, क्योंकि यह पता लगाया जा सके कि रेडियो एक्टिव जैसी कोई बात तो नहीं थी लेकिन जांच में रेडियो एक्टिव जैसा कुछ नहीं मिला। एजेंसियों का मानना है कि हो सकता है कि त्योहारों पर दहशत फैलाने के लिए किसी ने इस तरह की हरकत की हो।

घटना के बाद गृह मंत्रालय द्वारा दिल्ली पुलिस से रिपोर्ट मांगने पर उन्हें प्रारंभिक रिपोर्ट भेज दी गई है। एनएसजी अपने साथ रोबोटिक मशीन व काकर स्नाइपर डाग साथ लेकर पहुंची। इस डाग के सूंघने की क्षमता ज्यादा होती है।

### घटनास्थल पर पांच घंटे तक जांच करती रहीं सभी एजेंसियां

घटनास्थल पर तमाम सुरक्षा एजेंसियों की टीम करीब पांच घंटे तक जांच करती रही। स्कूल की दीवार, फुटपाथ, पेड़ों व सड़क से लेकर दुकानों से नमूने उठाए गए। सफेद रंग के पाउडर और कुछ तारनुमा चीजें भी बरामद हुई हैं।

# झारखंड चुनाव : बीजेपी ने अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा को बनाया अपना उम्मीदवार

जमशेदपुर,(ईएमएस)। झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। सभी पार्टियां उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर रही हैं। वहीं बीजेपी ने पूर्व मंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा को जमशेदपुर पूर्वी सिंहभूम के पोटका से टिकट देकर मैदान में उतार दियास है। मीरा मुंडा की उम्मीदवारी के ऐलान के बाद उनके आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं का तांता लग गया है। इस दौरान लोग उन्हें बधाई और जीत की अग्रिम शुभकामना दे रहे हैं।



मीरा मुंडा ने कहा कि सबसे पहले, मैं पूरे चुनाव समिति के सभी सदस्यों, पीएम नरेंद्र मोदी, प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष सहित पूरी टीम का धन्यवाद करती हूं, क्योंकि उन लोगों ने एक साधारण कार्यकर्ता को इस पद के लिए मौका दिया है। मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं। एक साधारण कार्यकर्ता के तौर पर मुझे अब एक दायित्व के साथ काम करने का अवसर मिला है। मैं पूरी तरह से इस पर खरा उतरने की कोशिश करूंगी। उन्होंने कहा कि मैं एक हाउसवाइफ से अब राजनीतिक मैदान में आ रही हूं। मैं शुरू से ही एक सामाजिक कार्यकर्ता और पार्टी कार्यकर्ता के रूप में थोड़ी बहुत सक्रिय रही हूं, लेकिन अब मुझे एक जिम्मेदारी के साथ बाहर निकलना पड़ेगा। इसके लिए मैं पूरी तरह से तैयार हूं। मैं जनता के साथ हमेशा खड़ी रहूंगी।

पिछले पांच सालों में जो भ्रष्ट सरकार रही है, उससे जनता त्रस्त है। खासकर महिलाओं के साथ जो हुआ है, वह सभी जानते हैं। अब जनता जागरूक हो चुकी है और मुझे विश्वास है कि इस बार बीजेपी की सरकार आएगी। उन्होंने आगे कहा कि अगर मैं पोटका से चुनाव जीतती हूं, तो क्षेत्र की जनता की सभी समस्याओं का समाधान करने का काम करुंगी। जनता की हर समस्या मेरी समस्या होगी। बता दें बीजेपी ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए 66 सीटों पर उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में बाबूलाल मरांडी, चंपई सोरेन, अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा, अमर कुमार बाउरी, चंपई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन, रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास साहू के नाम का ऐलान किया है। बीजेपी राज्य की 81 में से 68 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने का ऐलान कर चुकी है। राज्य में 13 नवंबर और 20 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा।

# एयरलाइंस को लगातार मिली धमकियों के बाद डीजीसीए प्रमुख हटाए गए

### एनआई और आईबी से रिपोर्ट मांगी गई

नई दिल्ली। विभिन्न एयरलाइंस को लगातार मिल रही धमकियों के बाद केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने डीजीसीए (नागरिक उड्डयन महानिदेशालय) के प्रमुख विक्रम देव दत्त को उनके पद से हटाकर कोयला मंत्रालय में सचिव नियुक्त कर दिया है। यह फैसला एयरलाइंस को मिलीं धमकियों से जोड़ कर देखा जा रहा है। गौरतलब है कि शनिवार को ही 30 से अधिक विमानों को बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं थीं, जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। विगत दिनों से में बम से विमान को उड़ाने की धमकियों के बाद विमानों की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई और पूरी जांच के बाद उन्हें रवाना किया



गया, लेकिन इस प्रक्रिया में सैकड़ों यात्री घंटों तक परेशान रहे। केंद्र सरकार ने इस गंभीर स्थिति पर तत्काल कदम उठाते हुए सिविल एविएशन मिनिस्ट्री और ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इसके साथ ही, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सीआईएसएफ, एनआई, और आईबी को भी इस मामले पर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

# सम्मानजनक सीटें नहीं मिलीं तो राजद लेगा बड़ा निर्णय : मनोज झा

रांची : राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद मनोज झा ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में कहा कि अगर कल सुबह 11 बजे तक इंडिया गठबंधन के बीच सीटों के बंटवारे में राजद को सम्मानजनक सीटें नहीं मिलती हैं, तो पार्टी बड़ा निर्णय लेगी. उन्होंने कांग्रेस और झामुमो को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर बात नहीं बनी तो कल राजद अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर देगा. सांसद मनोज झा ने कहा कि इंडिया गठबंधन के गठन में राजद की अहम भूमिका थी. झारखंड के




निर्माण में पार्टी की अहम भूमिका रही है. राष्ट्रीय जनता दल किसी को नुकसान पहुंचाना नहीं चाहता है. अगर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री बनाना है तो झामुमो और कांग्रेस को बड़ा दिल दिखाना होगा. मनोज झा ने कहा कि पिछली बार हम लोगों ने सात सीटों पर चुनाव लड़ा था, जिसमें एक सीट पर जीत हासिल की.

# महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की पहली लिस्ट में 71 मौजूदा विधायकों को टिकट

मुंबई : महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों को अब करीब एक महीने का समय रह गया है। इस बीच 288 सीट वाली विधानसभा के लिए भाजपा ने 99 उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। भाजपा ने इस चुनाव में 71 मौजूदा विधायकों को टिकट दिया है।

यानी पार्टी ने अपने पुराने निर्वाचित नेताओं पर भरोसा जताया है। इतना ही नहीं भाजपा की तरफ से इस बार सूची में 13 महिला उम्मीदवारों का भी नाम है। भाजपा ने अनुसूचित जनजाति से छह और अनुसूचित जाति से चार उम्मीदवारों को भी टिकट दिया है।

### कितने नेताओं के टिकट कटे?

भाजपा ने इस बार सिर्फ तीन विधायकों के टिकट काटे हैं। जिन नेताओं के टिकट छीने गए हैं, उनमें पुणे के चिंचवड़ से विधायक अश्विनी जगताप, ठाणे जिले की कल्याण पूर्व सीट से विधायक गणपत गायकवाड़ और अहिल्यानगर जिले की श्रीगोंडा सीट से विधायक बबनराव पचपुटे शामिल हैं।

### इनकी जगह किसे दिया गया टिकट?

भाजपा ने पुणे चिंचवड़ सीट से अश्विनी जगताप की जगह उनके पति के भाई शंकर जगताप को टिकट दिया गया है। इसके अलावा कल्याण पूर्व विधानसभा सीट से पूर्व विधायक गणपत गायकवाड़ की जगह उनकी पत्नी सुलभा गायकवाड़ को टिकट दिया गया है। वहीं, श्रीगोंडा सीट से बबनराव पचपुटे की जगह उनकी पत्नी प्रतिभा पचपुटे चुनाव लड़ेंगी। पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण की बेटी श्रीजया चव्हाण को नांदेड़ जिले की भोकर विधानसभा सीट से टिकट शामिल है। चव्हाण लोकसभा चुनाव से पहले इस साल फरवरी में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। वह फिलहाल भाजपा के राज्यसभा

# ममता सरकार से बैठक के लिए तैयार आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टर, लेकिन भूख हड़ताल खत्म करने की शर्त ठुकराई

कोलकाता : पश्चिम बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर के दुष्कर्म-हत्या मामले में राज्य सरकार और डॉक्टरों के बीच टकराव बना हुआ है। दरअसल, डॉक्टर लगातार सुरक्षा और अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। हालांकि, सरकार की तरफ से कुछ मामलों में प्रतिक्रिया न आने और अन्य मांगों को नकारे जाने के चलते डॉक्टरों ने प्रदर्शन जारी रखा है। इस बीच जूनियर डॉक्टरों ने कहा है कि वह सोमवार को बंगाल सरकार के साथ मांगों को लेकर बैठक में शामिल होंगे, लेकिन भूख हड़ताल पर फैसला इस बैठक के नतीजों के बाद ही होगा।




गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों से अपील की थी कि वह अपनी भूख हड़ताल को खत्म करें। ममता ने दावा गकिया था कि उनकी ज्यादातर मांगें मान ली गई हैं। हालांकि, जूनियर डॉक्टरों की राज्य के स्वास्थ्य सचिव को हटाने की मांग को नहीं माना गया। चिकित्सक स्वास्थ्य सचिव निगम को हटाने के अलावा चिकित्सा महाविद्यालयों में चुनाव कराने की भी मांग कर रहे हैं। बंगाल के जूनियर डॉक्टरों की सामान्य निकाय की बैठक के बाद प्रदर्शनकारी डॉक्टर देबाशीष हल्दर ने कहा, "हम बैठक में हिस्सा लेंगे, लेकिन उससे पहले भूख हड़ताल खत्म नहीं की जाएगी। बैठक में होने वाले निर्णयों के बाद ही फैसला होगा कि प्रदर्शन किस रूप में जारी रहेगा। बता दें कि मुख्य सचिव मनोज पंत ने जूनियर डॉक्टरों को सोमवार को सीएम ममता बनर्जी से 45 मिनट की चर्चा के लिए राज्य सचिवालय बुलाया है। हालांकि, इसके लिए भूख हड़ताल खत्म करने की शर्त रखी गई है। इस बीच जूनियर डॉक्टरों ने स्वास्थ्य सचिव एनएस निगम के इस्तीफे की मांग जारी रखी है।

### पांच अक्तूबर से हड़ताल पर कई जूनियर डॉक्टर

हल्दर ने भूख हड़ताल में शामिल होने वालों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जाहिर की और बताया कि मौजूदा समय में भूख हड़ताल कर रहे आठ डॉक्टरों में से तीन पांच अक्तूबर से, दो 11 अक्तूबर से, एक 14 अक्तूबर से और दो 15 अक्तूबर से हड़ताल पर हैं। भूख हड़ताल करने वाले छह अन्य चिकित्सक गंभीर रूप से बीमार पड़ गए हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। मुख्य सचिव मनोज पंत और गृह सचिव नंदिनी चक्रवर्ती ने भी शनिवार को एस्प्लेनेड स्थित धरनास्थल का दौरा किया था। इस दौरान मुख्यमंत्री ने फोन के जरिए प्रदर्शनकारी चिकित्सकों से बात करते हुए कहा था, ''हर किसी को विरोध करने का अधिकार है, लेकिन इसका असर स्वास्थ्य सेवाओं पर नहीं पड़ना चाहिए। मैं आप सभी से अनुरोध करूंगी कि आप अपनी भूख हड़ताल वापस ले लें।''आंदोलनकारी चिकित्सकों के साथ राज्यभर के उनके सहकर्मी भी शामिल हो गए हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वे 22 अक्तूबर को पश्चिम बंगाल में सभी चिकित्सा पेशेवरों की हड़ताल आयोजित कर विरोध और तेज करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व विधायक जनार्दन पासवान ने लोजपा (आर) का थामा दामन



रांची : पूर्व विधायक जनार्दन पासवान ने रविवार को नई दिल्ली में लोजपा (आर) का दामन थाम लिया. जनार्दन पासवान ने पार्टी के राष्ट्रीय महासिचव अब्दुल खालिक और झारखंड प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान की उपस्थिति में लोजपा (आर) की सदस्यता ग्रहण की. सदस्यता ग्रहण करने के बाद पासवान ने चिराग पासवान से भी मुलाकात की और चतरा सीट से अपनी दावेदारी के लिए आग्रह भी किया. बताते चलें कि जनार्दन पासवान 1995 में जनता दल के टिकट पर चुनाव जीते थे. फिर 2009 में राजद के टिकट पर जीत हासिल की थी.

### धनबाद मंडल कारा में कैदी की मौत

धनबाद(ईएमएस)।धनबाद मंडल कारा में बंद कैदी सोबरन चौहान की रविवार को अचानक मौत हो गई। शराब के अवैध कारोबार में चार दिन पहले हुई छापेमारी में पुलिस ने केंदुआ से उसे गिरफ्तार किया था।कागजी प्रक्रिया पूरी कर केदुआडीह थाना पुलिस ने उसे जेल भेजा था। कैदी सोबरन चौहान की मौत की सूचना पर उसके परिजन मंडल कारा पहुंच गए हैं।परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।जेल प्रशासन अभी इस मामले में कुछ भी बोलने से परहेज कर रहा है।

### झारखंड पार्टी ने पांच उम्मीदवारों की सूची जारी की

रांचीः झारखंड पार्टी ने रविवार को पांच उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी. इसमें खास बात यह है कि तमाड़ से पूर्व विधायक रमेश सिंह मुंडा के पुत्र राजकुमार मुंडा को उम्मीदवार बनाया है. वहीं राजकुमार मुंडा के भाई विकास मुंडा के झामुमो के टिकट पर चुनाव लड़ने की संभावना है. चार दिन पहले भी पार्टी ने पांच उम्मीदवारों की सूची जारी की थी. इसमें मनोहरपुर से महेंद्र जमुदा, सिमडेगा से आयरिन एक्का, चाईबासा से कोलंबस हांसदा, कांके से अनिल कुमार पासवान और कोलेबिरा से संदेश एक्का का उम्मीदवार बनाया गया है. अब तक पार्टी ने 10 उम्मीदवार घोषित कर दिए गए हैं. झारखंड पार्टी ने 20 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है.

### रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने की समीक्षा बैठक




रांची : विधानसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीआईजी अनूप बिरथरे ने समीक्षा बैठक की. वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर समीक्षा बैठक की. इस मौके पर डीआईजी ने चुनाव को लेकर जिले मे सुरक्षा को लेकर पुलिस की तैयारी की जानकारी ली. डीआईजी ने जिले के उग्रवाद प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों को पूरी तरह एहतियात बरतते हुए ड्यूटी करने का निर्देश दिया है. इसके अलावा उन्होंने कहा कि जिलों में एस ड्राईव चलाकर लंबित वारंट, कुर्कियों, लंबित काण्डों का शीघ्र निष्पादन, लाइसेंसी हथियारों के संबंध में, सक्रिय अपराधकर्मियों और अन्य उपद्रवियों को चिन्हित करते हुए उन पर कार्रवाई की स्थिति के संदर्भ में समीक्षा की. उन्होंने अन्तर्राज्यीय सीमा क्षेत्रों से लगने वाले जिलों के पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि उनके क्षेत्र से लगने वाले अन्तर्राज्यीय चेक पोस्ट को सक्रिय करने का निर्देश दिए.


### जम्मू-कश्मीर के डोडा में लगे भूकंप के झटके, नुकसान की सूचना नहीं

श्रीनगर,(ईएमएस)। जम्मू-कश्मीर के डोडा में रविवार को भूकंप के झटके लगे। यह 29 घंटों में दूसरी बार महसूस किए गए, जब लोगों ने धरती हिलते हुए महसूस किया। रविवार सुबह करीब 11 बजकर 21 मिनट पर 3.7 की तीव्रता के भूकंप ने डोडा को हिला दिया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक इस भूकंप का केंद्र धरती की 5 किलोमीटर की गहराई में स्थिति था और इसका स्थान अक्षांश 33.00 डिग्री उत्तर और देशांतर 75.94 डिग्री पूर्व पर था। भूकंप से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। इससे पहले शनिवार को भी डोडा जिले में 4.3 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। इस भूकंप का केंद्र डोडा जिले के गुंडोह क्षेत्र में था और यह झटका शाम करीब सवा 6 बजे महसूस किया गया था। डोडा जिले में लगातार भूकंप के झटके सामने आने के बाद लोग चिंतित हैं, लेकिन अब तक किसी प्रकार के भारी नुकसान की सूचना नहीं है। इससे पहले 13 अक्टूबर को भी डोडा में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। साथ 13 अक्टूबर को असम के गुवाहाटी जिले में भी 4.6 की तीव्रता वाला भूकंप आया था। 12 अक्टूबर को हिमाचल में भी भूकंप के झटके लगे थे।

### तिहाड़ से रिहा हुए आप नेता सत्येंद्र जैन ने कहा, महीनों तन्हा बैरक में रखा

#### मनी लॉड्रिंग मामले में 2022 से बंद रहे

नई दिल्ली,(ईएमएस)। मनी लॉन्ड्रिंग केस में तिहाड़ जेल में 2022 से बंद रहे आम आदमी पार्टी नेता और दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को राउज एवेन्यू कोर्ट से जमानत मिलने के बाद जेल से रिहा कर दिया गया है। जेल से बाहर आने के बाद जैन ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला, आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें और आप नेताओं को राजनीतिक रूप से



दबाने की साजिश के तहत केस में फंसाया गया। आप नेता जैन ने जेल में अपने अनुभव को साझा करते हुए दावा किया, कि मुझे महीनों तक एकांत कारावास में रखा गया था, और मेरी हालत इतनी खराब हो गई थी कि मैं लगभग मर ही गया था। उन्होंने आरोप लगाया, कि केंद्र सरकार का उद्देश्य उन्हें, मनीष सिसोदिया और अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर आप नेताओं को तोड़ना है। सत्येंद्र जैन ने जेल में अपनी कठिनाइयों का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी सेहत पर बुरा असर पड़ा है और इस कारण उनका 40 किलो तक वजन घट गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### तीन सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति

बोकारो(ईएमएस)।बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति इस बार विधानसभा चुनाव में बोकारो जिले की तीन सीटों पर अपना उम्मीदवार उतारेगी।यह निर्णय रविवार को समिति के अध्यक्ष सह अधिवक्ता संघ तेनुघाट के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया।मिश्रा ने कहा कि बेरमो को जिला बनाने के लिए यह जरूरी है कि समिति से जुड़े लोग चुनकर विधानसभा में जाएं और वहां मजबूती के साथ अपनी बातें रखकर बेरमो को जिला बनाने का काम करें।बैठक में गोमिया, बेरमो व डुमरी सीट पर उम्मीदवार उतारने पर सहमति बनी।गोमिया सीट से संतोष कुमार नायक, बेरमो सीट से कुलदीप प्रजापति या नारायण प्रजापति के नाम पर चर्चा हुई।समिति ने निर्णय लिया कि एक-दो दिनों में उम्मीदवार के नाम की आधिकारिक घोषणा कर दी जाएगी।बैठक में समिति के महासचिव वकील कुमार महतो, संयोजक संतोष कुमार नायक, कुलदीप प्रजापति, नारायण प्रजापति, मिथुन चंद्रवंशी आदि मौजूद थे।

### वन विभाग ने अवैध घरों को जेसीबी से तोड़ा

पूर्वी सिंहभूम(ईएमएस)। गुड़ाबांदा प्रखंड के मुढ़ाकाटी पंचायत अंतर्गत पहाड़पुर वन क्षेत्र में वन विभाग द्वारा एक मकान को जेसीबी से तोड़ दिया गया। विभाग के मुताबिक वन विभाग की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर पक्का मकान का निर्माण किया जा रहा था। वनाधिकार समिति पहाड़पुर द्वारा अवैध कब्जा किए जाने की सूचना वन विभाग को देते हुए अवैध कब्जा हटाने की मांग की गई थी। वन विभाग के मुताबिक सुरंजन महतो द्वारा एक वर्ष पूर्व वन विभाग के एक एकड़ से अधिक जमीन पर कब्जा करते हुए पक्का मकान बनाया जा रहा था। वनाधिकार समिति द्वारा मना करने के बावजूद निर्माण जारी रखा गया। इसके कारण वन विभाग ने कार्रवाई की। वन क्षेत्र में बनाए गए निर्माण को जेसीबी मशीन से तोड़कर समतल कर दिया गया। इधर घर बनाने वाले बिना पूर्व सूचना के घर तोड़ने की बात कही है।

### विधायक सुखराम उरांव के आवास पर कई लोगों ने ली झामुमो की सदस्यता

पश्चिमी सिंहभूम (ईएमएस)। चक्रधरपुर के वनमालीपुर स्थित विधायक सुखराम उरांव के आवास में रविवार को कई लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।जहां विधायक सुखराम उरांव ने सभी को फूल माला पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई।इस मौके पर बंदगांव प्रखंड की घाटी नीचे के ओटार गांव से सत्यजीत महतो, अजीत महतो, विकास महतो, राजा महतो, मोहन मांझी, ब्रजो मांझी, गंगाराम मुंडा, शक्ति खंडाईत, राजेश खंडाईत, मंगल खंडाईत, अमरीका नायक, बासीराम दिग्गी, सोनाराम दिग्गी, रामनाथ गुंडुवा, प्रफुल्लो खंडाईत, दिनेश नायक, अजय खंडाईत, जयराम नायक, सदाशिव लोहार, प्रसेनजीत खंडाईत, संतोषी प्रधान, मंजू महतो, मुन्नी कुमारी, अंजना खण्डाइत, सरोजनी महतो, पिंकी खण्डाइत समेत अन्य ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की।

### सभी विधानसभा सीटों पर खिलेगा कमल : संजय सेठ

रांची(ईएमएस)।भाजपा रांची विधानसभा के सात सांगठनिक मंडलों की विस्तारित बैठक रविवार को महानगर अध्यक्ष वरूण साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि कार्यकर्ता कमर कस कर तैयार हो जाएं।इस बार पूरे झारखंड में एनडीए की लहर है।रांची सहित पूरे 81 विधानसभा में कमल खिलना तय है।हेमंत सरकार के वादाखिलाफी के खिलाफ जनता गोलबंद हो चुकी है। इस बार सरकार की विदाई तय है। भाजपा प्रत्याशी सीपी सिंह ने कहा कि पार्टी ने मुझे 7 वीं बार जनसेवा का मौका दिया है।हम जनता के आकांक्षाओं पर खरा उतरेंगे।उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर जनसंपर्क करने का आह्वान किया। महानगर अध्यक्ष वरूण साहू ने कहा कि इस बार रांची महानगर के सभी 4 सीटों पर महानगर के कार्यकर्ता कमल खिलाने के लिए तैयार हैं।बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह, हरविंद्र सिंह बेदी, संजय जयसवाल, मुकेश मुक्ता, राजेंद्र केशरी, प्रेम मित्तल, ललित ओझा, राजू सिंह, बसंत दास, संजीव चौधरी, विनय सिंह, राहुल चौधरी, ओम प्रकाश, अशोक यादव, देवेंद्र शर्मा, सोनू सिंह, अश्विनी सिखुजा, राकेश शर्मा, पायल सोनी, मोर्चा अध्यक्ष, सभी शक्ति केंद्र के संयोजक, सह संयोजक, प्रभारी एवं बूथ अध्यक्ष उपस्थित थे।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त और एसपी ने सीमावर्ती गोमिया चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया

बोकारो(ईएमएस)।विधानसभा चुनाव को देखते हुए बोकारो जिला प्रशासन पूरी तरह चौकस है।डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव व एसपी मनोज सवर्गिया ने रविवार को सीमावर्ती गोमिया चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया।उन्होंने चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त स्टैटिक सर्विलांस टीम को जिले में प्रवेश करने वाले सभी छोटे-बड़े वाहनों की सघनता से जांच करने और रजिस्ट्री में उनकी इंट्री करने का निर्देश दिया।आपत्तिजनक सामग्री जैसे शराब, मोटी राशि आदि मिलती है, तो जब्त कर तुरंत जिला प्रशासन को सूचना दें। डीसी व एसपी ने चेकपोस्ट पर करीब एक घंटा तक रुककर स्वयं वाहनों की जांच की।वाहनों के डैस बोर्ड, डिक्की आदि की बारीकी से जांच की गई. उनके साथ डीडीसी गिरजा शंकर प्रसाद, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी एसडीओ समेत अन्य पदाधिकारी भी थे।

### चतरा में मिट्टी के खदान में दब कर एक लड़के की मौत

चतरा(ईएमएस)।चतरा जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र अंतर्गत सिलदाग पंचायत के सुदूरवर्ती गांव बनवार में मिट्टी के खदान में दब कर एक लड़के की मौत हो गई।मृतक की पहचान ग्राम बनवार निवासी केशव यादव के 14 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार के रूप में की गई है।जानकारी के अनुसार आयुष दीपावली के अवसर पर घर की लिपाई पुताई के लिए काली मिट्टी लाने दलदलिया नदी किनारे स्थित खदान से मिट्टी लाने गया था।आयुष खदान के अन्दर घुसकर मिट्टी खुदाई कर रहा था।इसी दौरान खदान धंस जाने के कारण मौके पर उसकी मौत हो गई।इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं घटना को लेकर दीपावली की खुशी मातम में बदल गई है। गांव में मातम छाया हुआ है।

### पश्चिमी सिंहभूम में ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार का बनाया मन

पश्चिमी सिंहभूम (ईएमएस)।पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव प्रखंड के नकटी पंचायत के बंगरासाई गांव में नाला पर निर्माण नहीं होने व विकास कार्य से गांव को वंचित रखे जाने से नाराज ग्रामीणों ने रविवार को बैठक की।बैठक में विधानसभा चुनाव में वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया।ग्रामीणों ने कहा कि बंगरासाई गांव स्थित बड़ा नाला पर पुल निर्माण की मांग वर्षों से की जा रही है, लेकिन जन प्रतिनिधियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। बारिश के मौसम में नाला में पानी भर जाने के कारण विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने में परेशानी होती है।वहीं गांव में अगर कोई व्यक्ति बीमार पड़ जाता है तो लंबी दूरी तय कर कीचड़मय रास्ते से उसे अस्पताल ले जाना पड़ता है। जन प्रतिनिधि चुनाव के वक्त गांव पहुंचते हैं।

### हजारीबाग के बिरहोर टोला में चला स्वीप कार्यक्रम

हजारीबाग(ईएमएस)। विधानसभा आम चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद की अगुवाई में रविवार को बरही प्रखंड के केवाल गांव के बिरहोर टोला में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे,जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, बरही एसडीओ जोगन टुडू, बरही बीडीओ एवं सीओ मौजूद रहे।इस दौरान बिरहोर समुदाय के लोगो के बीच नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मौके पर उप विकास आयुक्त ने बताया कि केवाल के बिरहोर टोला में लगभग सौ मतदाता है, जिनकी चुनावी भागीदारी आवश्यक है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा पार्टी हटिया में अजय नाथ शाहदेव को ही प्रत्याशी बनाएं



रांची(ईएमएस)। कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव के समर्थन में रविवार को रातू में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक बैठक का आयोजन किया। कार्यकर्ताओं ने एक स्वर से कहा कि कांग्रेस के महासचिव अजय नाथ शाहदेव पिछले पांच वर्षों से लगातार हमारे सुख दुख में हैं। एक फोन करने पर वे हमारे पास दौड़े चले आते हैं। हमने उनके साथ क़दम से क़दम मिलाकर कांग्रेस पार्टी को सींचकर मजबूत किया है और अब जब चुनाव लडने की बारी आयी तो विरोधी लोग अजय नाथ शाहदेव का टिकट काटने की साज़िश कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि हमलोग अजय नाथ शाहदेव के साथ मजबूती से हैं और कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व से अनुरोध करते हैं कि साजिश करने वाले नेताओं की पहचान करें और उन्हें पार्टी से किनारे करें। 2019 के विधानसभा चुनाव में भी ऐसे नेताओं ने खुलकर पार्टी उम्मीदवार अजय नाथ शाहदेव को हराने का काम किया था और अब फिर से वे साजिश पर उतर आए हैं। हटिया की जनता वर्तमान भाजपा विधायक से नाखुश हैं और हर हाल में परिवर्तन चाहते हैं। ऐसे समय में जब हम जंग जीतने के करीब हैं तब साजिशन अजय नाथ शाहदेव के खिलाफ दुष्प्रचार किया जा रहा है।

बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि हटिया की जनता के प्यार और स्नेह ने उन्हें भावुक कर दिया है। आज मुश्किल परिस्थितियों में आम जनता और कार्यकताओं ने मेरा मनोबल बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि वे कांग्रेस पार्टी की नीतियों पर चलने वाले एक साधारण से कार्यकर्ता हैं। राहुल गांधी जी ने जिस तरह पूरे देश में यात्रा कर भारत के जनता को जोड़ने का काम किया ठीक उसके उलट स्थानीय नेता पार्टी को तोड़ने और कमजोर करने की साज़िश में लग गए हैं।श्री शाहदेव ने कहा कि मेरे खिलाफ भाजपा में जाने का दुष्प्रचार किया गया। कहा गया कि मैंने भाजपा ज्वाइन कर लिया है।ये सारी बातें फैलाने वाले कोई और नहीं बल्कि हटिया से मेरे टिकट कटवाने वाले मेरे राजनीतिक विरोधी हैं। मैंने इसका खंडन भी किया। कुछ लोग नहीं चाहते कि कांग्रेस पार्टी की हटिया विधानसभा में जीत हो।वे पार्टी को कमजोर करने का काम कर रहे हैं। वे मेरा टिकट भर नहीं काट रहे बल्कि भाजपा के प्रत्याशी को जिताने का काम भी कर रहे हैं। मैं पूरे समर्पण के साथ कांग्रेस पार्टी में हूं और आगे भी पार्टी की मजबूती के लिए काम करता रहूंगा। हटिया विधानसभा की देवतुल्य जनता आज जिस तरह से मेरे साथ है इससे मेरा मनोबल मजबूत हुआ है।आम जनता और कार्यकताओं का मेरे प्रति स्नेह व निस्वार्थ साथ ही मेरी पूंजी है। मैं धन्य हूं कि इस परिस्थिति में सभी मजबूती से मेरे साथ खड़े हैं। मैं सभी के प्रति कृतज्ञ हूं। मुझे आशा ही नहीं विश्वास है कि पार्टी हटिया विधानसभा में सही निर्णय लेगी। बैठक को रातु प्रखंड अध्यक्ष कुशल उरांव, नगड़ी प्रखंड अध्यक्ष सहाबीर लोहरा, जिला महासचिव जसीम अंसारी,रातु प्रखंड महिला कांग्रेस अध्यक्ष शकुंतला देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य अमर उरांव, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी,रायमुनी किस्पोट्टा, ज्योति भगत, (मुखिया पुरियो), सुष्मिता तिर्की, पूर्व जिला परिषद सदस्य अकलीमा खातून, वरिष्ठ कांग्रेसी लक्ष्मी नारायण भगत, अर्चना देवी, कुसुम देवी, मुखिया सुखदेव उरांव, संजय साहू, शिवनाथ उरांव,हाजी मंसूर अंसारी, सुशांत तिर्की, धर्मेन्द्र राय, सोमा उरांव, मोनाजिर हसन, जमशेद अंसारी, हकीम अंसारी, सरवरी खातून, अख्तर अंसारी, लखन गोप, कृष्ण साहू, ओम दयाल, बीरू सिंह, प्रमोद सिंह, बंधन उरांव, प्रेमचंद मुंडा, संजीत गोप, गोयंदा उरांव, सुकरा उरांव, यासीन अंसारी, उषा देवी, लतीफ अंसारी,जाकीर अंसारी, अंसार, अतुल राज, रमेश शाहदेव ने बैठक को संबोधित किया।

### सतबरवा के मलय डैम में लहराया स्वीप का झंडा

## गुब्बारे उड़ाकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता जागरूकता का दिया संदेश



पलामू(ईएमएस)। आगामी विधानसभा चुनाव में जिले के सभी मतदाता अपने बूथ पर जाकर मतदान करें, इसके लिये स्वीप के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के नेतृत्व में अनोखी पहल करते हुए सतबरवा के मलय डैम में विन्हिन्न प्रकार की जल क्रीड़ा का आयोजन किया गया। इस दौरान डीईओ ने डैम के बीच से स्वीप का झण्डा को बुलंद किया,वहीं गुब्बारे उड़ाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।इस दौरान उपायुक्त, नगर आयुक्त जावेद हुसैन,छत्तरपुर एसडीओ आशीष गंगवार,सदर एसडीएम ने कयाकिंग का भी लुत्फ उठाया।इसके पूर्व सभी अधिकारियों ने मलय डैम परिसर में पौधरोपण भी किया।सतबरवा के मलय डैम परिसर में फ्यूचर के मतदाता,पहली बार के मतदाताओं द्वारा एक से बढ़कर एक आकर्षित करने वाले रंगोली बनाया गया था यह सभी रंगोली में मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेश लिखे गये थे।इसी तरह सभी फ्यूचर मतदाताओं ने चार्ट पेपर में पैंटिंग बनाकर लोगों से 13 नवंबर को मतदान करने की अपील की।वहीं कई छात्राओं ने अपने हाथों में मेहंदी लगाकर भी मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।इस अवसर पर सभी लोगों ने योगा भी किया।इस कार्य में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के बीच स्वीप की ओर से कॉफ़ी मग का वितरण किया गया।इस दौरान पूरे परिसर में मौजूद सभी लोगों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता प्रतिज्ञा भी दिलाई।इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि आज के इस गतिविधि में जैसे आप सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया ठीक वैसे ही आप सभी अपने दोस्तों व स्वजनों को 13 नवंबर को मतदान में भी हिस्सा लेने को लेकर जागरूक करें।उन्होंने कहा कि याद रखें 13 नवंबर आपको अपनी सरकार चुनने का दिन है इससे कतई न चुकें।इस अवसर पर मासूम आर्ट ग्रुप के द्वारा 13 नवंबर अवकाश का दिन नहीं,मतदान करने का है थीम पर आधारित नुक्कड़ नाटक किया जो लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा।पूरे परिसर में आये लोगों के बीच मतदाता जागरूकता का संदेश लिखे 300 से अधिक टी शर्ट का वितरण किया गया।परिसर में आये लोगों के लिये कॉफ़ी,समोसे व खाने में खिचड़ी की भी व्यवस्था की गई थी।मौके पर उपरोक्त के अलावे पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन,अपर समाहर्ता,आपूर्ति पदाधिकारी,समाज कल्याण पदाधिकारी,समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।इसके अलावे बड़ी संख्या में मेडिकल व इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राएं समेत बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एसवीएमएस के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की मुलाकात



रांची : शिशु विकास मंदिर समिति (एसवीएमएस) के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार राजभवन में अखिलेश्वर नाथ मिश्र के नेतृत्व में राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की. प्रतिनिधिमंडल ने 26 अक्तूबर को विद्यालय में होने वाले विज्ञान एवं वाणिज्य मेला के उद्घाटन समारोह के लिए राज्यपाल को आमंत्रित किया. प्रतिनिधिमंडल में स्कूल के प्राचार्य ललन कुमार, सहित सुनील पांडेय, रीतेश झा और सहकार भारती शामिल थे.

## सीट बंटवारे से नाराज तमाड़ के आजसू कार्यकता

### नाराजगी दूर करने बुंडू पहुंचे सुदेश कुमार महतो

खूंटी (ईएमएस)। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए के अंदर सीटों का बंटवारा लगभग तय माना जा रहा है लेकिन अभी भी पूरी तस्वीर फिलहाल साफ नहीं हो पाई है। एनडीए के सहयोगी दल आजसू को 10 सीटें, जदयू 2 और लोजपा को 1 सीट पर चुनाव लड़ने पंर सहमति बनी है जबकि अन्य शेष सभी सीटें भाजपा के खाते में है। सीट बंटवारे में रांची के तमाड़ विधानसभा सीट पर जदयू के गोपाल कृष्ण पातर को टिकट मिलने की जानकारी से विधनसभा क्षेत्र के आजसू पार्टी में बिखराव वाली स्थिति उत्पन्न हो गई है। साल 2014 में आजसू के टिकट पर विकास सिंह मुंडा विधायक बने थे हालांकि अब झामुमो के विधायक है। उसके बाद से आजसू इस सीट पर दावा करती रही थी लेकिन 2019 में राम दुर्लभ सिंह मुंडा चुनाव लड़े और झामुमो के उम्मीदवार विकास मुंडा ने उन्हें हरा दिया था। 2024 विधानसभा चुनाव को लेकर भी आजसू पूरी तरह तैयार थी लेकिन अचानक जदयू के खाते में चले जाने से कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। जदयू को टिकट मिलने पर कार्यकर्ता कई खेमो में बंटा गए लेकिन को सुप्रीमो सुदेश महतो तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से मिलने बुंडू पहुंचे और उनसे सीधा संवाद किया। सुदेश महतो ने कार्यकर्ताओं से सहयोग करने की अपील की है हालांकि उन्होंने स्पष्ट नही किया है कि तमाड़ से टिकट किसको मिल रहा है।कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर करने में सुदेश महतो बुंडू पहुंचे और आधे घंटे तक कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत की। खासकर वैसे कार्यकर्ताओं से जो उम्मीदवार की उम्मदी लगाए बैठे थे और उनके पीछे हजारों कार्यकर्ता खड़े रहते है। कुछ सवालों के जवाब में उन्होंने टिकट बंटवारे का खुलासा किया लेकिन तमाड़ सीट को जदयू के खाते में जाने के सवाल पर चुप्पी साध लिए। उन्होंने बस इतना कहा कि जो तय हुआ है उसी पर फोकस करना बेहतर रहेगा।सुदेश महतो के जाने के बाद कार्यकर्ताओं ने बताया कि किसी भी हाल में जदयू के उम्मीदवार को सहयोग नही करेंगे। वही कुछ कार्यकर्ताओं ने कहा कि जैसे सुप्रीमो का आदेश होगा वो उसका पालन करेंगे। सबसे ज्यादा नाराजगी महिला कार्यकर्ताओं में दिखाई दी।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राज्य के सभी मतदाताओं से की अपील

## स्वयं भी मतदान करें और अपने आस पास के लोगों को भी करें प्रेरित

रांची(ईएमएस)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने राज्य के सभी मतदाताओं से अपील की है कि स्वयं भी मतदान करें और अपने आस पास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि मतदाता अपने अधिकार का सही इस्तेमाल करें एवं नैतिक मतदान के प्रति सजग बनें। वह रविवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उदेश्य से जागरूकता वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान मीडिया से मुखातिब थे।

श्री कुमार ने कहा कि विगत निर्वाचनों में जिन क्षेत्रों में कम मतदान हुआ है, उन सभी क्षेत्रों में इन प्रचार वाहनों के माध्यम से मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेश प्रसारित किए जाएंगे। इस हेतु कुल 36 प्रचार वाहन तैयार किए गए हैं, जो राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में घूम-घूमकर नैतिक मतदान के प्रति जागरूक करेगें। प्रयास रहेगा कि अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार के प्रयोग के प्रति जागरूक होकर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता निभाएं। प्रचार वाहनों को रवाना करने हेतु आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोक कलाकारों ने मतदाता जागरूकता से संबंधित स्थानीय लोकभाषा में मतदाता जागरूकता से संबंधित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन बाबत पूरे राज्य में स्थानीय थीमों को ध्यान में रखते हुए स्वीप के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।इस मौके पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता , उप निदेशक जनसंपर्क आनंद सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के सभी पदाधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे।

### रांची डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ के साथ की समीक्षात्मक बैठक

# विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर सभी मतदान केंद्रों में एमएमएफ होना अतिआवश्यक : डीसी

रांची : रांची डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने रविवार को समाहरणालय में सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ के साथ विधानसभा चुनाव 2024 से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की. इस दौरान डीसी ने संबंधित पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश का पालन सुनिश्चित रूप से कराने का निर्देश दिया गया. डीसी ने चुनाव से जुड़े सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी मतदान केंद्रों में (एमएमएफ) सुनिश्चित रूप से हो, जिसमें संकेत-सूचक, हैल्प डेस्क, शौचालय, पीने का पानी, अलग-अलग प्रवेश एवं निकास द्वार, प्रकाश व्यवस्था, फर्नीचर, रैंप यह सभी चीजें मतदान केंद्रों में सुनिश्चित रूप से हो यह सुनिश्चित पहले से कर ले. साथ ही सभी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी भौतिक सत्यापन जा कर लें. इसके अलावा किन मतदान केंद्रों में एमएमएफ की सुविधा है, कहा वैकल्पिक व्यवस्था उनके द्वारा की जा रही हैं, उसकी सूची बना ले. ताकि सारी व्यवस्था पूर्व से ही सुनिश्चित करा लिया जाए.

#### संवेदनशील बूथों की सूची बनाएं

डीसी ने विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को वैसे संवेदनशील बूथों की सूची बना लें, जहां पूर्व में चुनाव के दौरान कोई अप्रिय घटना या कोई विवाद हुआ हो. इसकी सूची जल्द बना लें ताकि इन संवेदनशील बूथों पर पुलिस फोर्स तैनात किया जा सकें, चौकसी बढ़ाया जा सकें.

#### मतदान केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था अच्छी हो

डीसी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की मतदान केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था अच्छी रहे, इसे लेकर संबंधित थाना प्रभारी के साथ बैठक करते हुए समन्वय बना लें. साथ ही संवेदनशील बूथों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल रहे यह सुनिश्चित कर लें. उन्होंने चुनाव से जुड़े पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी रुट चार्ट को बेहतर से देख लें, जहां बड़ी गाड़ी मतदान केंद्रों में नहीं पहुंच पाए, वहां छोटे वाहन दें. पोलिंग पार्टी को ईवीएम लेकर ज्यादा नहीं चलना पड़े इस पर विशेष ध्यान दें. बैठक में डीडीसी दिनेश कुमार यादव, एसडीओ उत्कर्ष कुमार एवं सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी,सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी उपस्थित थे.



## संक्षिप्त ख़बरें

### खंडित मूर्तियां देख लोगों ने किया हंगामा पुलिस की सक्रियता से आरोपी पकड़ाया

भागलपुर,(ईएमएस)। झारखंड सीमा से लगे बिहार के भागलपुर जिले के सन्हौला बाजार स्थित राम जानकी मंदिर में मूर्तियों को खंडित करने का मामला सामने आया है। इस घटना के विरोध में लोग सड़क पर उतर आए। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।जानकारी के मुताबिक सन्हौला बाजार के राम जानकी मंदिर में कुछ असामाजिक तत्वों ने मूर्तियों को क्षतिग्रहस् कर दिया, जिसके बाद लोगों में आक्रोश फैल गया। लोग बड़ी संख्या में एकत्रित होकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। लोगों ने इलाके की सड़कें जाम कर दी, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। लोगों ने घटना में शामिल दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस पूरे मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।भागलपुर एसपी कार्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि सन्हौला थाना अंतर्गत तालाब के पास स्थित मंदिर में दुर्गाजी, रामजी, लक्ष्मणजी, सीताजी और राधा-कृष्ण की मूर्ति का एक-एक हाथ अज्ञात व्यक्ति ने खंडित कर दिया। इस मामले में सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर मूर्ति खंडित करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। शांति समिति एवं गणमान्य व्यक्तियों के सदस्यों के साथ बैठक की गई है और इलाके में फ्लैग मार्च निकाला गया। स्थिति नियंत्रण में है और वर्तमान में विधि-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है। इसके साथ ही भागलपुर पुलिस ने लोगों से भ्रामक खबर और अफवाह न फैलाने की अपील करते हुए कहा है कि ऐसा करने पर आपके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### नशे में धुत होकर घर पहुंचे युवक की मौत

मुंगेर : नया रामनगर थाना क्षेत्र के रामनगर मोहल्ले में एक युवक की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। स्वजन का आरोप है कि अभिषेक राज उर्फ टिंकु कुमार पासवान (32) की मौत शराब सेवन से हुई है। मौत की खबर सुनते ही एसडीपीओ राजेश कुमार, ईस्ट कालोनी थानाध्यक्ष विपिन कुमार सिंह, नया रामनगर थाना अध्यक्ष पहुंचे और परिवार वालों से मामले की जानकारी ली। पुलिस ने शराब सेवन की जानकारी से इंकार किया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मुंगेर सदर अस्पताल भेजा है। रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह से पता चलेगा। पुलिस को भाई पवन कुमार ने बताया कि अभिषेक उसका बड़ा भाई था। मजदूरी करता था। शनिवार की रात आठ बजे नशे की हालत में घर पहुंचा और कहा कि तबीयत ठीक नहीं है। इस बीच कय-दस्त किया। इसके बाद भाई सोने चला गया। सुबह उठते ही लगातार कय-दस्त होने लगा हुई। इसके बाद बड़ी आशिकपुर स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। नया रामनगर थाना क्षेत्र के रामनगर बस्ती निवासी राजकुमार पासवान का पुत्र अभिषेक कुमार की संदेहास्पद मौत के बाद घर में मातम पसर गया है। अभिषेक के चार भाइयों में एक था। दो भाई बीएसएपी- नौ में पदस्थापित है, इसमें एक बांका जिले के बेलहर थाना में कांस्टेबल है। एक भाई पढ़ाई कर रहा है। एक बेटी है, उसकी शादी हो गई है। ग्रामीणों ने कहा कि जहरीली शराब से मौत हुई है। मृतक टिंकू कुमार पासवान के साथ पहुंचे उनके स्वजन व ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री खुलेआम हो रही है। यह मामला भी जहरीली शराब से जुड़ा है। अभिषेक जब शनिवार की रात घर पहुंचा तो मुंह से शराब सेवन की दुर्गंध आ रही थी और अचानक तबीयत काफी बिगड़ गई।

### गिरिराज सिंह बोले, भारत में गृह युद्ध चाह रहे राहुल गांधी

पूर्णिया : हिन्दू स्वाभिमान यात्रा के दौरान रविवार को केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह पूर्णिया के पॉलिटेक्निक स्थित भगवान भोले के मंदिर में रुद्राभिषेक किया और हवन किया। केंद्रीय मंत्री ने हिंदू स्वाभिमान पर पूर्णिया में आयोजित कई विभिन्न कार्यक्रम में सम्मलित हुए। मौके पर गिरिराज सिंह ने कहा कि राजद और कांग्रेस बिहार सहित पूरे देश में गृह युद्ध करवाना चाहता है। हिंदू भाइयों और बहनों को जबरन धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। हिन्दू स्वाभिमान यात्रा का मकसद हिन्दू भाई बहनों को जगाना है कि आप अपने धर्म और कर्त्तव्य के प्रति ईमानदार रहे। इसी उद्देश्य से हिंदुओं में जागरण पैदा करने के लिए यह यात्रा निकाली गई है। गिरिराज सिंह ने कहा कि बांग्लादेशी और रोहिंग्या द्वारा सीमांचल में लैंड जिहाद छेड़ा गया है। हिंदू भाइयों को जबरन धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। हिंदू बहू-बेटियों को सिंदूर लगाने पर रोका जा रहा है। इसी उद्देश्य से हिंदुओं में जागरण पैदा करने के लिए यह यात्रा निकाली गई है। राजद और कांग्रेस पूरे बिहार में गृह युद्ध करवाना चाह रही है। बेगूसराय और भागलपुर में हिंदू मंदिर की मूर्तियों को तोड़ी गई है और तोड़ने वाले किसी खास समुदाय के हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह सीमांचल के डेमोग्राफी में हो रहे बदलाव का मुद्दा वर्षों से उठते रहे हैं। लेकिन इस बार हिंदुओं को जगाने के लिए उन्होंने यात्रा निकाली है और हर जगह हिंदुओं को यह समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि सीमांचल के इलाके में किस तरह से हिंदुओं की जनसंख्या घट रही है और बांग्लादेशी रोहिंग्या लगातार इस इलाके पर अपना कब्जा जमा रहे हैं। ऐसे में आने वाला वक्त ही बताएगा की गिरिराज सिंह के इस यात्रा का सीमांचल पर कितना असर होगा। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि वे भारत में गृह युद्ध चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी को क्या फर्क पड़ता है, वे तो इटली भाग जाएंगे।

### दिनदहाड़े हथियार के बल पर ज्वेलरी दुकान में लूट

सीवान : घटना के संबंध में बताया जाता है कि सीवान जिले के नवतन थाना क्षेत्र के स्थित मदन चौक पर स्थित मनोज कुमार की ज्वेलरी की दुकान है। दुकान थाने से कुछ ही दूरी पर स्थित है। बताया जा रहा है कि दुकानदार दुकान में बैठे हुए थे। ग्राहक से डील कर रहे थे, तभी अचानक दो मोटरसाइकिल पर सवार तीन से चार अज्ञात अपराधी हथियार लेकर आए और पिस्तौल कनपटी पर तान दी। उसके बाद दुकान से सोने और चांदी के ज्वैलरी लूट ले गए। घटना के बाद वहां अफरातफरी का माहौल काम हो गया है। वहीं अपराधी हथियार लहराते हुए आसानी से फरार होने में कामयाब हो गए हैं। घटना के बाद दुकानदार ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं लूट की सूचना के बाद घटनास्थल पर सीवान एसपी अमितेश कुमार पहुंचे। बता दें कि लूटी गई ज्वेलरी की कीमत 10 से 12 लाख रुपए की बताई जा रही है। सीवान में दिनदहाड़े ज्वेलरी दुकान से लूट के मामले में सीवान एसपी अमितेश कुमार ने बताया कि ज्वेलरी दुकान में लूट की घटना की सूचना मिली है। घटनास्थल पर तुरंत थाना प्रभारी पहुंचे हुए हैं। वहां पर मौजूद लोगों से पूछताछ की गई तो पता चला की दो मोटरसाइकिल पर 4 अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया है।

### तीन लाख की नशीली दवा के साथ दो संदिग्ध गिरफ्तार



कैमूर : कैमूर जिले के मोहनिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 3 लाख की नशीली दवा के साथ दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पूरे मामले की जानकारी देते हुए मोहनिया डीएसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि हम लोगों को गुप्त सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति मोहनिया बस स्टैंड में कुछ नशीली दवाओं का कारोबार करते हैं। इसके बाद हम लोगों ने तुरंत टीम बनाकर मोहनियां बस स्टैंड में छापेमारी शुरू की, तभी दो व्यक्तियों पर शक हुआ। तब उनसे पुलिस की टीम के द्वारा समान की तलाशी ली गई तो उसमें से 3 लाख की नशीली दवा फेनिरामाइन इंजेक्शन, डिस्पोवन इंजेक्शन, डॉल्फिन इंजेक्शन बरामद किया गया। गिरफ्तार संदीप कुमार व पंकज कुमार से जब गहन तरीके से पूछताछ की गई तो उनके निशान देही पर रोहतास जिला के रहने वाले नरेंद्र कुमार के पास से भी 60 प्रतिबंध इंजेक्शन पाया गया। जहां तीनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा।

# जिस महिला की हत्या के मामले में पति और ससुर ने जेल काटी वो महिला जिंदा मिली



आरा(ईएमएस)। चार साल पहले एक महिला को दहेज हत्या के मामले में मृत घोषित कर दिया गया था, वो अब जिंदा मिली है। यह महिला किसी अन्य व्यक्ति के साथ शादी कर उसके साथ रह रही थी। इस केस में महिला के पहले पति और उसके ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगा था, और वे चार साल जेल में सजा काट चुके हैं। फिलहाल जमानत पर बाहर हैं। जब उन्हें पता चला कि जिसकी हत्या के आरोप में वे जेल में थे, वह महिला जिंदा है तो उनके होश उड़ गए और उन्होंने तुरंत इस मामले की जानकारी पुलिस को दी।दरअसल, इस महिला की शादी पहले बहुआरा छपरा में हुई थी। वह पति की प्रताड़ना से तंग आकर अपने मायके चली गई, लेकिन वहां भी उसकी दिक्कतें खत्म नहीं हुईं। महिला ने अपने पिता पर आरोप लगाया कि पिता उसके साथ गलत संबंध बनाने की कोशिश करता था। पिता के उत्पीड़न से तंग आकर महिला ने आत्महत्या का प्रयास किया और आरा स्टेशन पहुंची, लेकिन वहां एक व्यक्ति ने उसकी जान बचा ली। इसके बाद महिला ने उसी से शादी कर ली।इधर, महिला के पिता ने साल 2020 में बेटी की गुमशुदगी और दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया। इसी बीच सोन नदी के किनारे एक सड़ी-गली लाश मिली तो महिला के पिता ने उस लाश की पहचान अपनी बेटी के रूप में की। इसके बाद पुलिस ने महिला के पहले पति और उसके परिवार वालों को गिरफ्तार कर लिया। तब से महिला का पति और उसके परिवार के लोग जेल में थे। अब चार साल बाद पुलिस ने महिला को मीरगंज से बरामद किया है। महिला ने कहा कि पुलिस मेरे घर मीरगंज में आई और अपने साथ थाने ले गई। मेरे पिता ने झूठ बोलकर दूसरी महिला के मृत शव को मेरा शव मानकर झूठी एफआईआर कर पहले पति को फंसाया है। मैंने अपनी मर्जी से आरा के रहने वाले व्यक्ति से शादी की है। मेरे दो बच्चे हैं। मेरी जहां पहले शादी हुई थी, वो पति बहुत मारता था।महिला ने कहा कि परेशान होकर हम अपने मायके आ गए। यहां दो महीने बाद मेरी मां मर गईं, उसके बाद पिता मेरे साथ गलत संबंध बनाने की कोशिश करने लगा। परेशान होकर हम बस से आरा आए और जिंदगी खत्म करने की सोच रही थी, तभी एक व्यक्ति ने आकर जान बचा ली और वह अपने घर ले गया। इसके बाद मंदिर में उससे शादी कर ली। इसके बाद हमारे एक बेटा और एक बेटी भी हुई। इस पूरे मामले में एएसपी केके सिंह ने बताया कि चौरी थाने से जुड़ा एक मामला प्रकाश में आया है। साल 2020 में एक केस दर्ज हुआ था, जिसमें सोन नदी में डेड बॉडी मिली थी। उसकी पहचान घर वालों के द्वारा की गई थी कि वो हमारी बेटी है, लेकिन उस केस में अब ट्रायल भी हो चुका है और उसमें जो अभियुक्त थे, वे जेल भी गए थे। इसके बाद यह लड़की बरामद हुई है।

### आईसीयू में भर्ती मरीज से मिलने जा रहे थे परिजन, रोकने पर हुई मारपीट

मुज्जफरपुर : मामला ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र के जुरन छपरा का है। जहां पर बाबूराम नाम के मरीज के परिजन ने निजी अस्पताल के स्टाफ पर गंभीर आरोप लगाया है। जिसमें मारपीट और सिर फोड़ देने की बात कही गई है। जिसके बाद परिजनों ने इस दौरान जमकर हंगामा किया। पूरी घटना को लेकर के अस्पताल के प्रबंधक ने इनकार करते हुए कहा है निजी अस्पताल में इस प्रकार की कोई घटना नहीं हुई है। बल्कि मामला सड़क के पास की एक दुकान का है, जहां पर कुछ लोगों से विवाद था। मामले की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची ब्रह्मपुरा थाना पुलिस जांच में जुटी हुई है। घटना को लेकर आईसीयू में भर्ती बच्चे के परिजन ने बताया कि बच्चे का हाल चाल लेने के लिए गए थे। इसी दौरान में वहां पर मौजूद स्टाफ ने कहासुनी के बाद गाली गलौच कर दिया था। जिसके बाद हम लोग पास के एक दुकान में चले गए, जहां फिर से वह स्टाफ आ गया और गाली गलौज करने लगा। जिसके बाद मारपीट की नौबत आ गई और पास में रखे हुए एक बांस बल्ले को उठाकर सिर को फोड़ दिया और चला गया।

## सीएम अब महात्मा बनने का कर रहे हैं ढोंग

### नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने शराब को लेकर नीतीश पर लगाए गंभीर ओराप

पटना,(ईएमएस)। बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने सीएम नीतीश कुमार शराबबंदी मुद्दे को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। तेजस्वी ने ट्वीट कर नीतीश कुमार को जहरीली शराब से हजारों जान लेने वाला सीएम बताया है। उनका कहना था कि सीएम नीतीश ने शराबबंदी के नाम पर बिहार में शराब के अवैध कारोबार को बढ़ावा दिया और हजारों लोगों की जान ली।तेजस्वी ने आरोप लगाया कि सीएम नीतीश ने अपने शुरुआती 10 सालों में बिहार में शराब की खपत को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किया और अब अवैध शराब के व्यापार को बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सीएम नीतीश अब महात्मा बनने का ढोंग कर रहे हैं, जबकि वास्तविकता में उन्होंने शराब के कारोबार को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं।तेजस्वी ने 2004-2005 और 2014-2015 के बीच तुलना करते हुए कहा कि 2004-2005 में बिहार में शराब की दुकानें 500 से भी कम थीं, जो 2014-2015 में बढ़कर 2360 हो गईं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सीएम नीतीश के शासनकाल में शराब की दुकानों की संख्या में भारी बढ़ोतरी हुई, जो पहले 58 सालों में औसतन 51 दुकानों के हिसाब से खुलती थीं, वही 2005 से 2015 के बीच हर साल औसतन 300 दुकानों का खुलना एक बड़ा बदलाव था।नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि शराबबंदी के बावजूद बिहार में शराब पीने वालों की संख्या महाराष्ट्र से भी ज्यादा है। उन्होंने राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि बिहार में 15.5 फीसदी पुरुष शराब पीते हैं, जबकि महाराष्ट्र में यह आंकड़ा केवल 13.9 फीसदी है।नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने कहा कि शराबबंदी के बावजूद अवैध शराब का कारोबार बदस्तूर जारी है। हर दिन औसतन 400 से ज्यादा लोग शराब से जुड़े मामलों में गिरफ्तार होते हैं और मद्य निषेध विभाग हर दिन करीब 6600 छापेमारी करता है, लेकिन इसके बावजूद अवैध शराब की तस्करी और बिक्री नहीं रुकी है। इस तरह, तेजस्वी ने नीतीश कुमार की शराबबंदी की नीति पर सवाल खड़े कर दिए और इसे केवल एक दिखावा करार दिया। उनका कहना था कि इस स्थिति से यह साफ होता है कि बिहार में शराब की समस्या नियंत्रण से बाहर हो चुकी है।

## हिमांचल में युवक की मौत पर बिहार में बवाल हंगामा देख बुजुर्ग को आया हार्ट अटैक

सुपौल : सुपौल जिले के करजाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत मोतीपुर धत्ता टोला में रविवार को दो पक्षों के बीच तनाव का माहौल बन गया। हालांकि पुलिस की तत्परता से हालात नियंत्रित कर लिया गया है। दरअसल, धत्ता टोला वार्ड 7 निवासी भोला सिंह की गुरुवार को हिमाचल प्रदेश में मौत हो गई। हिमाचल में मजदूरी करने वाले भोला का शव शनिवार की देर शाम उसके घर पहुंचा। जिसके बाद परिजन ठेकेदार पर उसकी हत्या का आरोप लगाने लगे।इधर, शव पहुंचने के पहले ही भोला के परिजन पड़ोस के ही ठेकेदार अफजल के घर जा धमके और अफजल को बुलाने की मांग करने लगे। इस बीच अफजल के पिता मो शाहिद की हार्ट अटैक से मौत हो गई। जिसके बाद दोनों पक्ष के लोग आमने सामने हो गए।

#### भोला सड़क पर चलते हुए अचानक गिर गया

मृतक भोला सिंह की पत्नी सीमा देवी ने बताया कि स्थानीय अफजल बीते 12-13 वर्षों से हिमाचल में ठेकेदार है और मजदूर सप्लाई करता है। आरोप लगाया कि साजिश के तहत अफजल ने ही भोला की हत्या कर दी। हालांकि अफजल का कहना है कि भोला उसके साथ हिमाचल प्रदेश के करसौल में काम करता था। गुरुवार को भोला सड़क पर चलते हुए अचानक गिर गया। जिसके बाद उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराते हुए परिजनों की इच्छानुसार भोला का शव गांव लाया गया। इस बीच भोला के परिजन घर पर आ धमके और हृदय रोगी अफजल के पिता मो शाहिद को मार काट की धमकी देने लगे। जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ी और अस्पताल ले जाने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

#### दोनों पक्षों को समझा बुझा कर मामला शांत कराया

वहीं सूचना पर पहुंची करजाइन थाने की पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझा कर मामला शांत कराया। हालांकि रविवार की शाम तक दोनों शव का अंतिम संस्कार नहीं किया गया है।

## बाढ़ के बाद वीरपुर पहुंचे सीएम नीतीश के अधिकारी कहा, कोसी पर बनेगा नया बराज

सुपौल : सुपौल के वीरपुर पहुंचे जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने अभियंताओं के साथ रविवार को भीमनगर कोसी बराज का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने वहां की पूरी कार्यप्रणाली और समस्याओं की जानकारी ली। साथ ही अभियंताओं को जरूरी निर्देश भी दिए। प्रधान सचिव ने कहा कि बराज के अप और डाउन स्ट्रीम में अत्यधिक मात्रा में शिल्ट जमा है। जिसकी वजह से कोसी नदी का जो डिस्चार्ज है और बराज का जो डिस्चार्ज है, वह भी प्रभावित हो रहा है। इसके लिए नई योजना बना कर सिल्ट को बेहतर तरीके से हटाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस दिन बराज से 6 लाख 61 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया था, उस दिन कई ब्लॉक के टकराने से बराज के कुछ पॉइंट्स डैमेज हुए हैं। इन्हें जल्द ही रिपेयर कर लिया जाएगा। बराज का स्ट्रक्चर पूरी तरह सुरक्षित है।

#### बराज के दोनों ओर से सिल्ट



#### हटाना बेहद जरूरी

प्रधान सचिव ने कहा कि उन्होंने बराज का फाटक खुलवा कर नदी के बहाव को समझने की कोशिश की है। पटना में बैठ कर इसे समझना आसान नहीं है। बराज के दोनों ओर कोसी नदी में 4-4 किलोमीटर की दूरी में जमा सिल्ट को हटाने की जरूरत है। बराज के फाटक के पास पानी के दवाब की वजह से सिल्ट जमा नहीं होता है। लेकिन अप स्ट्रीम और डाउन स्ट्रीम यानी बराज के दोनों ओर सिल्ट जमा होकर टीला बन जाता है, जो नदी के बहाव को रोकता है। बड़े पैमाने पर सिल्ट हटाने का काम होगा।

#### नए बराज की घोषणा कर चुकी है केंद्र सरकार

एक सवाल के जवाब में प्रधान सचिव ने कहा कि भारत सरकार द्वारा जुलाई 2024 के बजट में कोसी में नए बराज के निर्माण को लेकर घोषणा हुई है। इसको लेकर भी आगे काम होना है। फिलहाल, अगले 5-6 महीने में कोसी बराज का स्टार्टर सिस्टम आधुनिक तरीके से अपडेट हो जाएगा। इसके लिए सिल्टेशन हटाने के अलावा भी अन्य कई कार्यों को स्वीकृति दी जाएगी।

#### 31 दिसंबर तक पूरा हो जाएगा फिजिकल मॉडलिंग सेंटर का निर्माण

इससे पहले उन्होंने वीरपुर में देश के दूसरे सबसे बड़े फिजिकल मॉडलिंग सेंटर का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी पूरी कोशिश है कि इसका सारा सिविल वर्क 31 दिसंबर तक पूरा कर लें। इसमें आईटी और वर्कशॉप के स्टेबलिस्टमेंट का काम बाकी है। इन सभी कार्यों को 31 दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि फिजिकल मॉडलिंग सेंटर में 100 पद सृजित किए गए हैं। हाल ही में सरकार द्वारा इसकी स्वीकृति विभिन्न पदों पर दी गई है। जल्द से जल्द उन लोगों की तैनाती भी हम लोग करेंगे। जिससे वे लोग इसका आगे का काम संभालें।

### कांग्रेस नेत्री एवं पूर्व पार्षद रीता सिंह पर जानलेवा हमला

दरभंगा : लहेरियासराय थाना क्षेत्र के खाजासराय मोहल्ले के घर में घुसकर अज्ञात अपराधियों ने कांग्रेस नेता रीता सिंह को चाकूओं से वार कर जख्मी कर दिया है। घायल नेत्री को गंभीर स्थिति इलाज के लिए डीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। घायल कांग्रेस नेत्री के पति गजेंद्र सिंह ने बताया कि घर के किचन में घुसकर चाकू मार दिया है। घटना की सूचना मिलते ही लहेरियासराय थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। बताया जाता है कि कांग्रेस नेत्री रीता सिंह अपने किचन में खाना बना रही थी। इस दौरान घर में स्कूल ड्रेस पहनकर घुसे अपराधियों ने कांग्रेस नेत्री एवं वार्ड 48 की पूर्व पार्षद रीता सिंह को चाकू से कई वार कर दिए है। जब तक लोग समझ पाते तब तक वह फरार हो गया। हमला करने वाला अपराधी स्कूली ड्रेस पहने हुए आए थे।

### पुलिस ने 23 किलो गांजा के साथ तीन तस्कर को किया गिरफ्तार

रोहतास : रोहतास जिले के डेहरी पुलिस मुख्यालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रोहतास एसपी रौशन कुमार ने प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर डेहरी मुफस्सिल थाने की पुलिस ने डेहरी के पाली पुल के समीप से स्विफ्ट कर के साथ तीन गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से पुलिस ने 22 किलो 941 ग्राम गांजा बरामद किया है। वहीं रोहतास एसपी ने बताया कि पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार गांजा तस्करों ने बताया कि उड़ीसा से कम कीमतों पर गांजा खरीद कर उत्तर प्रदेश के वाराणसी सप्लाई करने का कार्य करते थे। जिन्हें रोहतास पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार तीनों गांजा तस्करों में से दो का अपराधिक इतिहास लंबा चौड़ा रहा है। गिरफ्तार गांजा तस्कर सासाराम के मुरादाबाद अयोध्या सिंह उर्फ माला, दिनारा का रहने वाला विशाल पाल एवं औरंगाबाद जिले के बारुण थाना क्षेत्र के दिग्धी गांव का रहने वाला अरुण कुमार कुशवाहा है। गिरफ्तार तीनों गांजा तस्करों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत

गोपालगंज : गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के भठवां ओवरब्रिज पर अज्ञात वाहन ने एक बाइक में टक्कर मार दी। इस घटना में एक 25 वर्षीय महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना में बाइक चला रहे महिला का देवर और दो वर्षीय बच्चा भी घायल हो हुआ है। जानकारी लगने पर मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम ने घायल लोगों को इलाज के लिए सदर अस्पताल गोपालगंज पहुंचाया। इधर मौके पर पहुंची कुचायकोट पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार गोपालगंज जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर चैलवा गांव निवासी संतोष सिंह की पत्नी चिंटू देवी अपने देवर मनोज सिंह के साथ दो वर्षीय बच्चे को लेकर इलाज के लिए गोपालगंज जा रही थी। बाइक मनोज सिंह चला रहे थे। अभी वे लोग भठवां ओवरब्रिज के पास पहुंचे थे कि किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में तेज टक्कर मार दी। जिससे चिंटू देवी जमीन पर गिर पड़ी। पीछे से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें रौंद दिया, जिससे घटनास्थल पर ही चिंटू देवी की मौत हो गई।

## नागमणि बोले, नीतीश सरकार ने इस समाज का गला काटा जातीय सर्वे में कम कर दिखाई आबादी

औरंगाबाद : पूर्व केंद्रीय मंत्री और शोषित इंकलाब पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागमणि ने बिहार की नीतीश सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। नीतीश सरकार ने कोईरी समाज का किया अपमान, काटा गला-आगामी 23 फरवरी 2025 को आयोजित होने वाले कोईरी आक्रोश महारैली की तैयारी को लेकर औरंगाबाद आए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने रविवार को यहां प्रेसवार्ता में कहा कि नीतीश सरकार ने कोईरी समाज को जलील और अपमानित करने करने के साथ ही समाज का गला काटने का काम किया है। इस वजह से नीतीश कुमार के सत्ता में रहते हुए कोईरी समाज का भला नहीं होने वाला है। नीतीश कुमार का लव-कुश की बात करना पूरी तरह ढकोसला है क्योंकि वे सिर्फ अपने समाज का भला करने का काम कर रहे हैं और कोईरी जाति की लगातार उपेक्षा हो रही है तथा कोईरी समाज को किसी भी क्षेत्र में अपेक्षित भागीदारी नहीं मिल रही है।



#### कोईरी समाज को हाशिए पर धकेलने के लिए जातीय सर्वे में कम दिखाई आबादी

इतना ही नही कोईरी समाज को हाशिए पर धकेलने के लिए नीतीश सरकार ने हमारी जाति की आबादी को भी कम दिखाने का काम किया है। उन्होने कहा कि बिहार में कोईरी समाज की 12 प्रतिशत और समाज की उप जाति दांगी की आबादी 2.5 प्रतिशत है। यानी बिहार में हमारी कुल आबादी 14.5 प्रतिशत है। इसके बावजूद नीतीश सरकार ने जान बूझकर कोईरी समाज को नीचा दिखाने का पूरा प्रयास किया है। इसी प्रयास के तहत बिहार सरकार ने जातीय सर्वेक्षण को धरातल पर नही कराते हुए कुछ खास पदाधिकारियों की मिलीभगत से खानापूर्ति कर कोईरी जाति की जनसंख्या को 12 से घटाकर 4.5 प्रतिशत और दांगी की आबादी को 2.5 से घटाकर मात्र आधा प्रतिशत दिखाने का काम किया है।

#### भूमिहार, राजपूत व ब्राह्मण समाज के साथ भी नाइंसाफी

इतना ही नही राज्य सरकार ने भूमिहार, राजपूत और ब्राह्मण समाज को भी अपमानित करते हुए इनकी संख्या को 5.5 से घटाकर महज 2 से 3 प्रतिशत के बीच सीमित कर दिया। मुस्लिम समाज की कलाल जाति को हिंदू बताया, कागजों पर हुआ जातीय सर्वेक्षण-उन्होंने कहा कि कलाल मुस्लिम समाज की जाति है, जिसे जातीय सर्वेक्षण में हिंदू बताया गया है, जिससे साबित होता है कि बिहार के गांवों में सर्वेक्षण हुआ ही नहीं और सिर्फ कागज पर ही इसकी खानापूर्ति कर दी गई। उन्होने स्वीकार किया कि जातीय सर्वेक्षण में यादव समाज की आबादी को 14 प्रतिशत बताया गया है, जिसे वह सहीं मानते है लेकिन कोईरी समाज की आबादी यादव समाज से 3-4 प्रतिशत ही कम है।

#### नाइंसाफी बर्दाश्त नहीं करेगा कोईरी समाज, नीतीश को हटाना जरूरी

इस लिहाज से कोईरी समाज की आबादी कम से कम 10 प्रतिशत होनी ही चाहिए, जिसे सर्वेक्षण में इतनी संख्या में नही दिखाया जाना हमारे समाज के साथ पूरी तरह नाइंसाफी है, जिसे किसी सूरत में बर्दाश्त नही किया जाएगा। इस कारण नीतीश सरकार को हटाना जरूरी हो गया हैं और सरकार को हटाने के लिए ही उन्होने नीतीश हटाओ देश बचाओं का नारा दिया है।

#### कोईरी आक्रोश रैली में दिखेगा नीतीश सरकार के प्रति आक्रोश

कहा कि यह नारा सिर्फ नारा नही रहेगा बल्कि धरातल पर उतरेगा और कोईरी समाज को नीचा दिखाए जाने से समाज में उत्पन्न जबरदस्त आक्रोश की झलक आगामी 23 फरवरी 2025 को प्रदेश की राजधानी पटना के गांधी मैंदान में आयोजित होने वाली कोईरी आक्रोश महारैली में दिखेगी। उन्होने कहा कि कोईरी समाज के साथ हुई नाइंसाफी को लेकर ही यह महारैली आयोजित की गई है।

# संक्षिप्त खबरें

## केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह 22 अक्टूबर को गुजरात दौरे पर आएंगे

अहमदाबाद (ईएमएस)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह दिवाली से पहले गुजरात दौरे पर आ रहे हैं। 22 अक्टूबर की सुबह अमित शाह गुजरात आएंगे और आणंद के मेहमान बनेंगे। इसके अलावा केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 31 अक्टूबर को साळंगपुर हनुमानजी मंदिर में होने वाले मारुति यज्ञ में भाग लेंगे। जानकारी के मुताबिक अमित शाह 22 अक्टूबर को वह आणंद के मेहमान होंगे और एनडीडीबी के डायमंड जुबली समारोह के साथ-साथ अमूल के संस्थापक त्रिभुवनदास पटेल की जयंती में भी शामिल होंगे। आपको बता दें कि 22 अक्टूबर को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का जन्मदिन भी है। अपने जन्मदिन पर गृह मंत्री एनडीडीबी के अतिथि होंगे। एनडीडीबी के डायमंड जुबली समारोह में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, गृह राज्यमंत्री हर्ष सांघवी, मंत्री जगदीश विश्वकर्मा समेत अन्य मंत्री, नेता और नेता भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 31 अक्टूबर को साळंगपुर हनुमानजी मंदिर आएंगे। अमित शाह 31 अक्टूबर को सुबह 10 बजे वह साळंगपुर हनुमानजी मंदिर पहुंचेंगे और हनुमान दादा के दर्शन करने के बाद मंदिर द्वारा तैयार नये यात्री भवन का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम की जानकारी कोठारी विवेकसागर स्वामी ने दी। बता दें कि साळंगपुर हनुमानजी मंदिर परिसर में नूतन यात्री भवन में करीब 1100 कमरे तैयार किये गये हैं।

## श्रीलंका ने गिरफ्तार 17 भारतीय मछुआरों को वापस भेजा

नई दिल्ली,(ईएमएस)। श्रीलंका ने मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार 17 भारतीय मछुआरों को वापस भेज दिया है। दोनों देशों के मछुआरों को एक-दूसरे के जलक्षेत्र में अनजाने में प्रवेश करने के कारण अक्सर गिरफ्तार किया जाता रहा है। भारतीय उच्चायोग ने एक पोस्ट में कहा कि 17 भारतीय मछुआरों को वापस भेज दिया गया है और वे तमिलनाडु, भारत के लिए रवाना हो गए हैं। मछुआरों का मुद्दा द्विपक्षीय संबंधों में एक विवादास्पद विषय रहा है। श्रीलंका नौसेना की आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक इस साल देश की नौसेना द्वारा गिरफ्तार किए गए भारतीयों की संख्या बढ़कर 413 हो गई है जबकि 55 नौकाएं जब्त की गई हैं।

## श्रीकांत शिंदे के गर्भगृह जाने के विवाद मामले में मंदिर प्रशासन ने अधिकारी को हटाया

उज्जैन,(ईएमएस)। मध्यप्रदेश के धार्मिक स्थल उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर प्रशासन ने महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे के पुत्र श्रीकांत शिंदे के मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश को लेकर उठे विवाद के बाद एक अधिकारी को हटा दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक महाराष्ट्र के कल्याण के लोकसभा सदस्य श्रीकांत शिंदे को विगत दिवस बाबा महाकाल के गर्भगृह में प्रवेश की अनुमति दी गई थी, जबकि ऐसा करना प्रतिबंधित है। विपक्षी कांग्रेस ने इस मुद्दे पर मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार की आलोचना की थी। मंदिर प्रशासक ने बताया कि दर्शन व्यवस्था के प्रभारी विनोद चौकसे को कथित लापरवाही के कारण उनके पद से हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि तीन सुरक्षाकर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और कड़े निर्देश जारी किये हैं ताकि फिर ऐसा न हो।

## बारामूला जिले में सेना ने की घुसपैठ की कोशिश नाकाम

जम्मू,(ईएमएस)। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा पर सेना ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। अधिकारी ने बताया कि जवानों ने उरी सेक्टर के कमलकोट इलाके में नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध गतिविधियां देखीं और घुसपैठियों को ललकारा। घुसपैठियों ने जवानों को आता देख गोलीबारी शुरू कर दी जिसका सेना के जवानों ने जवाब दिया। उन्होंने बताया कि इसमें एक घुसपैठिया मारा गया है। उन्होंने दुर्गम इलाका होने के कारण मारे गए घुसपैठिए का शव अभी तक बरामद नहीं हो सका है।

## कैब में दी लिफ्ट, फिर की लूटपाट, अदालत ने दस साल की सुनाई सजा

गुरुग्राम,(ईएमएस)। एक स्थानीय अदालत ने 2019 में यात्री से लूटपाट करने के आरोप में तीन लोगों को दस साल की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायालय के न्यायाधीश ने दोषियों पर 25,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। यह मामला 22 जनवरी 2019 का है, जब एक व्यक्ति ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि गुरुग्राम में एक कैब में लिफ्ट देने के बाद उसके साथ लूटपाट की गई। जांच के दौरान पुलिस ने राहुल, दीपक, और भानु प्रताप उर्फ प्रदीप को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए अदालत ने यह सजा सुनाई, जिससे न्यायालय में इस मामले का निपटारा हो गया और यात्री भी न्याय पा खुश था।

## बीआरएस नेता को अवैध रूप से बनाए फार्महाउस खोने का सता रहा डर : सीएम रेड्डी

हैदराबाद, (ईएमएस)। तेलंगाना सीएम ए रेवंत रेड्डी ने बीआरएस के नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जिनमें उन्होंने कहा है कि वे हाल ही में गठित हैदराबाद आपदा प्रतिक्रिया और संपत्ति संरक्षण एजेंसी (हाइड्रा) का विरोध इसलिए कर रहे हैं क्योंकि उन्हें अपने अवैध रूप से बनाए फार्महाउस खोने का डर सता रहा है। रेवंत रेड्डी ने कहा कि यह एजेंसी सरकारी जमीनों और जल निकायों पर अवैध कब्जा कर बनाए गए ढांचों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। सीएम रेड्डी ने साफ कहा कि जिन लोगों ने सरकारी अनुमति से संपत्तियों का निर्माण किया है, उन्हें डरने की कोई जरुरत नहीं। उन्होंने बीआरएस के वरिष्ठ नेताओं, के.टी. रामा राव और टी. हरीश राव पर तंज कसते हुए कहा कि क्या वे अपने फार्महाउस की वैधता की जांच को तैयार हैं। इसके साथ ही उन्होंने एक तथ्य-अन्वेषण समिति गठित करने का प्रस्ताव भी दिया, जो इन फार्महाउसों की वैधता की जांच करेगी। रेड्डी ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर गलत अफवाह फैला रहे हैं, ताकि राज्य की प्रगति और रियल एस्टेट को नुकसान पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा था अगर आपके फार्महाउस या संपत्तियां वैध हैं और आपने सरकारी आदेशों का उल्लंघन नहीं किया है, तो फिर डरने की ज़रूरत नहीं। बीआरएस नेताओं की तरफ से इस पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## सड़क किनारे मिला युवक का शव, मुंह से निकल रहा था झाग, पुलिस कर रही जांच

झालावाड़,(ईएमएस)। राजस्थान के झालावाड़ जिले में एक युवक का शव सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। मृतक की पहचान झालरापाटन निवासी अभिषेक सोनी के रूप में हुई है, जो प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। पुलिस ने बताया कि कि युवक के मुंह से झाग निकल रहा था, जिससे आत्महत्या करने की आशंका है, हालांकि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। अभिषेक झालावाड़-झालरापाटन मार्ग पर बेहोशी की हालत में मिला था, उसकी मोटरसाइकिल भी पास में ही खड़ी थी। पुलिस उप अधीक्षक ने बताया कि युवक को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने चेकअपप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच में जुट गई है, और मौत के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही स्थिति मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## आरएसएस कार्यकर्ताओं पर हमले के आरोपी का घर ढहाया

जयपुर। जयपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 10 कार्यकर्ताओं पर चाकू से हमले के आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाया गया है। बुलडोजर कार्रवाई को अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई बताया जा रहा है। जानकारी अनुसार रजनी विहार इलाके में एक मंदिर में जागरण के दौरान आरोपी बाप-बेटे ने आरएसएस कार्यकर्ताओं पर हमला किया था। गुरुवार को हुए इस हमले के बाद, शुक्रवार को एसीपी गौरीशंकर शर्मा ने मौके पर मुआयना किया। शनिवार को जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने मकान मालिक नसीब चौधरी को नोटिस जारी किया और 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा। जवाब नहीं मिलने पर, रविवार सुबह 10:40 बजे बुलडोजर कार्रवाई शुरु कर दी गई।

# मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना को लेकर महाराष्ट्र में बैंक कर्मचारी करेंगे हड़ताल




मुंबई,(ईएमएस)। महाराष्ट्र में बैंक कर्मचारियों ने 16 नवंबर को हड़ताल का ऐलान किया है। बैंक कर्मचारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना के क्रियान्वयन के दौरान उन्हें सुरक्षित माहौल नहीं मिल रहा है, जिससे उनकी सुरक्षा पर संकट पैदा हो गया है। यह हड़ताल यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स (यूएफबीयू) द्वारा बुलाई गई है, जो नौ बैंक यूनियनों का एक संयुक्त संगठन है।

यूनियन के राज्य संयोजक ने बताया कि मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना के तहत बैंकों में अव्यवस्था फैल गई है। योजना की जानकारी की कमी और बैंक कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार के चलते वे हड़ताल करने को मजबूर हैं। राज्य के कई जिलों, जैसे बीड, जालना, लातूर, धुले और पुणे में लाभार्थियों और स्थानीय नेताओं द्वारा बैंक कर्मचारियों पर हमले और बदसलूकी की घटनाएं आए दिन हो रही हैं।

उन्होंने आगे कहा कि सरकार को योजना के सही और सुरक्षित क्रियान्वयन के लिए बैंकों को सुरक्षा और अतिरिक्त स्टाफ की व्यवस्था करनी चाहिए। कुछ लाभार्थियों के बैंक खातों से सेवा शुल्क काटे जाने के बाद बैंक कर्मचारियों और खाताधारकों के बीच विवाद की स्थिति बन गई है। यह सेवा शुल्क नियमों के तहत लिया जा रहा है, लेकिन जब से योजना की मासिक सहायता राशि खातों में जमा होने लगी है, खाते में शेष राशि होने पर शुल्क स्वतः कट रहा है, जिससे समस्या पैदा हो गई है।

यूनियन ने आरोप लगाया कि कुछ स्थानीय नेता इन मुद्दों को उकसाने का काम कर रहे हैं, जिससे बैंक कर्मचारियों की सुरक्षा को खतरा हो गया है। उन्होंने सरकार से मांग की कि मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सुरक्षा इंतजाम और बेहतर संचार व्यवस्था की जाए। महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री अतुल सावे ने कहा कि सरकार बैंक कर्मचारियों की चिंताओं को गंभीरता से ले रही है और बातचीत के लिए तैयार है। बैंक यूनियनों को हड़ताल से पहले सरकार से संवाद करना चाहिए ताकि इस समस्या का समाधान निकाला जा सके।

# भाजपा यूपी से यमुना में गंदा पानी छोड़ रही है : आप

## भाजपा ने किया सवाल- 1 हजार करोड़ का प्रदूषण टैक्स कहां गया?



नई दिल्ली,(ईएमएस)। दिल्ली में यमुना नदी में जहरीला झाग लगातार तीसरे दिन दिखाई दिया, जिससे दिल्ली की आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश से गंदा पानी यमुना में प्रवाहित किया जा रहा है। आप ने कहा कि इस कारण दिल्ली में पानी में झाग बन रहा है। आप ने बयान जारी करते हुए कहा, कि एक ओर, हम प्रदूषण से निपटने के लिए प्रयासरत हैं, जबकि दूसरी ओर भाजपा गंदी राजनीति कर रही है। भाजपा ने भी इसका जवाब देते हुए कुछ सवाल कर दिए हैं। ईस्ट दिल्ली के सांसद हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि आप सरकार ने एक हजार करोड़ रुपये प्रदूषण टैक्स के रूप में एकत्र किए थे और यह जानने की जरूरत है कि उस फंड का क्या हुआ? उन्होंने आागे कहा कि जब यमुना का पानी दिल्ली में आता है, तब इसका ऑक्सीजन लेवल 9 रहता है, लेकिन जब यह दिल्ली से निकलता है, तब ऑक्सीजन लेवल 0 क्यों हो जाता है? इसके साथ ही भाजपा ने आप पर आरोप लगाते हुए कहा कि आप ने यमुना की सफाई को लेकर महज झूठ फैलाने का काम किया है। उपराज्यपाल ने यमुना की सफाई के लिए कदम उठाए, लेकिन केजरीवाल सरकार ने इसे रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट में मामला दर्ज किया। आरोप है कि केजरीवाल ने 2025 तक यमुना को साफ करने का वादा किया था। अब ऐसे में जब लोग यमुना में छठ पूजा के दौरान डुबकी लगाएंगे, तो उन्हें किन बीमारियों का सामना करना पड़ेगा? भाजपा ने आरोप लगाया कि आप ने यमुना की सफाई के बजाय धन का इस्तेमाल विज्ञापनों में कर दिया।

### आप यूपी और हरियाणा को ठहरा रही जिम्मेदार

आप ने अपने जवाब में कहा, प्रदूषण के लिए यूपी और हरियाणा जिम्मेदार है। आप नेता रीना गुप्ता ने भाजपा के आरोपों पर कहा, कि जल प्रदूषण और वायु प्रदूषण के मुद्दे प्रशासनिक सीमाओं को पार करते हैं। हरियाणा में पराली जलाने की घटनाओं में 30 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश में 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कई बार सभी राज्यों को मिलकर काम करने की आवश्यकता बताई है, लेकिन केवल दिल्ली और पंजाब में आप सरकारें इस मुद्दे का समाधान खोजने में सक्रिय हैं।

# बहन अर्पिता ने सलमान खान का दिया गिफ्ट बेचा, वर्ली में रहने गईं

## शिवाया सिनेवाइज्ज नाम की कंपनी ने 22 करोड़ रुपए में खरीदा अपार्टमेंट



मुंबई,(ईएमएस)। बाबा सिद्दीकी की मर्डर के बाद सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग से मिली धमकी और बाबा सिद्दीकी के मर्डर के बाद सलमान और उनकी फैमिली चर्चा में हैं। कड़ी सुरक्षा के बीच सलामन ने 'बिग बॉस 18' के वीकेंड का वार एपिसोड की शूटिंग की। वहीं सलमान की बहन अर्पिता खान और आयुष शर्मा ने खार वाला आलीशान अपार्टमेंट बेच दिया है। यह सी-फेसिंग अपार्टमेंट है, जोकि सलमान ने अर्पिता को गिफ्ट में दिया था। अर्पिता और आयुष इसे बेचकर वर्ली में एक बिल्डिंग में रहने चले गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह अपार्टमेंट शिवाया सिनेवाइज नाम की कंपनी ने 22 करोड़ रुपए में खरीदा है। खार में फ्लाइंग कारपेट नाम के टावर की 13वीं और14वीं मंजिल पर स्थित यह अपार्टमेंट 4,100 स्क्वेयर फुट का है।

बता दें सलमान खान ने 2014 में अपनी बहन अर्पिता और आयुष को शादी में गिफ्ट के तौर पर सी-फेसिंग अपार्टमेंट गिफ्त में दिया था। यह अपार्टमेंट, सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट से सिर्फ 5 मिनट की दूरी पर है। सलमान अपनी छोटी बहन अर्पिता से बहुत प्यार करते हैं।

# जिस विकास तिवारी को ढूंढ रही एफबीआई एक साल से वह परिवार से नहीं मिला

## दिल्ली पुलिस ने दिसंबर 2023 में किया था गिरफ्तार, जमानत के बाद से है लापता

रेवाड़ी। भारत और कनाडा विवाद के बीच रेवाड़ी के निवासी विकास यादव का नाम इस समय चर्चा में है। अमेरिका की सुरक्षा एजेंसी एफबीआई उसे ढूंढ रही है। एफबीआई ने कहा है कि विकास यादव भारत में सरकारी कर्मचारी था और उसे आतंकी और अलगाववादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोप में मोस्ट वांटेड सूची में रखा गया है और उसकी तलाश की जा रही है। वहीं भारत सरकार ने कह कि उसे वसूली के मामले में गिरफ्तार किया गया था और तिहाड़ जेल में बंद था, लेकिन रिहाई के बाद से वह गायब है। वहीं इन खबरों के बीच विकास यादव की मां ने मीडिया के सामने अपना दुखड़ा सुनाया और कहा कि वह पिछले एक साल से अपने बेटे से नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि उन्हें विकास पर लगे आरोपों की जानकारी नहीं है। उनका कहना था कि विकास आखिरी बार पिछले साल हरियाणा के रेवाड़ी स्थित अपने घर आया था जब उसकी बेटी का जन्म हुआ था, उसके बाद से वह कभी संपर्क में नहीं आया। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिकी न्याय विभाग के दस्तावेजों में विकास यादव को गुरपतवंत सिंह पन्नू मामले में सीसी-1 यानी सह-साजिशकर्ता के रूप में नामजद किया गया था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने उसे 18 दिसंबर 2023 को जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार किया था। कुछ सप्ताह बाद जमानत मिलने पर उसे 22 अप्रैल 2024 को तिहाड़ जेल से रिहा कर दिया था। दिल्ली पुलिस की चार्जशीट में उसका जन्म स्थान प्राणपुरा बताया गया है, जो अमेरिकी दस्तावेजों में भी उल्लेखित है। वहीं विकास यादव की मां और भाई का कहना है कि वे महीनों से विकास से संपर्क में नहीं हैं। आखिरी बार वह घर आया था, लेकिन इसके बाद उनका कोई संपर्क नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि यह एक संवेदनशील मुद्दा है और वे इस पर ज्यादा बात नहीं कर सकते। दक्षिण दिल्ली में जहां विकास रहता था, उनके पड़ोसियों ने बताया कि उन्हें दिसंबर 2023 के बाद से विकास को नहीं देखा।

# दिवाली नजदीक आई और उल्लूओं पर खतरा मंडराया

## वन विभाग ने बढ़ाई गश्त, शिकारियों पर कड़ी नजर



नई दिल्ली,(ईएमएस)। जैसे-जैसे दिवाली नजदीक आती जाती है, एक खूबसूरत पक्षी उल्लू पर खतरा मंडराने लग जाता है। हर साल इस समय उल्लू की तस्करी उत्तराखंड के जंगलों से बढ़ जाती है। इसे रोकने के लिए वन विभाग ने तिमली रेंज में गश्त बढ़ा दी है और शिकारियों समेत पकड़ने वालों पर सख्त नजर रखे हुए है। दरअसल दिवाली के अवसर पर पूजा करने और अंधविश्वास के चलते उल्लू की तस्करी में वृद्धि होती है। कुछ लोग मानते हैं कि उल्लू के अंगों का इस्तेमाल तंत्र-मंत्र में किया जाता है, जिससे तस्करों की गतिविधियां तेज हो जाती हैं। उत्तराखंड के तिमली रेंज में उल्लू की तस्करी के लिए तस्करों का सक्रिय रहना एक आम बात हो गई है। यह क्षेत्र कई राज्यों की सीमाओं से लगता है। इस कारण उल्लू पकड़ने वाले और शिकारियों व तस्करों के लिए एक खास ठिकाना बन गया है।

### वन विभाग की टीमें रात में कर रहीं गश्त

कालसी वन प्रभाग के अंतर्गत तिमली रेंज में वन विभाग की कई टीमें रातभर गश्त कर रही हैं। वन क्षेत्राधिकारी मुकेश कुमार ने बताया, कि हम पूरी तरह से सतर्क हैं और शिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। तिमली क्षेत्र में हमारी निगरानी के कारण तस्करी के कई प्रयास नाकाम हुए हैं। इस संबंध में विभाग के अधिकारियों का कहना है कि दिवाली के समय उल्लू की कीमत लाखों में पहुंच जाती है, इस कारण तस्करों की गतिविधियां बढ़ जाती हैं। इस कारण उल्लू की संख्या में भी भारी कमी देखी गई है। वन विभाग ने उल्लू की कम होती संख्या को ध्यान में रखते हुए गश्त बढ़ाने और तस्करों पर कड़ी नजर रखने का फैसला किया है। इसके अलावा, जंगलों में उल्लू की सुरक्षा के लिए भी वन विभाग की टीमें तैयार हैं।

# दिल के इलाज का खर्च 5 साल में 53 फीसदी बढ़ा, बीमा क्लेम भी हुआ दोगुना




मुंबई,(ईएमएस)। भारत में दिल की बीमारियों के इलाज का खर्च पिछले पांच वर्षों में 53फीसदी तक बढ़ चुका है, जिससे इलाज के लिए मरीजों को अधिक आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। इस बढ़ोतरी का मुख्य कारण आधुनिक चिकित्सा तकनीकों का उपयोग, अस्पतालों की बढ़ती फीस और उपचार की जटिलता है। इसके साथ ही, दिल के इलाज से जुड़े बीमा क्लेम की संख्या भी दोगुनी हो गई है, जिससे यह साफ होता है कि लोग इलाज के लिए बीमा पर निर्भर हो रहे हैं।

देश में दिल की बीमारियों के मामलों में निरंतर वृद्धि हो रही है। उच्च कोलेस्ट्रॉल, अनियमित जीवनशैली, शारीरिक असक्रियता और तनाव जैसे कारण दिल से संबंधित बीमारियों का मुख्य कारण बन रहे हैं। इससे इलाज की मांग बढ़ी है, जिससे अस्पतालों की सेवाओं और उपकरणों की लागत में इजाफा हुआ है। मरीजों को इलाज की प्रक्रिया में एंजियोप्लास्टी, बाईपास सर्जरी, हार्ट ट्रांसप्लांट जैसी जटिल प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है, जिनकी लागत भी ज्यादा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, दिल के इलाज में सबसे बड़ी वृद्धि एंजियोप्लास्टी और बाईपास सर्जरी की लागत में हुई है। इन प्रक्रियाओं की कीमत में 5 साल में 50फीसदी से अधिक का इजाफा हुआ है। इसके अलावा, अस्पतालों में वॉर्ड और आईसीयू के खर्च में भी वृद्धि देखी गई है, जो इलाज की कुल लागत को प्रभावित करता है। बीमा कंपनियों द्वारा किए गए सर्वेक्षण से यह भी पता चला है कि दिल के इलाज से संबंधित बीमा क्लेम दोगुने हो गए हैं। यह दर्शाता है कि लोग अपनी चिकित्सा खर्चों को कवर करने के लिए बीमा का सहारा ले रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बीमा कंपनियों को इस बढ़ती मांग के अनुरूप अपनी सेवाओं को सुधारने और अधिक योजनाएं लाने की आवश्यकता है। बीमा कंपनियों के अनुसार, दिल के इलाज से जुड़े क्लेम के बढ़ने से बीमा क्षेत्र पर दबाव बढ़ गया है। हालांकि, यह भी साफ है कि बीमा की बढ़ती मांग से लोगों को इलाज में आर्थिक राहत मिल रही है।

# एक सप्ताह के भीतर गुजरात में आकाशीय बिजली गिरने से 12 लोगों की मौत



अहमदाबाद (ईएमएस)। गुजरात में बीते एक सप्ताह के दौरान 12 लोगों की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। बीते दिन अमरेली में बिजली गिरने से एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई। जिसमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। इसके अलावा बिजली की चपेट में आने से 3 लोग घायल भी हो गए, जिनका अस्पताल में उपचार चल रह है। वैसे तो नवरात्रि से गुलाबी ठंड की शुरुआत हो जाती है, लेकिन बार बार बदलते मौसम के चलते ठंड तो दूर लोग अब भी गर्मी और उमस से परेशान हैं। गुजरात के कई जिलों में रह रहकर बारिश का दौर जारी है। बीते दिन अहमदाबाद में तेज हवा और गरज के साथ जबर्दस्त बारिश हुई। करीब एक घंटे की बारिश ने पूरे शहर को पानी पानी कर दिया। अहमदाबाद के अलावा राज्य के अन्य कई जिलों में भी बारिश हुई। मौसम विभाग की मानें तो अगले कुछ दिनों तक राज्य में बरसाती माहौल बरकरार रहेगा। फसलों की कटाई के दौरान बारिश होने से किसानों को भारी नुकसान की आशंका है। बारिश भी हल्की फुल्की नहीं बल्कि धुआंधार होती है और वह भी गरज के साथ। पिछले एक सप्ताह के दौरान आकाशी बिजली गिरने से 12 लोगों की मौत हो चुकी है। बीते दिन अमरेली जिले की लाठी तहसील में बिजली गिरने से एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि तीन लोगों घायल होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

## भारी भरकम फीस जमा करने के बाद भी समय पर न्याय नहीं

भारतीय संविधान ने नागरिकों के मौलिक अधिकार सुरक्षित रखे जाने की जिम्मेदारी न्यायपालिका को सौंपी है। वर्तमान न्यायपालिका एक तरह से सरकार के नियंत्रण में काम करती हुई नजर आ रही है। जिसके कारण दिनों दिन न्यायपालिका की साख आम जनता की नजरों में गिरती चली जा रही है। सामान्य नागरिक कानून की पेचीदगियों को नहीं जानता है। कानून का इस्तेमाल वर्तमान में गरीब और मध्यम वर्ग का शोषण करने के लिए हो रहा है। आम आदमी कानून के मकडजाल में फंसकर छटपटा रहे हैं। शासन प्रशासन और दबंग लोगों द्वारा जिस तरह से आम जनता को प्रताड़ित किया जा रहा है। खुलेआम उनके साथ लूट की जा रही है। उसके बाद न्यायालय से भी उसे न्याय नहीं मिल पा रहा है। पिछले दो दशकों में जिस तरह से नए-नए कानून बनाये जा रहे हैं। उसमें नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है। न्यायालयों में मुकदमे बढ़ते ही जा रहे है। न्यायपालिका भी नियम और कानूनो के संदर्भ में जिस तरह से संवधानिक व्याख्या करनी होती है। उसकी अनदेखी कर सरकार के बनाये कानून को सही मान लेती है। कई वर्षों तक याचिकाओं की सुनवाई नहीं होती है। पिछले एक दशक में आम जनता, न्यायपालिका की प्राथमिकता से दूर होती चली जा रही है। न्यायपालिका द्वारा स्वयं संज्ञान लेना भी बंद कर दिया है। न्यायपालिका यह मानकर सुनवाई और निर्णय करती है। सरकार जो कुछ कर रही है, वह ठीक ही कर रही है। आम जनता ने सरकार को बहुमत दिया है। सरकार जो कानून बनना चाहती है, उसके लिए सरकार सक्षम है। यहां पर न्यायपालिका इस बात को भूल जाती है। संविधान ने आम नागरिकों के जो मौलिक अधिकार संरक्षित रखने की जिम्मेदारी न्यायपालिका को दी है। विभिन्न कानून और विभिन्न नियमों के तहत रोजाना मौलिक अधिकार खत्म किये जा रहे हैं। इसके बाद भी न्यायपालिका चुप बैठी हुई है। भारत में न्याय पाना बड़ा महंगा और कठिन हो गया है। न्याय पाने के लिए भारी भरकम फीस जमा करनी पड़ती है। मुकदमा लड़ने के लिए वकीलों को फीस देने के लिए बहुत बड़ी राशि खर्च करनी पड़ती है। उसके बाद भी भारतीय नागरिकों को न्यायालयों से समय पर न्याय नहीं मिल पा रहा है। हां तारीख पर तारीख जरूर मिलती है। हाल ही में भारतीय न्याय संहिता लागू होने के बाद कई मामलों में न्यायालय फीस बेतहाशा बढ़ा दी गई है। नए कानून में इतनी जटिलताएं हैं। भारी फीस भरने के बाद भी कई महीनो तक मुकदमा शुरू नहीं हो पता है। अपराधिक मामले में जब तक आरोपी को न्यायालय की सूचना तामील नहीं होती है। तब तक मुकदमा न्यायालय में दर्ज भी नहीं होता है। चेक बाउंस मामले में तो हालात और भी खराब हो गई है। पहले ही चेक के माध्यम से लोगों को धोखाधड़ी का शिकार बनाया जाता है। जब उसे मामले को कोर्ट में ले जाया जाता है, तब भारी भरकम न्यायालय फीस जमा करनी पड़ती है। कई महीनो तक नोटिस तामील नहीं होते हैं। न्यायालय में मामला पंजीकृत नहीं होता है। फरियादी न्यायालय के चक्कर लगाता रह जाता है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार जिस तरह से आए दिन नए-नए कानून और नियम बना रहे हैं। एक एक्ट दूसरे एक्ट के नियमों को ओवरलैप करते हैं। जिसके कारण न्यायालय में मामले कानूनी विवाद से उलझ जाते हैं। न्यायालय के लिए भी उन विवादों पर फैसला करना आमतौर पर संभव नहीं होता है। वादी जिस विवाद को लेकर न्यायालय में जाता है। जो कानून हैं, वह एक दूसरे के विपरीत होने के कारण दोनों ही पक्ष उसका फायदा उठाने के लिए मामले को उलझाते चले जाते हैं। कई कई साल ट्रायल कोर्ट में ही मामले लटके रहते हैं। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट आए दिन न्याय व्यवस्था को लेकर बड़े-बड़े दावे करती हैं। अब यह दाबे भी राजनेताओं के वादों की तरह दिखने लगे हैं। 70 फ़ीसदी से ज्यादा मामले सरकार के विरुद्ध होते है। ट्रायलकोर्ट, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट सरकार को मामले की सुनवाई के दौरान समय पर समय देते चले जाते हैं। कई महीने और कई बरस बीत जाते हैं। सरकार का जवाब नहीं आता है। सरकार जो कहती है। उसे न्यायालय आंख बंद करके मान लेते हैं।वादी अथवा याचिकाकर्ता की न्यायालय में बात ही नहीं सुनी जा रही है। बिना सुने मामले हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से खारिज कर दिए जा रहे हैं। भारी भरकम न्यायालयीन फीस जमा कराई जा रही है। अब तो न्यायालय याचिकाएं निरस्त करने के साथ जुर्माना भी वसूल करने लगी हैं। जिसके कारण न्यायालय को लेकर आम जनता के मन में डर और भय देखने को मिल रहा है। पिछले 10 वर्षों में हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने न्यायालय में सुनवाई के दौरान जो कहा, वह फैसले में कभी देखने को नहीं मिला। जो फैसला आए,वह आधे अधूरे थे। सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसले दिये। सरकार ने कानून बनाकर बदल दिया। सरकार और प्रशासन हाईकोर्ट के आदेशों को गंभीरता से नहीं लेता है। वर्षों बाद भी आदेश में अमल नहीं होता है। हजारों अवमानना याचिकायें हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। महाराष्ट्र में जिस तरीके से उद्धव ठाकरे की सरकार गिराई गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने काफी समय के बाद उसमें सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने खुद माना, राज्यपाल ने असंवैधानिक तरीके से सरकार गिराने का काम किया है। यदि उद्धव ठाकरे ने इस्तीफा नहीं दिया होता, तो सुप्रीम कोर्ट उद्धव ठाकरे की सरकार को बहाल कर देती। उसके बाद भी आज तक इस मामले का कोई फैसला नहीं आया। असंवैधानिक सरकार चलती रही। 5 साल का कार्यकाल विधानसभा का पूरा हो गया। लोगों का न्यायपालिका के प्रति विश्वास कम और खत्म होता जा रहा है। त्वरित न्याय के लिए अब लोग नेताओं और गुंडो के पास जाना पसंद कर रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों से शासन और प्रशासन जिस तरह से आम आदमी को उत्पीड़िन कर रहे हैं। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट आंख बंद करके तमाशा देख रही है। लोगों का न्यायपालिका के ऊपर विश्वास कम होता जा रहा। आम आदमी अपने विवादों के निपटारे के लिए गुंडे-बदमाशों और राजनेताओं का सहारा ले रहा है। उसे ही अपना भाग्य मानकर स्वीकार करने के अलावा उसके पास अब कोई भी विकल्प नहीं बचा है। पिछले वर्षों में जिस तरह से न्यायपालिका ने खुद नागरिकों के मौलिक अधिकारों को दबाने और कुचलने में सरकारों और प्रशासन को सहयोग दिया है, वह आश्चर्यचकित करने वाला है।

## भगवान का सबसे प्रिय आहार अहंकार




अहंकार शब्द बना है अहं से, जिसका अर्थ है मैं। जब व्यक्ति में यह भावना आ जाती है कि जो हूं सो मैं, मुझसे बड़ा कोई दूसरा नहीं है तभी व्यक्ति का पतन शुरू हो जाता है। द्वापर युग में सहस्त्रबाहु नाम का राजा हुआ। इसे बल का इतना अभिमान हो गया कि शिव से ही युद्ध करने पहुंच गया। भगवान शिव ने सहस्त्रबाहु से कह दिया कि तुम्हारा पतन नजदीक आ गया है। परिणाम यह हुआ कि भगवान श्री कृष्ण से एक युद्ध में सहस्त्रबाहु को पराजित होना पड़ा।
रावण विद्वान होने के साथ ही महापराप्रमी था। उसे अपने बल और मायावी विद्या का अहंकार हो गया और उसने सीता का हरण कर लिया। इसका फल रावण को यह मिला कि रावण का वंश सहित सर्वनाश हो गया। अंत काल में उसका सिर भगवान राम के चरणों में पड़ा था। भगवान कहते हैं मेरा सबसे प्रिय आहार अहंकार है अर्थात अहंकारियों का सिर नीचा करना भगवान को सबसे अधिक पसंद है। अहंकारी का सिर किस प्रकार भगवान नीच करते हैं इस संदर्भ में एक कथा है कि, नदी किनारे एक सुन्दर सा फूल खिला। इसने नदी के एक पत्थर को देखकर उसकी हंसी उड़ायी कि, तुम किस प्रकार से नदी में पड़े रहते हो। नदी की धारा तुम्हें दिन रात ठोकर मारती रहती है। मुझे देखो मैं कितना सुन्दर हूं। हवाओं में झूमता रहता हूं। पत्थर फूल की बात को चुपचाप सुनता रहा। पानी में घिसकर पत्थर ने शालिग्राम का रूप ले लिया था।


# वैश्विक जलचक्र असंतुलन से जुड़ी चुनौतियां की गंभीरता

**ललित गर्ग**

असंतुलित जलचक्र के कारण समूची दुनिया के समुख पानी एक बड़ी गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण समस्या बन रही है। पृथ्वी के चारों ओर पानी के घूमने की प्रणाली को जल-चक्र कहा जाता है, जीवन को संचालित करने के लिए जिसका सुचारु होना आवश्यक होता है। पूरी दुनिया में पीने के पानी की भारी समस्या है और उसके अधिक विकराल होने की संभावनाओं की चेतावनी लम्बे समय से दिये जाने के बावजूद हम नहीं चेत रहे हैं। पानी के दुरुपयोग, जल संसाधनों के कुप्रबंधन, बदलते जलवायु, भूमि के बढ़ते उपयोग और वन क्षेत्रों में कटौती ने समूचे जल-चक्र को असंतुलित कर दिया है। कहते हैं कि पानी की असल अहमियत वही शख्स समझता है, जो तपते रेगिस्तान में एक बूंद पानी की खोज के लिए मीलों भटका हो। वह शख्स पानी की कीमत क्या जाने, जो नदी के किनारे रहता है। भारत के कई राज्यों में पीने के पानी की भारी समस्या है और उसके अधिक विकराल होने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही है। नीति आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट में अगले ही साल 21 शहरों में भूजल खत्म होने की आशंका व्यक्त करते हुए एक बार फिर चेताया है।नीति आयोग की रिपोर्ट बड़े खतरे का संकेत दे रही है। अब जलचक्र के असंतुलित होने का असर भारत पर भी पड़ना निश्चित है। इसलिये भारत में जल-समस्या जीवन-संकट बन सकती है। भारत में पुराने जमाने में तालाब, बावड़ी और नलकूप थे, तो आजादी के बाद बांध और नहरें बनाईं। वक्त के बदलने के साथ-साथ सोच भी बदली, अति भोगवाद, सुविधावाद बढ़ा तो प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति उपेक्षा भी घनघोर होती गयी। संयम का सूत्र छूट गया। आधुनिक सभ्यता की सबसे बड़ी मुश्किल यही है कि वह प्रकृति में निहित संदेश को हम सुन नहीं पा रहे हैं। जलसंकट पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। समय-समय पर प्रकृति चेतावनियां देती है पर आधुनिकता के कोलाहल में हम बहरा गये हैं। आज देश का कोना-कोना जल समस्या से ग्रस्त है। वर्ष 2018 में कर्नाटक ने अभूतपूर्व बाढ़ देखी थी, किंतु अब 2019 में उसके 176 में से 156 तालुके सूखाग्रस्त घोषित हो चुके हैं। महाराष्ट्र, बिहार, उत्तरप्रदेश, झारखंड, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ भयंकर जल समस्या का सामना कर रहे हैं।विश्लेषकों द्वारा तृतीय विश्वयुद्ध की आशंका पानी के लिए व्यक्त की जाती रही है। निकट भविष्य में पानी का प्रयोग अस्त्र रूप में भी संभावित है। कुछ समय पहले पाकिस्तान से तनाव हो जाने पर भारत द्वारा सिंधु नदी के प्रवाह को रोक कर पानी की उपलब्धता बाधित करने की चेतावनी दी गई थी। जबकि देश में ही पानी की अनुपलब्धता की समस्या पूरे राष्ट्र में पिछले 10-15 साल से चल रही है। इसके मूल में नियमित रूप से वर्षा का न होना तथा सूखा पड़ते रहना तथा सरकार की गलत नीतियां भी हैं। पानी की उपलब्धता की स्थिति को देखते हुए यह लगने लगा है कि विश्वयुद्ध हो या न हो, पर हर गली- मोहल्ले में, शहर -शहर में, गांव- गांव में पानी के लिए 10-15 वर्ष में ही युद्ध होंगे और भाईचारे के साथ रह रहे पड़ोसी पानी के लिए आपस में लड़ेंगे।
भारत सहित दुनिया के अधिकांश देश जल-समस्या से पीड़ित है। पृथ्वी पर तीन अरब लोग पहले से जल संकट का सामना कर रहे हैं। अब जल-चक्र असंतुलन से न जाने और कितने लोग संकट में आ जाएंगे। बड़ी चिंता यह भी कि इससे दुनिया की जीडीपी को आठ से पंद्रह प्रतिशत तक नुकसान हो जाएगा। दरअसल, प्रकृति की उपेक्षा के साथ-साथ सिर्फ अपना लाभ देखने की दुष्प्रवृत्ति ही इस स्थिति के लिए जिम्मेदार है। जल की बर्बादी, वन क्षेत्रों का खात्मा, पेड़-पौधों का लगातार काटना, ओजोन परत को नुकसान, ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु संकट और इन सब के कारण अंततः जीव-जंतुओं के अस्तित्व पर ही आती आंच के रूप में इसके दुष्परिणाम सामने है। एक तथ्य यह भी है कि इन दुष्परिणामों की चिंता तो खूब होती रही है, लेकिन सरकारें एवं आमजन इस समस्या के प्रति उतना गंभीर नहीं है, जितनी अपेक्षा है। देश के जो क्षेत्र जल संकट की भयावह स्थिति का सामना कर रहे हैं, उन क्षेत्रों में एक घड़े पानी की कीमत व्यक्ति या मनुष्य के जीवन से अधिक है। वहां गर्मी में तो महिलाएं प्रातःकाल से ही जल की व्यवस्था में जुट जाती हैं।बदलते जलवायु परिवर्तन का आलम यह है कि देश में जहां सूखा पड़ता था, अब वहां बाढ़ आ रही है। चरम जलवायु घटनाओं का स्वरूप बदल रहा है। जल चक्र पर भी इसका असर पड़ रहा है। बीते समय में चरम घटनाओं और प्राकृतिक आपदाओं में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। इन्हीं घटनाओं से होने वाले नुकसान को कम करने और इसका मुकाबला करने के लिए मोदी सरकार ने मिशन मौसम शुरू किया है। 'मिशन मौसम' के तहत सरकार टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके मौसम की भविष्यवाणी को बेहतर बनाने का काम करेगी। हर साल चक्रवात, बाढ़, सूखा और हीटवेव जैसे जलवायु परिवर्तन से उपजी आपदाओं के चलते करीब 10,000 लोगों की मौत हो जाती है। 'मिशन मौसम' की अहमियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मौसम की सटीक भविष्यवाणी से इनमें से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। सरकार ने 'मिशन मौसम' के लिए 2,000 करोड़ रुपए का बजट रखा है। इतना ही नहीं ये सरकार को आपदा के आने से पहले तैयार होने और उसके बाद जनजीवन को जल्द से जल्द सुचारु करने में भी मदद करेगा। मिशन "मौसम प्रबंधन" तकनीकों का पता लगाएगा और इसमें कृत्रिम रूप से बादलों को विकसित करने के लिए एक प्रयोगशाला बनाना, रडार की संख्या में 150 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि करना और नए उपग्रह, सुपर कंप्यूटर और बहुत कुछ जोड़ना शामिल है। भारतीय मौसम वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि अगले पांच सालों में उनके पास इतनी विशेषज्ञता होगी कि वे न केवल बारिश को बढ़ा सकेंगे बल्कि कुछ क्षेत्रों में ओलों और बिजली के साथ-साथ इसे भी रोक सकेंगे।
अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जलचक्र के असंतुलित होने से उत्पन्न समस्याओं को लेकर भी आवाज बुलंद होती रही हैं, पर जैसे हालात बनते जा रहे हैं इन चिंताओं का असर ढाक के तीन पात जैसा ही है। इससे भी गंभीर बात यह कि जल-चक्र बिगड़ने से दुनिया का आधा खाद्य उत्पादन ही खतरे में आ गया है। तब उन देशों का क्या होगा, जो पहले से खाद्यान्न संकट को झेल रहे हैं। जाहिर है, संकट में शामिल देशों की सूची बढ़ती ही जाएगी। कहना न होगा कि अब भी नहीं संभले और विकास का वैकल्पिक रास्ता नहीं खोजा, तो भयावह स्थिति को कोई नहीं रोक सकता। जलचक्र के असंतुलन की स्थिति का आकलन कोरी कल्पना पर आधारित नहीं है। विशेषज्ञों के समूह 'ग्लोबल कमीशन ऑन द इकोनॉमिक्स ऑफ वॉटर' ने तथ्यों और परिस्थितियों के गहन वैज्ञानिक अनुसंधानों और विश्लेषणों के माध्यम से भयावह हालात की ओर आगाह किया है। हालात चिंताजनक इसलिए हुए हैं क्योंकि सभी संसाधनों के क्षरण की गति बेतहाशा बढ़ गई है। समस्या न केवल वैश्विक है बल्कि एक-दूसरे से जुड़ी हुई है, इसलिए वैश्विक स्तर के प्रयासों से ही जल-चक्र के असंतुलन से उत्पन्न परिस्थितियों के समाधान की राह तलाशनी होगी।नीति आयोग के एक ताजा सर्वे के अनुसार भारत में 60 करोड़ आबादी भीषण जल संकट का सामना कर रही है। अपर्याप्त और प्रदूषित जल के उपभोग से भारत में हर साल 2 लाख लोगों की मौत हो जाती है। यूनिसेफ द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरण के अनुसार भारत में दिल्ली और मुंबई जैसे महानगर जिस प्रकार पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं, उससे लगता है कि 2030 तक भारत के 21 महानगरों का जल पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा और वहां पानी अन्य शहरों से लाकर उपलब्ध कराना होगा। जल से जुड़ी चुनौतियां एवं जलचक्र के असंतुलित होने की स्थितियों को स्वीकार कर हम भारतीयों को संकल्पित होना होगा इन चुनौतियों एवं समस्याओं से जूझने के लिये।

# अब अपनी बंद नहीं, खुली आंखों से देखेगी इंसाफ की देवी

**निखिल भट्ट**



देश के मुख्य न्याय मूर्ति श्री डी वाई चंद्रचूड़ ने न्याय के क्षेत्र में एक अनोखी पहल की जिसके तहत सुप्रीम कोर्ट की लाइब्रेरी में लगी न्याय की देवी की प्रतिमा की आंखों से पट्टी हटा कर उनके हाथ में तलवार की जगह संविधान की किताब थमा दी गई है जबकि पहले इस प्रतिमा के एक हाथ में तराजू तो दूसरे हाथ में तलवार थी और आंखों में पट्टी बंधी हुई थी ये यह अनोखा परिवर्तन बहुत लंबे वक्त के बाद किया गया है जो अपने आप में कानून की देवी की एक अलग व्याख्या करता है ।
कानून अंधा होता है इसका तात्पर्य यह था कि उसकी निगाह में अमीर, गरीब, बलवान, कमजोर, पीड़ित और अत्याचारी सब एक जैसे हैं क्योंकि जब वह अपनी आंखों में पट्टी बांधे हुए थी तो उसके सामने यह सच नहीं आता था कि उसके सामने न्याय की मांग करने वाला कौन है इसलिए वो इनमें भेदभाव ना करते हुए न्याय प्रदान करती थी
कानून अंधा होता है ये ना केवल एक कहावत बन गई थी बल्कि इस पर फिल्में भी बनी है इसके साथ-साथ इस न्याय की देवी के एक हाथ में तराजू थी जो इस बात को प्रतिबिंबित करती थी कि उसके तराजू में कोई पासंग नहीं है वह वह दोनों पक्षों को बराबरी से सुनती है और फिर अपनी तराजू पर उसको तौल कर पर न्याय का प्रदर्शन करती है दूसरे हाथ में तलवार शक्ति का भी प्रदर्शन करती थी। तलवार वीरों का हथियार आदिकाल से हिंदू संस्कृति का एक अंग रहा है इस तलवार का अर्थ यह भी था कि न्यायालय जो भी निर्णय देता है उसका सम्मान संबंधित लोगों को करना चाहिए और ऐसा नहीं होता है तो वह तलवार की धार जैसा नुकीला निर्णय भी दे सकता है ।
अंग्रेजों के जमाने से चली आ रही इस परिपाटी को बदलने का ना तो किसी ने सोचा था और ना ही इस पर किसी ने कोई पहल की थी लेकिन अपने कठोर निर्णयों के लिए मशहूर देश के मुख्य न्यायाधीश मूर्ति श्री डी वाई चंद्रचूड़ ने जो पहल की है उसने न्याय, और न्याय करने वालों को एक नई दिशा देने का प्रयास किया है
इस नई पहल के तहत इंसाफ की देवी की आंखों से पट्टी इसलिए हटा दी गई है कि वह अपनी खुली आंखों से सब कुछ देख सके, किसी अंधे की तरह टटोलकर किसी चीज का निर्णय न कर सके, अपनी जीवंत आंखों के माध्यम से हर मुकदमे को देखे समझे और फिर उस पर अपना निर्णय दें।
आंखों पर से पट्टी हटाने के पीछे शायद यह कारण भी उनके दिलों दिमाग में रहा होगा कि कानून अगर अंधा माना जाएगा तो उसके निर्णय पर भी उंगली उठाई जा सकती है। इंसाफ की देवी के हाथ से तलवार हटाकर उनके हाथ में संविधान देना इस बात को भी रेखांकित करेगा कि कानून संविधान से बंधा हुआ है जो संविधान भारत के लिए लिखा गया है उसी के तहत कानून अपना काम करेगा। किसी भी देश का संविधान उस देश की आत्मा होता है भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में संविधान हर नागरिक, को हर संस्था को अलग-अलग अधिकार देता है जो एक सफल लोकतांत्रिक देश के लिए आवश्यक होता है। तलवार की बजाय न्याय की देवी के हाथ में संविधान देना इसी लोकतांत्रिक परिपाटी का एक सबसे सफल और सुखद अध्याय माना जाएगा ।
पिछले दिनों बहुत से ऐसे कानूनों में परिवर्तन किया गया जो अंग्रेजों के जमाने के थे उन्हें एक नई परिभाषा दी गई, धाराओं में बदलाव किया गया जो कहीं ना कहीं कानून को सरल और आम आदमी के लिए बेहतर न्याय के लिए उठाया गया कदम था अब देश के मुख्य न्यायमूर्ति ने न्याय की देवी को एक अलग प्रतिमूर्ति के रूप में दर्शाने की कोशिश की है वह निसंदेह भारत की कानून व्यवस्था, उसके प्रति सोच लोगों को मिलने वाले न्याय के प्रति एक सुखद दृष्टिकोण साबित होगा ।

# हिजबुल्लाह का याह्या सिनवार मौत पर एक्शन-इज़रायल पीएम के घर ड्रोन हमला

**किशन सनमुखदास भावनानी**



वैश्विक स्तरपर दुनियाँ दो खेमों में बंट चुकी है। इन देशों में अप्रत्यक्ष रूप से प्रॉक्सी वॉर शुरू है,इस बीच भारत कनाडा का टेंशन भी बड़ा हुआ है, वहीं इस बिगड़ते माहौल व युद्ध के बीच 19 अक्टूबर 2024 को देर शाम इजरायल के प्रधानमंत्री के घर ड्रोन हमले की जानकारी डिजिटल मीडिया पर आग की तरह फैली जिसे देर रात्रि इजरायली पीएमओ कार्यालय व आईडीएफ ने भी कंफर्म किया व किसी जनहानि से इनकार किया। उधर इस कठिन माहौल क़े बीच रूस के कज़ान में 23 -25 अक्टूबर 2024 सेब्रिक्स देशों का 16वाँ शिखर सम्मेलन शुरू हो रहा है जिसकी तैयारियां जोर-जोर से की गई है। भारतीय पीएम भी 22-23 अक्टूबर 2024 को इस महासम्मेलन में शामिल होंगे, जिसमें संभावित वैश्विक जंग यानें वैश्विक युद्ध क़े दोनों आधार रूस-यूक्रेन व हमास-इजरायल युद्ध को रोकने के उपचार में भारतीय पीएम फिर ग्लोबल लीडर साबित हो सकते हैं।परंतु अभी नए घटनाक्रमों के चलते इस बारे में कहा नहीं जा सकता। चूँकि इजरायली पीएम के घर पर ड्रोन हमले से इसराइल एफडीआई के सुरक्षा घेरे में सेंघ से दुनियाँ हैरान है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे हिजबुल्लाह का याह्या सिनवर मौत पर एक्शन इजरायली पीएम के घर ड्रोन हमला रिएक्शन, तीसरे विश्व युद्ध का टेंशन।
साथियों बात अगर हम इजरायली पीएम के घर ड्रोन हमले की करें तो,लेबनानी गुट हिजबुल्लाह की ओर से शनिवार को निजी आवास पर ड्रोन हमले की कोशिश के बाद इजरायली पीएम बेंजामिन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि इस ड्रोन अटैक के पीछे ईरान के एजेंट हिजबुल्लाह का मकसद उनको मारना था।उन्होंने दावा किया कि उनके साथ-साथ उनकी पत्नी की भी हत्या इस ड्रोन अटैक के जरिए करने की साजिश थी। उन्होंने इस अटैक के लिए ईरान के प्रॉक्सी और एजेंट्स को जिम्मेदार कहा है।ईरान पर लगाया हमले का आरोप,याह्या सिनवार की मौत और ड्रोन हमले ने इस युद्ध में एक नया मोड़ दिया है। इजरायल अब हामास और उससे जुड़े ईरानी एजेंटों से संघर्ष को बढ़ाता हुआ नजर आ रहा है।मसलन, इजरायली अधिकारी ने दावा किया कि हमले ईरान के इशारे पर किए गए थे, लेकिन इसके लिए इजरायल ने कोई सबूत पेश नहीं किया है।पीएम ऑफिस से आए एक बयान के मुताबिक, ईरान ने नेतन्याहू को निशाना बनाने की कोशिश की थी। यह घटना कासेरिया में हुई,जो अपने शानदार विला और रोमन सभ्यता के अवशेषों के लिए मशहूर है।इडीएफ ने बताया कि ड्रोन लेबनान से लॉन्च किए गए थे और इस हमले के कारणों की जांच की जा रही है। ईरान की तरफ से फिलहाल इजरायल के आरोपों पर कुछ प्रतिक्रिया समने नहीं आई है।कहा जा रहा है कि ड्रोन हमले के बीच लोगों को कोई वार्निंग नहीं मिली। मसलन, इजरायल का सुरक्षा कवच (वार्निंग सिस्टम) आमतौर पर किसी भी हमले को भांप लेता है और साइरन के जरिए लोगों की चेतावनी मिलती है। हालांकि, नेतन्याहू के आवास को निशाना बनाने वाले ड्रोन्स का पता नहीं चला।
साथियों बात अगर हम दुनियाँ के अलग-अलग गुटों में बटें होने व भारत की भूमिका की करें तो, इस समय अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य जटिल भी होता जा रहा है। दुनियाँ अलग अलग इलाकों में कई तरह से बंटी नजर आती है। जहां यूक्रेन के खिलाफ अमेरिक़ा पूरी दुनियाँ को रूस को लामबंद कर रहा है, और भारत रूस का साथ छोड़ने के लिए तैयार नहीं है, वहीं हमारा देश कई मामलों में चीन के खिलाफ अमेरिका का साथ देता दिखता है, तो फिर रूस, भारत, चीन, ब्राजील और साउथ अफ्रीका जैसे देशों का संगठन कुछ अजीब सा ही लगता है।पिछले कुछ समय से दुनियाँ में हलचल और युद्ध का संकट ज्यादा दिखाई दे रहा है, ऐसे में भारत की वैश्विक मंच पर भूमिका भी और भी संवेदनशील हो चली है। ऐसे में भारत और रूस, सहित कई विकासशील देशों का आपस में एक सहयोग संगठन में है जिसे ब्रिक्स कहते हैं।आगामी 22 अक्टूबर भारतीय पीएम रूस के शहर कजान में इसी के सम्मेलन में भाग लेने के लिए जा रहे हैं। भारत के पीएम अपनी वैश्विक भूमिकाओं के कारण ग्लोबल लीडर साबित हुए हैं। वे दुनियाँ के हर मंच पर अपनी काबिलियत का लोहा मनवा रहे हैं। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले उनकी ये भूमिका उन्हें दुनियाँ के अन्य नेताओं से अलग करती है।
साथियों बात अगर हम युद्ध के माहौल में 16 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 23-25 अक्टूबर 2024 की करें तो, ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले भारत के पीएम के इज़राइल व फिलिस्तीन और रूस व यूक्रेन जंग रुकवाने के लिए किए गए प्रयास के कारण एक बार फिर ग्लोबल लीडर साबित हुए हैं। ब्रिक्स सम्मेलन से पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने के लिएभारतीय पीएम के प्रयासों की सराहना की है। इससे पीएम की यह छवि और पुख्ता हुई है। पुतिन ने इज़राइल और फिलिस्तीन के बीच संघर्ष को समाप्त करने के लिए भारत की भूमिका को महत्वपूर्ण माना है। भारत ने हमेशा दोनों पक्षों के बीच बातचीत और शांतिपूर्ण समाधान की वकालत की है।भारत सरकार ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर यह मुद्दा उठाया है, साथ ही भारत ने हमेशा संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों और दो-राज्य समाधान के सिद्धांत का समर्थन किया है। भारत की भूमिका में मध्यस्थता, कूटनीतिक संवाद, और मानवता के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना शामिल है। हालांकि, स्थिति जटिल है और पीएम की भूमिका सीमित होती है, लेकिन भारत का यह प्रयास वैश्विक स्तर पर शांति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। ब्रिक्स सम्मेलन में फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास की भागीदारी एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। यह न केवल फिलिस्तीन के लिए एक अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी आवाज़ उठाने का अवसर है, बल्कि यह ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग और एकजुटता को भी दर्शाता है। इस भागीदारी के माध्यम से, अब्बास फिलिस्तीनी मुद्दों को प्रमुखता से उठाने और वैश्विक समर्थन प्राप्त करने का प्रयास करेंगे। इस प्रकार के सम्मेलनों में शामिल होकर, वे फिलिस्तीन के संघर्ष और स्थिति को दुनिया के सामने लाने की कोशिश करते हैं, जिससे कि अन्य देश और अंतरराष्ट्रीय संगठन फिलिस्तीन के अधिकारों और स्वतंत्रता के समर्थन में आगे आ सकें ब्रिक्स जैसे मंचों पर उनकी भागीदारी अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक नया दृष्टिकोण और संवाद का निर्माण कर सकती है।अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि हिजबुल्लाह का याह्या सिनवार मौत पर एक्शन-इज़रायल पीएम के घर ड्रोन हमला रिएक्शन, तीसरे विश्व युद्ध का टेंशन इजरायली पीएम के घर पर ड्रोन हमला इजरायली डिफेंस फोर्स के सुरक्षा घेरे में सेंध से दुनियाँ हैरान।इज़रायली पीएम के घर ड्रोन हमले के बीच 16 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 23-25 अक्टूबर 2024 कज़ान रूस में फिलिस्तीन भी शामिल होगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### मुझे टिकट मिले, इस मंशा से कभी काम नहीं किया: कार्तिकेय

भोपाल (ईएमएस)। मध्य प्रदेश के बुधनी विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी ने विदिशा के पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव को उम्मीदवार बनाया है। यह सीट मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की परंपरागत सीट है और उम्मीद की जा रही थी कि इस बार शिवराज के बेटे कार्तिकेय सिंह चौहान को टिकट मिल सकता है। लेकिन अब पार्टी द्वारा भार्गव को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद कार्तिकेय सिंह चौहान की प्रतिक्रिया सामने आई है।कार्तिकेय ने भोपाल में मीडिया से बातचीत में कहा, मैंने कभी इस मंशा से काम नहीं किया कि मुझे टिकट मिले। बुधनी के लोगों के पास जाने के लिए मुझे टिकट की आवश्यकता नहीं है। मैंने हमेशा एक आम कार्यकर्ता की तरह उनके लिए काम किया है।कार्तिकेय ने आगे कहा, हम एक विचारधारा से जुड़े हुए लोग हैं। यहां व्यक्तिगत इच्छाओं का कोई महत्व नहीं है। हमारे लिए केवल विचारधारा मायने रखती है, जो पार्टी के हर कार्यकर्ता को एक सूत्र में बांधकर रखती है। इसी विचारधारा के लिए हम काम करते हैं और करते रहेंगे। उन्होंने कहा, मेरे लिए इससे बड़ा कोई सौभाग्य नहीं हो सकता कि पार्टी के मेरे सभी साथियों ने मेरा नाम पैनल तक पहुंचाया। मेरे लिए यही सबसे बड़ी खुशी की बात है। मैं वचन देता हूं कि जिस तरह से शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में पार्टी ने बुधनी का चुनाव लड़ा है, उसी ताकत के साथ रमाकांत भार्गव के नेतृत्व में भी चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। कार्तिकेय ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा एक शक्तिशाली राष्ट्र का निर्माण कर रही है। डबल इंजन की सरकार के साथ अब रमाकांत भार्गव के टिकट के रूप में तीसरा इंजन भी जुड़ गया है, जिससे हम और भी ताकत से चुनाव लड़ेंगे।रमाकांत भार्गव को टिकट मिलने पर कार्तिकेय ने कहा, दादा मेरे लिए पिता तुल्य हैं। उनके नेतृत्व में हमने कई चुनाव लड़े हैं। मेरे जन्म से पहले भी पार्टी उनके नेतृत्व में चुनाव लड़ती आई है। वे अनुभवी नेता हैं और बुधनी के लिए उनका चयन बिल्कुल सही है।

### मछली पकड़ने गए युवक की डूबने से मौत

खरगोन (ईएमएस)। शहर सीमा से लगे उमरखली रोड स्थित वाटर वर्क्स स्थित तोरण डेम पर एक युवक हादसे का शिकार हो गया। युवक पैर फिसलने से नदी में जा गिरा जिससे डूबने से मौत हो गई। रविवार सुबह जिला अस्पताल में पीएम कराया गया। मिली जानकारी अनुसार पप्पू अब्दुल करीम मंसूरी निवासी दंगा पीड़ित बस्ती नहर के समीप की डूबने से मौत हुई। मृतक के भाई ऐजु ने बताया पप्पू ड्रायवर होकर भतीजे राजा के साथ शनिवार शाम करीब 6 बजे कुंदा नदी पर मछली पकडऩे गया था। जाल बिछाने के दौरान पप्पू फिसलकर नदी में जा गिरा, जिसे भतीजे राजा ने बचाने का प्रयास भी किया। गोताखोरो ने करीब 2 घंटे नदी में तलाशने के बाद शव निकाला। पप्पु की मौत के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।

### ओलंपियन मनु भाकर ने परिवार सहित बारनवापारा अभ्यारण्य का किया भ्रमण

रायपुर, (ईएमएस)। पेरिस ओलंपिक में शूटिंग में 02 मेडल जीत कर इतिहास रचने वाली निशानेबाज एवं ओलंपिक विजेता मनु भाकर 27 वीं अखिल भारतीय वन खेल कूद प्रतियोगिता 2024 के समापन समारोह में शामिल होने राजधानी रायपुर पहुंची हैं। सुश्री मनु भाकर ने आज बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के प्रसिद्ध बारनवापारा अभ्यारण्य में सपरिवार भ्रमण किया।उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान आज बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के प्रसिद्ध बारनवापारा अभ्यारण्य में मनु भाकर ने अपने परिवार के साथ भ्रमण किया। उन्होंने बारनवापारा अभ्यारण्य के घने जंगलों एवं वन्यप्राणियों को स्वच्छंद विचरण करते देखकर प्रसन्नता जाहिर की और वन विभाग द्वारा वन्य जीवों और उनके संरक्षण और संवर्धन के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि दिल्ली से आते हुए, यह अब तक का सबसे अच्छा अनुभव रहा है, प्रकृति हमारे लिए कितनी महत्वपूर्ण है। वनों के संरक्षण के महत्व को जाना है। इस अभ्यारण्य में स्वच्छ और संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र को बहुत अच्छी तरह से बनाए रखा गया है। यह मेरे लिए अविस्मरणीय है, मैं यहां दोबारा आना चाहूंगी।इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजू अगसिमनी, मुख्य वन संरक्षक रायपुर वृत्त मयंक अग्रवाल, वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार, बारनवापारा अभ्यारण्य अधीक्षक आनंद कुदरया सहित बारनवापारा अभ्यारण्य के समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

### चांद की चमक देख चेहरे पर छाया नूर, करवा चौथ पर महिलाओं ने किया निर्जला व्रत

खरगोन (ईएमएस)। अखंड सौभाग्यवती की कामना के साथ सुहागिनों ने रविवार को बिना अन्न.जल ग्रहण किए करवा चौथ का व्रत रखा। पूरे दिन व्रत के बाद रात को महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर चांद का दीदार किया। कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्थी को मनाये जाने वाले इस पर्व को लेकर महिलाओं में पूरे दिन उत्साह का माहौल रहा। यह पर्व पति.पत्नी के रिश्ते को और ज्यादा मजबूती प्रदान करता है। सिख एवं सिंधी समाज की महिलाओं ने रविवार को श्री गुरुद्वारा साहेब में सामुहिक रुप से करवा चौथ मनाया। यहां 16 श्रृंगार कर पहुंची महिलाओं ने परंपरा के अनुसार सामूहिक पूजा.अर्चना की। गोल घेरे में बैठकर पूजन सामग्री से सजी थाली को भक्ति गीतों पर एक दूसरे तक पहुंचाया। यह क्रम 5 बार चला। समाज में सामूहिक रूप से पूजा करने की यह परंपरा सदियों से चली आ रही है।

### दहेज प्रताड़ना - मकान की किस्त भरने के लिए मांगे दो लाख

इन्दौर (ईएमएस) मकान की किश्त भरने के नाम पर मायके से दो लाख रुपए लाने की मांग करने वाले पति व सास-ससुर के खिलाफ महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। मामला चंदन नगर थाना क्षेत्र का है। चंदन नगर थाना पुलिस के अनुसार पायल वर्मा उम्र तैवीस साल निवासी न्यू लक्ष्मी पैलेस नूरानी नगर की शिकायत पर पुलिस ने पति विनीत, सास गिरजा व ससुर प्रहलाद वर्मा के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज किया है। पायल ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि शादी के दो महीने बाद से ही पति व सास-ससुर घर की छोटी मोटी बातों को लेकर मुझसे झगड़ने लगे। पति कहने लगा तेरे घरवालों ने दहेज में कुछ नहीं दिया। तू अपने घर से दो लाख रुपए ला, मुझे मकान की किस्त भरनी है। जब उनसे कहा कि मेरे मां-बाप ने अपनी हैसियत से जो देना था वह सब दिया था तथा भाई विजय से भी जितनी मदद बन सकती थी, उसने की थी इस पर पति व सास- ससुर गालीगलौज कर मारपीट कर कहने लगे कि मायके से पैसे नहीं लाई तो तुझे घर से निकाल देंगे। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### स्काउट रैली को लेकर उत्साह, स्काउट गाइड की आमद शुरू

ग्वालियर ( ईएमएस ) । नयागांव ग्वालियर में भारत स्काउट गाइड की संभागीय रैली को लेकर स्काउट गाइड में बेहद उत्साह है। संभाग से स्काउट एवं गाइड के आने का क्रम शुरू हो गया है। स्काउट गाइड के लिये नयागांव प्रशिक्षण केन्द्र पर टेंट नगरी बनकर तैयार हैं। आज भी स्काउट पदाधिकारियों ने भ्रमण कर रैली की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया। संभागीय रैली 21 से 25 अक्टूबर तक चलेगी।रविवार को नयागांव स्काउट प्रशिक्षण केन्द्र पर सहायक जिला कमिश्नर विनय अग्रवाल सहित जिला उपाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, शिवनारायण गुप्ता, एएसओसी व रैली संचालक शंकर सिंह, कार्यकारिणी सदस्य अजय मिश्रा, स्काउट कोषाध्यक्ष एसडी उपाध्याय ने भ्रमण कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया। प्रशिक्षण केन्द्र पर स्काउट और गाइड के लिये अलग अलग ठहरने की व्यवस्था की गई है, वहीं विभिन्न क्षेत्रों को स्काउट क्रमानुसार नाम दिये गये हैं। स्काउट गाइड के विभिन्न कार्यक्रमों, साहसिक अभियान व ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिये विशेष व्यवस्था की गई है। रैली के दौरान यहां ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, अशोकनगर, गुना से लगभग 700 स्काउट गाइड अपने शिक्षक व प्रशिक्षकों के साथ यहां आयेंगे। यहां रैली मं मार्चपास्ट, फूड क्रापर, फूड प्लाजा, शिविर कला, प्रदर्शनी, साहसिक गतिविधियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम व लोकनृत्य के आयोजन होंगे। जिसमे स्काउट गाइड अपनी कला व योग्यता का प्रदर्शन करेंगे।स्काउट गाइड रैली में आयोजकों ने रैली व शिविर की थीम पर पहले पाओ शिक्षा दूर करो बाल भिक्षा का नाम दिया हैं। इसमे विभिन्न विषय विशेषज्ञों का उदबोधन भी होगा और स्काउट गाइड को अनुशासन, शांति प्रिय जीवन की शैली के साथ स्वरोजगार पर भी जागरूक किया जायेगा। रैली के लिये विभिन्न स्काउट रोवर रेंजर विपिन कुमार, गगन शर्मा, आयुष शर्मा, प्रताप माहौर, हर्षिता कुलकर्णी, अल्पना, नरेन्द्र पिप्पल, सुजीत जैन व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में लगे हैं।

# उद्योगों के विकास की सभी बाधाओं को किया जाएगा दूर : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

रीवा (ईएमएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विन्ध्य में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं। इन्हें गति देने के लिए 23 अक्टूबर को रीवा में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। उद्योगों के विकास की सभी बाधाएं दूर की जाएंगी। सभी उद्योगपति अपनी कठिनाइयों को उद्योग विभाग अवगत कराएं। हर जिले में निवेश संवर्धन केन्द्र खोल दिये गये है। इसके माध्यम से भी सरकार तक अपनी बात पहुंचाएं। उद्योगपतियों की स्थानीय कठिनाइयों को दूर करने की जिम्मेदारी कमिश्नर और कलेक्टर की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य के उद्योगपतियों को उत्पादों के निर्यात के लिए कंटेनर की सुविधा मिलेगी। अब रेल के साथ मालवाहक हवाई जहाजों से भी परिवहन होगा। उद्योगपति केवल अपने लिए उद्योग नहीं चलाते हैं। उनके द्वारा संचालित उद्योग से प्रदेश और देश का विकास भी होता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रीवा में 23




अक्टूबर को होने वाली रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के संदर्भ में स्थानीय उद्योगपतियों के साथ चर्चा कर रहे थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के औद्योगिक विकास को गति देने के लिए हर माह संभागीय मुख्यालयों में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। जब कुँआ खुद प्यासे के पास जा रहा है तब उद्योगों को भला कौन सी कठिनाई होगी। उद्योगपतियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि धान की मिलिंग के संबंध में जो कठिनाईयाँ हैं उन्हें दूर करने के लिए शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। मिलिंग नीति में राइस मिलर्स के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। उद्योगों के लिये वर्ष 2022-23 के अनुदान की राशि जारी कर दी गई है। अब अनुदान की राशि सीधे उद्योगपति के खाते में जारी की जाएगी। विन्ध्य क्षेत्र के विकास की हर बाधा दूर की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मैं रीवा का दामाद हूँ, रीवा के विकास में कोई कोर कसर नहीं रखूंगा।

#### उद्योगों पर नहीं होगा दोहरा कराधा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में उपस्थित रीवा तथा मऊगंज के उद्योगपतियों से चर्चा की और सिंगरौली, सीधी, मैहर तथा सतना के उद्योगपतियों से वर्चुअल संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगों पर दोहरा कराधान नहीं होगा। आगामी 23 अक्टूबर को रीवा में पूरे विन्ध्य के औद्योगिक विकास के लिए विचार-मंथन के लिए कॉन्क्लेव होगा। इसमें शामिल होने के लिए 50 बड़े उद्योगपतियों के साथ 3 हजार से अधिक उद्योगपतियों ने पंजीयन किया है। इसी दिन औद्योगिक केन्द्र चोरहटा में विद्युत सब-स्टेशन के निर्माण तथा रीवा में आईटी पार्क के निर्माण का भूमि-पूजन भी किया जायेगा। विन्ध्य में कई बड़े उद्योगों की स्थापना के प्रस्ताव रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में मिलेंगे।बैठक में उद्योगपतियों ने औद्योगिक विकास के अनुसार जिलों के श्रेणीकरण, रीवा को विशेष औद्योगिक जोन का दर्जा देने, धान मिलिंग तथा बारदाने की राशि के भुगतान, छोटे शहरों के औद्योगीकरण को प्राथमिकता देने, सिंगरौली में उद्योगों के लिए पर्याप्त पानी की उपलब्धता, पॉवर, एल्युमिनियम और सीमेंट प्लांट सहित विभिन्न सुझाव दिए।मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव राघवेन्द्र कुमार सिंह ने रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव की रूपरेखा प्रस्तुत की। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद रीवा जनार्दन मिश्र, सांसद सीधी डॉ. राजेश मिश्रा, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी, विधायक मनगवाँ नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. नीता कोल, प्रबंध संचालक औद्योगिक विकास निगम चन्द्रमोली शुक्ला, कमिश्नर रीवा बी.एस. जामोद और कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल उपस्थित रहीं। बैठक में उद्योग संघ रीवा के अध्यक्ष राजीव खन्ना, जी.एस. साहनी, दिलीप सिंह, आर.के. रोघटा, आदित्य प्रताप सिंह, श्रीमती विभा त्रिकांत द्विवेदी सहित अन्य उद्योगपति शामिल हुए।

### एसटी निगम के बेड़े में आने लगी अशोक लीलैंड कंपनी की बसें

मुंबई, (ईएमएस)। एसटी निगम में स्व-स्वामित्व वाली अशोक लीलैंड कंपनी की बसें प्रवेश करना शुरू कर चुकी हैं। अशोक लीलैंड निर्मित पहली बस दापोडी में प्रवेश कर गई है। ऐसी कुल 2,430 बसें निगम को उपलब्ध होंगी। संभावना है कि एसटी दिवाली उत्सव तक 300 बसें उपलब्ध हो जाएंगी। इन बसों में आरामदायक सीटें हैं और ये स्वयं के स्वामित्व वाली हैं, इसलिए निगम को काफी फायदा होगा। बता दें कि एसटी निगम ने हाल ही में बसों की खरीद के लिए अशोक लीलैंड कंपनी के साथ एक समझौता किया है। पहले एसटी निगम के पास 18 हजार बसों का बेड़ा था। लेकिन नई बसों की खरीद कई सालों से रुकी हुई है। इसलिए, एसटी निगम में पुरानी बसों की संख्या काफी हद तक बढ़ गई है। वर्तमान में एसटी निगम के पास 16 हजार बसें हैं। नई बसें 2 बाई 2 सीटर हैं और डीजल से चलती हैं। इसलिए एसटी निगम इन बसों को लंबी दूरी के रूटों पर चला सकेगा। एसटी निगम में धीरे-धीरे इलेक्ट्रिक बसें भी जोड़ी जा रही हैं। साथ ही एलएनजी से चलने वाली बसों को भी तैयार किया जा रहा है।

# थूक लगाकर मूत्र के हाथों से फल बेच रहे विक्रेता को पकड़ा

अलीगढ़ (ईएमएस)। अखिल भारतीय करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ठा0 ज्ञानेंद्र सिंह चौहान को सूचना मिली कि बारहद्वारी पर एक फल विक्रेता फलों पर थूक एवं नाक की गंदगी लगाकर तथा मूत्र के गीले हाथों से फल बेच रहा है सूचना मिलने पर अखिल भारतीय करणी सेना के पदाधिकारियों ने फल विक्रेता को रंगे हाथों पकड़ कर पुलिस को दे दिया। प्रदेश अध्यक्ष ठा0 ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि फल विक्रेता मोहम्मद दानिश जो कि धोबी वाली गली, ईदगाह, शाहजमल का निवासी है फलों पर थूक व नाक की गंदगी लगाकर एवं मूत्र के हाथों से ही लोगों को फल दे रहा था अखिल भारतीय करणी सेना के सदस्य भास्कर अग्रवाल ने उसको ऐसा करते देखकर अखिल भारतीय करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ठा0 ज्ञानेंद्र सिंह चौहान व महानगर अध्यक्ष युवा शक्ति सचिन राघव को सूचना दी। सूचना मिलने पर अखिल भारतीय




करणी सेना के तमाम पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी तथा आरोपी फल विक्रेता को पुलिस के हवाले कर बन्नादेवी थाने में मुकदमा कायम कराया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस तरह की जिहादी मानसिकता के लोग विभिन्न तरीके अपनाकर हिंदुओं का धर्म भ्रष्ट करने का कार्य कर रहे हैं तथा पूर्व में भी इसी प्रकार की कई घटनाएं हो चुकी है साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ने सभी हिंदू भाई बहनों से अपील की है कि ऐसे जिहादियों से किसी भी प्रकार की खरीदारी ना करें क्योंकि इस तरह की जिहादी मानसिकता के लोग हिंदुओं का धर्म भ्रष्ट करने का एवं पूजा पाठ को खंडित करने का कोई भी मौका नहीं छोड़ रहे हैं। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष युवा शक्ति सचिन राघव, ज्ञानेश गुप्ता, विकास दीक्षित, भास्कर अग्रवाल, रजत अग्रवाल, मोहित वार्ष्णेय, शिवा राजपूत, राहुल, अंकित जाटव, शरद कुशवाहा, नितिन गुप्ता, संजीव सक्सेना आदि करणी सैनिक उपस्थित थे।

# पक्का गंगा घाट व,रामघाट मार्ग पक्का करो के बैनर तले किया प्रदर्शन

अलीगढ़ (ईएमएस)। सांकरा को पर्यटन स्थल बनाओ मुहिम के तहत प्राचीन सांकरा गंगाघाट पर पक्का गंगाघाट सांकरा से रामघाट तक मार्ग के निर्माण राजा शंकर सिह के किले को पर्यटन स्थल का दर्जा दिलाये जाने को लेकर हाथो में वेनर पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया।प्रदर्शन से पूर्व राजवीर सिंह यादव के लहरा सलेपुर स्थित आवास पर एक बैठक आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता धनसिंह कोहली ने की व संचालन के0सी0 यादव ने किया । इस अवसर पर सांकरा गंगाघाट पर्यटन विकास सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष विनय यादव ने बोलते कहा हमारी समिति सांकरा को पर्यटन स्थल बनाओ मुहिम के तहत सन 2012 से लगातार संघर्ष करती चली है बदायूँ बरेली सम्भल मुरारादावाद जनपदों को अलीगढ़ जनपद से जोड़ने वाला सांकरा मिठनपुर गंगापुल 100 करोड़ से भी अधिक लागत से बना है मार्गो के निर्माण न होने से गंगापुल का जनता को लाभ नही मिल पा रहा है



अवशेष 15 मांगों में प्राचीन गंगाघाट पर पक्के गंगाघाट का निर्माण राजा शंकर सिह के किले पर्यटन स्थल का दर्जा रामघाट सांकरा मार्ग का निर्माण न0 भूड़ से डबल रोड का निर्माण कासगंज सांकरा मार्ग का डबल रोड निर्माण सांकरा गंगाघाट से मिठनपुर मार्ग का निर्माण सांकरा पर शासकीय डिग्री कालेज का निर्माण सांकरा पर शासकीय स्वास्थ्य हॉस्पिटल का निर्माण सांकरा गंगाघाट पर पार्क का निर्माण सांकरा गंगाघाट पर शासकीय गेस्ट हाउस का निर्माण सांकरा नवीन थाने का निर्माण सांकरा गंगाघाट पर महिलाओं के वस्त्र बदलने के स्थान सांकरा गंगाघाट पर सबदाह ग्रहों का निर्माण सांकरा गंगाघाट को जोड़ने वाले अलीगढ़ सांकरा कासगंज सांकरा रामघाट सांकरा बदायू सांकरा सम्भल सांकरा मार्गो पर रोडवेज वसो का संचालन व रोडवेज वस स्टैंड का निर्माण आदि मांगे पूरी नही हो जाती हैं। तब तक हमारी समति अलीगढ़ बदायूँ सम्भल जनपद के प्रत्येक ग्राम में क्रमवद्ध तरीक़े आंदोलन चलती रहेगी।

# कांकेर की मासुलपानी पंचायत को मिलेगा राष्ट्रीय जल पुरस्कार

### राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु 22 अक्टूबर को करेंगी सम्मानित

कांकेर, (ईएमएस)। जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए जिले की मासूलपानी ग्राम पंचायत को राष्ट्रीय जल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु 22 अक्टूबर को 11 बजे प्लेनरी हॉल, विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार के अंतर्गत कांकेर के नरहरपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मासुलपानी को श्रेष्ठ पंचायत श्रेणी में द्वितीय स्थान के लिए सम्मानित करेंगी गौरतलब



है कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर पाटिल ने 14 अक्टूबर को श्रम शक्ति भवन नई दिल्ली में 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा की, जिसमें कांकेर जिले की मासुलपानी पंचायत सहित 38 विजेताओं के नाम शामिल है। यह पुरस्कार 9 श्रेणियों में दिए जाएंगे।कांकेर जिले की ग्राम पंचायत मासुलपानी जिला मुख्यालय से 5 किमी की दूरी पर स्थित है। मासुलपानी में 5 राजस्व गांव शामिल हैं और ग्राम पंचायत का कुल क्षेत्रफल 1429 हेक्टेयर है। मासुलपानी पंचायत में 90 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जनजाति की है। जल संरक्षण के क्षेत्र में मासुलपानी पंचायत ने उल्लेखनीय कार्य किया है। इस ग्राम पंचायत में 161 जल शेड संरचनाएं बनाई गई हैं, जिनमें 99 फार्म तालाब शामिल हैं। इसके अलावा, वर्ष 2023 के दौरान पंचायत द्वारा 39 नंबर ब्रशवुड, एक सामुदायिक तालाब डी-सिल्टिंग, 02 कुएं, 02 भूमिगत बांध, 03 गेबियन और अन्य संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इसके चलते लोगों ने सिंचाई के लिए सतही जल का उपयोग करना शुरू कर दिया है।

### नगर पालिका टीम यातायात व्यवस्था सुचारू रखने दिन भर रही मुस्तैद, दी समझाइश

नर्मदापुरम (ईएमएस)। नगर की यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए नगरपालिका और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने यातायात व्यवस्था सुचारू रहे इसके लिए दिन भर कार्रवाई की। नगर के विभिन्न क्षेत्रों से सड़क पर व्यवसाय कर यातायात व्यवस्था को अवरूद्ध करने वाले फल सब्जी विक्रेताओं को हटाकर उन्हें निर्धारित स्थान पर पहुंचाया गया है। अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के निर्देश पर यातायात व्यवस्था सुचारू रखने दिन भर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के नेहरू पार्क के सामने, एसएनजी स्टेडियम के आसपास, हीरो होण्डा चौक, सतरस्ते से फल विक्रेता एवं सब्जी विक्रेताओं को हटाकर उन्हें निर्धारित स्थान पर पहुंचाया गया। उन्हें सड़क किनारे व्यवसाय न करने की हिदायत दी गई। इस अभियान में यातायात विभाग का विशेष सहयोग रहा। नपाध्यक्ष श्रीमती यादव एवं प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी डॉ प्रशांत जैन ने सब्जी एवं फल विक्रेताओं से आग्रह किया है।

### 29 दिन में फैसला, दुष्कर्म के दोषी को बीस साल की सजा

अलीगढ़ (ईएमएस)। एडीजे विशेष पॉक्सो एक्ट सुरेंद्र मोहन सहाय की अदालत ने नावालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को दोषी करार देते हुए बीस साल की सजा सुनाई है। अदालत ने 50 हजार का जुर्माना भी लगाया है। यह फैसला ट्रायल शुरू होने के महज 29 दिनों में आया है, जो भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत दर्ज मुकदमे में प्रदेश में पहला और देश में दूसरा बताया जा रहा है।यह घटना इसी साल 19 जुलाई को अतरौली क्षेत्र में हुई थी। ट्रायल 21 सितंबर को शुरू हुआ था। पड़ोसी युवक घर में बैठी बच्ची को टॉफी दिलाने का लालच देकर अपने साथ ले गया था। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मुकदमा अतरौली थाने में दर्ज हुआ था। जिसमें कहा गया था कि 11 साल की बच्ची जो मानसिक रूप से अस्वस्थ थी, घर में चारपाई पर बैठी थी। तभी आरोपी भरत भूषण उर्फ सोनू घर में आया और बच्ची को टॉफी दिलाने का लालच देकर अपने घर ले गया और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। एक युवक ने उसे देख लिया और उसकी मोबाइल फोन से वीडियो भी बना ली थी। युवक आरोपी को पकड़ने के लिए दौड़ा, मगर वह भाग गया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी भरत भूषण को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। पुलिस ने सभी साक्ष्यों का संकलन कर चार्जशीट अदालत में पेश की। न्यायालय में ट्रायल शुरू हुआ। सत्र परीक्षण के दौरान साक्ष्यों व गवाही के आधार पर उसे दोषी मानते हुए सजा सुनाई गई है। अभियोजन अधिवक्ता विशेष लोक अभियोजक महेश सिंह के अनुसार महज 29 दिनों में यह फैसला आया है। मुकदमे में सबसे मजबूत साक्ष्य चश्मदीद द्वारा बनाया गया वीडियो माना गया है। जिसके आधार पर अदालत ने अधिकतम सजा सुनाई है।

# रात में धरती का सीना चीर खोखला कर रहा खनन माफिया, बिना नम्बर के फर्राटा मार दौड़ रहे डम्फर एवं ट्रैक्टर-ट्रॉली

### मिट्टी का भराव रेलवे की परमीशन दिखाकर लोगों को मिट्टी बेचकर चांदी काट रहे मिट्टी माफिया

अलीगढ़ (ईएमएस)। जिला मुख्यालय समीपस्थ थाना मडराक क्षेत्र के आसना पुलिस चौकी की नाक के नीचे सिघांरपुर और गांव बझेड़ा के अलावा रामनगर,मुकुन्दपुर में अवैध मिट्टी खनन का कारोबार थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। मिट्टी माफिया द्वारा बेहद ही शातिराना अंदाज में मिट्टी का दोहन किया जा रहा है। आश्चर्यजनक बात तो यह है कि निर्धारित मापदंड के अनुरुप मिट्टी खनन की परमिशन में दो से तीन घन मीटर मिट्टी खनन करने की है,लेकिन पर मिट्टी माफिया निर्धारित मापदंड़ के बीस फुट तक मिट्टी का खान कर रहे हैं। बावजूद इसके किसी प्रकार की कार्यवाही ना किए जाना, विभागीय अधिकारियों की भी संदिग्ध भूमिका की ओर इंगित करता है। वहीं मिट्टी




माफिया रेलवे के परमीशन दिखाकर अवैध रूप से मिट्टी को बेचकर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं।

#### शासकीय आदेश की उड़ रही धज्जियां

कानून के धज्जियां उड़ाते हुए पूरे नियमों का धत्ता बना कर सैकड़ों उम्फर और ट्रैक्टर-ट्रॉली से अवैध मिट्टी खनन का काला कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। लगातार विरोध के बाद भी किसी प्रकार की कार्यवाही ना होने से आम जनता में आक्रोश की स्थिति पनप रहा है। अगर इस पर नकेल नहीं कसी गई तो कभी भी विस्फोटक स्थिति निर्मित हो सकती है जिसकी जिम्मेदारी मिट्टी माफियाओं को संरक्षण प्रदान करने वालों की होगी।शासन के निर्धारित मापदंड के अनुरुप मिट्टी खनन की परमिशन दी जाती है ताकि लोगों को मिट्टी के भराव आदि के लिये परेशान ना होना पड़े,लेकिन नियम कानून को ताक पर रखकर अधिकारियों के आदेशों धज्जियां उड़ाते हुये मिट्टी माफिया कृषि भूमि और जमीनों का सीना चीर कर अपना खजाना भरने में लगे हुए हैं।जिले भर में हो रहे मिट्टी के बेजा दोहन के पीछे हाई प्रोफाइल लोगों के राजनीतिक संरक्षण के चलते इलाका पुलिस चुप्पी साध लेती हैं कि मुंह बंद रखने के लिए उन्हें अच्छी खासी राशि देने के साथ ही राजनीतिक संरक्षण भी प्रदान किया जाता है। सूत्रों की माने तो मिट्टी खनन की स्वीकृति उन्हीं माफियाओं को दी जाती है जो हाई प्रोफाइल लोगों के नुमाइंदों के साथ मिलकर धरती का सीना चीरने में अपना पूरा सहयोग प्रदान करें।ज्ञात हो कि अलीगढ़ मण्ड्ल बनने के बाद से ही आसपास के मिट्टी माफिया बेहद ही सक्रिय होकर अपने कारनामों को अंजाम दे रहे हैं। उसके पीछे मुख्य कारण यह है कि यहां उनका कोई विरोध नहीं करता जिसके चलते जिले में लगातार खनन माफियाओं की संख्या बढ़ती चली जा रही है। खनन माफियाओं की बढ़ती संख्या का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है बहरहाल, मामला चाहे जो भी हो यदि इन खनिज माफियाओं पर नकेल नहीं कसी गई तो वह दिन दूर नहीं जब क्षेत्रवासियों को मिट्टी के लिए तरसना होगा और तब तक मिट्टी माफिया यहां से अपना खजाना भर नौ दो ग्यारह हो चुके होंगे।

#### इनका कहना है

इस सबंध में एसडीएम इगलास शाश्वत त्रिपुरारी से वार्ता करने की कोशिश की गई तो उन्होंने कोई संतोषपूर्ण जबाव नहीं दिया। एसडभ्म का कहना था कि रेलवे लाइन के लिये मिट्टी खनन की परमीशन ली गई है। जब उनसे पूंछा कि मिट्टी माफिया रेलवे की मिट्टी को उम्फरों से भरकर लोगों को बेच रहे हें तो उनका कहना था कि इस तरह की करोई जानकारी नहीं मिलीहै अगर मिलेगी तो कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### करवा चौथ पर 22,000 करोड़ की बिक्री होने का अनुमान : सीएआईटी

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत में इस बार करवा चौथ 20 अक्टूबर को मनाया जा रहा है। अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (सीएआईटी) ने कहा कि करवा चौथ के मौके पर दिल्ली एवं देश के बाजारों में लगभग 22 हजार करोड़ रुपए का कारोबार होने की उम्मीद है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 46 प्रतिशत अधिक होगा। पिछले वर्ष यह आंकड़ा लगभग 15 हजार करोड़ रुपए से अधिक का था। पिछले 2 दिनों से कुछ समय से देश के बाजारों में इस पर्व की खरीदारी को लेकर जोश बना हुआ है। कपड़ों, ज्वैलरी से लेकर श्रृंगार-कॉस्मैटिक का सामान, गिफ्ट आइटम्स, पूजा के आइटम्स की जमकर शॉपिंग की जा रही है। इसके लिए दिल्ली समेत देश भर के बाजारों में खूब भीड़ दिखाई दे रही है। इस त्यौहारों के लिए लोग काफी खरीदारी कर रहे हैं। इस साल बाजारों में पिछले साल के मुकाबले रौनक भी ज्यादा दिखाई दे रही है। अगस्त में जन्माष्टमी के त्यौहार पर 25,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का कारोबार हुआ। व्यापारियों के सबसे बड़े संगठन के अनुसार विकासशील अर्थव्यवस्था में ज्यादा बिक्री कारोबार मजबूत उपभोक्ता खर्च को दर्शाता है, जो त्यौहारों के दौरान बढ़ जाता है। सीएआईटी को इस वर्ष त्यौहारी सीजन की बढ़ी हुई अवधि के कारण 4 लाख करोड़ रुपए से अधिक की बिक्री की उम्मीद है। देश में त्यौहारी सीजन 19 अगस्त को रक्षा बंधन के साथ शुरू हुआ और तुलसी विवाह के दिन 15 नवंबर तक चलेगा।

### चेक कंपनी का अधिग्रहण कर सकता है जिंदल समूह

नई दिल्ली (ईएमएस)। अपनी वैश्विक उपस्थिति मजबूत करने घरेलू जिंदल समूह चेक कंपनी विटकोवाइस की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए बातचीत कर रहा है। सूत्रों ने कहा कि समूह अपनी इकाई जिंदल स्टील इंटरनेशनल के जरिये इस वित्त वर्ष के अंत तक यह अधिग्रहण पूरा कर सकता है। यह यूरोप में जिंदल समूह का पहला अधिग्रहण होगा। नवीन जिंदल के स्वामित्व वाले कारोबारी घराने की पहले से ही ऑस्ट्रेलिया, मोजाम्बिक और ओमान जैसे देशों में इस्पात, बिजली और खनन जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपस्थिति है। उद्योग सूत्रों ने कहा कि दोनों पक्षों का प्रबंधन इस सौदे के लिए सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है। सौदे के हिस्से के रूप में जिंदल समूह विटकोवाइस स्टील में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करेगा। सूत्रों के अनुसार सौदे का आकार लगभग 15 करोड़ यूरो यानी लगभग 1,000 करोड़ रुपये हो सकता है। विटकोवाइस स्टील के अधिग्रहण से जिंदल समूह को यूरोपीय बाजार में पैठ जमाने में मदद मिलेगी। समूह ओमान में अपनी इकाई वल्कन ग्रीन स्टील (वीजीएस) के माध्यम से हाइड्रोजन आधारित स्टील विनिर्माण इकाई भी स्थापित कर रहा है।

### डिज्नी प्लस हॉटस्टार में जियोसिनेमा का होगा मर्जर

मुंबई (ईएमएस)। मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस जियो ने डिज्नी हॉटस्टार को खरीद लिया है। इसके बाद कंपनी डिज्नी प्लस हॉटस्टार में जियोसिनेमा का मर्जर हो जाएगा। डिज्नी प्लस हॉटस्टार के साथ जियोसिनेमा का मर्जर होने के बाद यह भारत के सबसे बड़ा ओटीटी प्लेटफॉर्म बन सकता है, क्योंकि दोनों ओटोटी ऐप के पास बड़ा यूजरबेस मौजूद है। इस मर्जर के बाद जियो के पास जियो के पास कुल 100 चैनल हो सकते हैं। रिलायंस जियो दो अलग-अलग ओटीपी ऐप्स नहीं चलाना चाहती हैं क्योंकि अलग-अलग ओटीटी ऐप के लिए अलग रिचार्ज पैक की जरूरत होती है। दोनों दोनों ऐप का अलग से प्रमोशन करना होगा। इससे ज्यादा पैसे खर्च करने होंगे। स्टार इंडिया और वियाकॉम 18 का मर्जर हो गया है। इसके बाद डिज्नी हॉटस्टार सिंगल स्ट्रीमिंग ऐप रह जाएगा। एक रिपोर्ट की मानें, तो जियो को डिज्नी हॉटस्टार की टेक्नोलॉजी ज्यादा पसंद है। यही वजह है कि जियो अपने पॉपुलर ओटीटी ऐप्स जियोसिनेमा को डिज्नी प्लस हॉटस्टार के साथ जोड़ना चाहती है। डिज्नी हॉटस्टार के करीब 50 करोड़ ज्यादा यूजर्स हैं, जबकि जियो सिनेमा के पास 10 करोड़ से ज्यादा यूजर हैं। इन दोनों कंपनियों के मर्जर के साथ डिज्नी प्लस हॉटस्टार देश की सबसे बड़ी एंटरटेनमेंट कंपनी बन जाएगी। यह डील करीब 8.5 अरब डॉलर में हुई है। जियो सिनेमा के मंथली औसत यूजर 22.5 करोड़ हैं। वही डिज्नी हॉटस्टार के मंथली एक्टिव यूजर्स की संख्या 33.3 करोड़ है।

### पूरी दुनिया में इंटरनेट कवरेज देता है एलन मस्क का स्टारलिंक सैटेलाइट

नई दिल्ली (ईएमएस)। सरकार ने सैटेलाइट इंटरनेट स्पेक्ट्रम आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ऐसें में स्टारलिंक सर्विस का जिक्र दोबारा से शुरू हो गया है। स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट पूरी दुनिया में बेहद पॉपुलर है। यह पूरी दुनिया में इंटरनेट कवरेज देता है। इसके लिए स्टारलिंक को जमीन के भीरत कोई तार नहीं बिछाने होते हैं। न ही स्टारलिंक की ओर से कोई मोबाइल टावर लगाए जाते हैं। यह एक सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस है, जिसकी मदद से देश के दूर-दराज के इलाकों तक बिना तार, केबल और मोबाइल टावर के हाई स्पीड इंटरनेट और कॉलिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस स्पेस एक्स कंपनी के तहत काम करती हैं, जिसके ओनर एलन मस्क है। वहीं एलन मस्क जिन्होंने हाल ही में सोशल नेटवर्किंग साइट टिवटर को खरीदा था। स्टारलिंक एक ग्लोबल ब्रॉडबैंड नेटवर्क है, जो लोअर-अर्थ आर्बिट बेस्ड सैटेलाइट सिस्टम पर काम करता है। यह हाई स्पीड इंटरनेट सर्विस पर काम करती है। एलन मस्क की कंपनी स्पेस एक्स की स्थापना साल 2002 में हुई थी। स्टारलिंक सर्विस को खराब मौसम को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। यह खराब मौसम जैसै बारिश, कोहरे और गर्मी में आराम से काम करती है। जब बादल होते हैं, उस वक्त भी स्टारलिंक सर्विस बिना किसी दिक्कत के काम करती है। स्टारलिंक मौजूदा वक्त में 36 देशों में मौजूद है। इसमें अमेरिका का नाम प्रमुखता से आता है। कंपनी 2025 तक ज्यादा से ज्यादा देशों तक पहुंचना चाहती है। भारत में सैटेलाइट स्पेक्ट्रम आवंटन शुरू हो चुका है। कंपनी जल्द ही भारत में सैटेलाइट सर्विस ऑफर कर सकती है।

### यूको बैंक का मुनाफा 50 फीसदी बढ़कर 603 करोड़ हुआ

नई दिल्ली (ईएमएस)। सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक का मुनाफा जुलाई-सितंबर तिमाही में 50 प्रतिशत बढ़कर 603 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 402 करोड़ रुपये था। ब्याज आय में बढ़ोतरी के कारण यह मुनाफा देखने को मिला है। यूको बैंक ने शेयर बाजार को दी गई जानकारी में बताया कि उसकी कुल आमदनी 7,071 करोड़ रुपये रही, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 5,866 करोड़ रुपये थी। बैंक की ब्याज आय भी बढ़कर 6,078 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 5,219 करोड़ रुपये थी। बैंक की शुद्ध ब्याज आय में भी 20 प्रतिशत का इजाफा हुआ, जो बढ़कर 2,301 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह आंकड़ा 1,917 करोड़ रुपये था। इसके साथ ही, बैंक का शुद्ध ब्याज मार्जिन भी सुधारकर 3.10 प्रतिशत पर पहुंच गया, जो बीते वर्ष की दूसरी तिमाही में 2.84 प्रतिशत था।

### वेदांता राजस्थान में करेगी 1 लाख करोड़ का निवेश

नई दिल्ली। वेदांता ने कहा कि वह राजस्थान में अलग-अलग कारोबारों में 1 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश करेगी। इनमें जिंक, तेल और गैस जैसे क्षेत्रों में निवेश शामिल है। वेदांत ग्रुप की कंपनी हिंदुस्तान जिंक 30,000 करोड़ रुपये का निवेश करके अपनी जिंक उत्पादन क्षमता को 1.2 मिलियन टन प्रति वर्ष से बढ़ाकर एमटीपीए करेगी। इसके साथ ही सिल्वर उत्पादन को 800 टन से बढ़ाकर 2,000 टन किया जाएगा और एक 1 एमटीपीए क्षमता वाला फर्टिलाइज़र प्लांट भी लगाया जाएगा। वेदांत लिमिटेड की सहायक कंपनी केयर्न ऑयल एंड गैस 35,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी ताकि उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 3 लाख बैरल प्रतिदिन किया जा सके। इसके अलावा वेदांत समूह की एक और इकाई सेरेंटिका रिन्यूएबल्स 50,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, जिससे 10,000 मेगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता का विकास किया जाएगा। यह निवेश ऊर्जा ट्रांजिशन में मदद करेगा और पर्यावरण के नियमों का पालन करते हुए हरित निर्माण को बढ़ावा देगा। वेदांत ने उदयपुर क्षेत्र में एक औद्योगिक पार्क बनाने की घोषणा की है, जहां छोटे और मझोले उद्योगों को 5 करोड़ रुपये से निवेश शुरू किया जा सकेगा।

# कंपनियों के नतीजों, वैश्विक रुझान से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

## इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ने की आशंका

नई दिल्ली (ईएमएस)। इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की दिशा कंपनियों के तिमाही नतीजों, वैश्विक रुझान और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने कहा कि सप्ताह के दौरान बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। एक वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक ने कहा कि कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों पर सभी की नजर रहेगी। इसके अलावा इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव की वजह से भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ने की आशंका है, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आ सकता है तथा बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) अभी तक भारतीय बाजार के प्रदर्शन में प्रमुख भूमिका निभाते रहे हैं। उनका रुख वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और घरेलू राजनीतिक घटनाक्रम पर निर्भर करेगा। एचडीएफसी बैंक का सितंबर तिमाही का मुनाफा छह प्रतिशत की वृद्धि के साथ 17,825.91 करोड़ रुपये रहा है। एकल आधार पर निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक का लाभ सितंबर तिमाही में बढ़कर 16,820.97 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 15,976.11 करोड़ रुपये था। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि किसी भी प्रमुख संकेतक के अभाव में बाजार भागीदारों की निगाह कंपनियों के तिमाही नतीजों पर रहेगी। सबसे पहले वे एचडीएफसी बैंक और कोटक बैंक जैसे बड़े बैंकों के परिणामों पर प्रतिक्रिया देंगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) और अल्ट्राटेक सीमेंट जैसी कंपनियां भी अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। इसके अलावा सप्ताह के दौरान बजाज हाउसिंग फाइनेंस, अदाणी ग्रीन एनर्जी, बजाज फाइनेंस, वन97 कम्युनिकेशंस, जोमैटो, बजाज फिनसर्व और बैंक ऑफ बड़ौदा के भी तिमाही नतीजे आएंगे। कोटक महिंद्रा बैंक का सितंबर तिमाही का मुनाफा 13 प्रतिशत बढ़ा है। सितंबर तिमाही में बैंक का मुनाफा 5,044 करोड़ रुपये रहा है। एकल आधार पर तिमाही के दौरान बैंक का लाभ पांच प्रतिशत बढ़कर 3,344 करोड़ रुपये रहा है। भू-राजनीतिक अनिश्चितता, चीनी अर्थव्यवस्था में सुस्ती और घरेलू बाजारों से लगातार एफआईआई की निकासी के कारण निवेशक सतर्कता बरत रहे हैं। पिछले सप्ताह विदेशी कोषों की भारी निकासी से घरेलू बाजार में गिरावट आई। विश्लेषकों का कहना है कि एफआईआई की बिकवाली और डीआईआई (घरेलू संस्थागत निवेशकों) की खरीद का रुझान निकट भविष्य में बरकरार रहने की संभावना है। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली की वजह भारत में ऊंचा मूल्यांकन और चीन के शेयरों का सस्ता मूल्यांकन है।




# देश में 2030 तक 120 करोड़ स्मार्टफोन कनेक्शन होने का अनुमान

### आधे यूजर्स 5जी स्मार्टफोन का कर रहे होंगे इस्तेमाल

नई दिल्ली (ईएमएस) । देश में साल 2030 तक 120 करोड़ स्मार्टफोन कनेक्शन होने का अनुमान है। इन कनेक्शन धारियों में से आधे यूजर्स 5जी स्मार्टफोन का इस्तेमाल कर रहे होंगे। भारत में 2030 तक स्मार्टफोन यूजर्स की संख्या 100 करोड़ का आंकड़ा पार करने जा रही है।



वैश्विक मोबाइल नेटवर्क बॉडी जीएसएमए के अनुसार, देश में 2030 तक 64.1 करोड़ से अधिक 5जी सब्सक्राइबर्स होने का अनुमान है, जिनकी संख्या 49 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। जीएसएमए इंटेलिजेंस के अनुमानों के अनुसार, भारत में अगले छह वर्षों में 5जी मोबाइल सब्सक्राइबर्स की संख्या में तेजी से वृद्धि होगी और डेटा का इस्तेमाल भी तेजी से बढ़ेगा 5जी सब्सक्राइबर्स की संख्या में इस जबरदस्त उछाल से डेटा खपत में भी भारी वृद्धि होगी, जिससे भारतीय दूरसंचार कम्पनियां बड़े निवेश करने के लिए प्रेरित होंगी। भारत में प्रति ग्राहक डेटा खपत 2023 -2029 के बीच 15 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़कर 68 जीबी प्रति माह तक पहुंचने की संभावना है। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में, भारत और इंडोनेशिया आर्थिक लचीलेपन, रोजगार सृजन और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए डिजिटलीकरण का लाभ उठाने की बेहतर स्थिति में हैं। संगठन ने कहा, नवीनतम जीएसएमए मोबाइल इकोनॉमी एशिया पैसिफिक 2024 रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 2030 तक 120 करोड़ स्मार्टफोन कनेक्शन होने का अनुमान है, जबकि इंडोनेशिया के 2030 तक 38.7 करोड़ कनेक्शन तक पहुंचने की उम्मीद है।

इसके अलावा, मोबाइल टेक्नोलॉजी और सेवाओं से 2023 में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सकल घरेलू उत्पाद का 5.3 प्रतिशत उत्पन्न हुआ, जिससे आर्थिक मूल्य में 88,000 करोड़ डॉलर का योगदान मिला। इससे पूरे क्षेत्र में लगभग 1.3 करोड़ नौकरियों के अवसर पैदा हुए।

### एचडीबी फाइनेंशियल को आईपीओ लाने के लिए मिली मंजूरी

नई दिल्ली (ईएमएस)। आईपीओ बाजार के लिए साल 2024 खासा शानदार साबित हुआ है और एक के बाद एक कई बड़ी कंपनियों ने अपने इश्यू पेश किए हैं। हाल ही में ऑटोमोबाइल कंपनी हुंडई मोटर इंडिया ने एलआईसी का रिकॉर्ड तोड़ते हुए देश का सबसे बड़ा आईपीओ लॉन्च किया था, जो 27,000 करोड़ रुपये से ज्यादा आकार का था। अब देश के सबसे बड़े प्राइवेट सेक्टर के बैंक एचडीएफसी की सब्सिडियरी कंपनी एचडीबी फायनेंशियल सर्विसेज अपना इश्यू पेश करने के लिए तैयार है और इसकी जानकारी बैंक ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में दी है। आईपीओ निवेशकों को जल्द ही निवेश के लिए एक और बड़ा मौका मिलने वाला है। दरअसल एचडीएफसी बैंक की सब्सिडियरी फर्म के आईपीओ का रास्ता साफ हो गया है। एचडीएफसी बैंक के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने एचडीबी फाइनेंशियल को आईपीओ लाने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में शेयर की गई जानकारी के मुताबिक एचडीबी आईपीओ का फुल साइज 12,500 करोड़ रुपये हो सकता है। इसमें 10000 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री ऑफर फॉर सेल के जरिए की जाएगी, जबकि कंपनी 2500 करोड़ रुपये के फ्रेश शेयर जारी करेगी। एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज में 94.64 फीसदी की स्टेकहोल्डिंग एचडीएफसी बैंक के पास में है। शेयर बिक्री के बाद भी ये एचडीएफसी बैंक की सहायक कंपनी बनी रहेगी। हालांकि आईपीओ का आकार और शेयरों की बिक्री अभी मार्केट स्थिति, रेग्युलेटरी अप्रूवल समेत अन्य चीजों पर निर्भर करेगी। इस प्रस्तावित आईपीओ का प्राइस बैंड और अन्य विवरण भी इसी पर निर्भर करेगा।

## कोटक महिंद्रा बैंक खरीदेगा स्टैंडर्ड चार्टर्ड का पर्सनल लोन कारोबार

नई दिल्ली । निजी क्षेत्र के ऋणदाता कोटक महिंद्रा बैंक ने ब्रिटेन के स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक से उसकी 4,100 करोड़ रुपये की पर्सनल लोन बुक खरीदने का समझौता किया है। इस सौदे की रकम का खुलासा नहीं किया गया है। बैंक ने बताया कि सौदा 3 महीने में पूरा होने की उम्मीद है जो नियामकीय मंजूरियों पर निर्भर करेगा। यह अधिग्रहण कोटक महिंद्रा बैंक के कारोबार वृद्धि, बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने और नए अवसर तलाशने के दृष्टिकोण के मुताबिक ही है। दो साल के दौरान विदेशी बैंक और निजी क्षेत्र के किसी देसी बैंक के बीच यह दूसरा बड़ा सौदा है। वर्ष 2022 में ऐक्सिस बैंक ने सिटी इंडिया के कंज्यूमर और संपत्ति प्रबंधन कारोबार का अधिग्रहण किया था। कोटक महिंद्रा बैंक ने बयान में कहा, 'नियामक से मंजूरियां मिलने के बाद सौदे के अगले तीन महीने में पूरा होने की उम्मीद है।' बीते समय में कोटक महिंद्रा बैंक ने आईएनजी वैश्य बैंक जैसी कई इकाइयों का अधिग्रहण किया है। 2024 में अशोक वैष्णवी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्याधिकारी की जिम्मेदारी संभालने के बाद कोटक महिंद्रा बैंक का यह पहला सौदा है। बैंक ने कहा, 'स्टैंडर्ड चार्टर्ड की उच्च गुणवत्ता वाली लोन बुक से कोटक महिंद्रा बैंक को संपन्न ग्राहकों के बीच अपनी पैठ और मजबूत बनाने और रिटेल ऋण क्षेत्र में अपनी स्थिति को और पुख्ता करने में मदद मिलेगी।' कोटक महिंद्रा बैंक की कुल लोन बुक में उपभोक्ता ऋण की हिस्सेदारी 45 फीसदी है। 30 जून तक 1.83 लाख करोड़ रुपये की उपभोक्ता लोन बुक में 20,317 करोड़ रुपये पर्सनल लोन (व्यापार व कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के लिए बिना रेहन का ऋण) था। कोटक महिंद्रा बैंक की कुल उपभोक्ता लोन बुक में पर्सनल लोन की हिस्सेदारी पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 1 फीसदी बढ़ी है। बैंक की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, 'कोटक महिंद्रा बैंक का लक्ष्य स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के मौजूदा पर्सनल लोन ग्राहकों को सुगमता से अपने नेटवर्क में लाने के लिए अपनी तकनीकी विशेषज्ञता और गुणवत्तापूर्ण ग्राहक सेवा का लाभ उठाना है।

## बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट रही

नई दिल्ली (ईएमएस)। बीते सप्ताह खरीफ तिलहन फसलों की आवक बढ़ने के दौरान देश के खाद्य तेल-तिलहन बाजार में सभी तेल-तिलहनों के भाव में गिरावट देखने को मिली। इस दौरान सरसों, सोयाबीन एवं मूंगफली तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के भाव नुकसान के साथ बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि खाद्य तेल-तिलहन कारोबार के समीक्षकों की यह आशंका निर्मूल साबित हुई है कि आयात शुल्क बढ़ाने के बाद खाद्य तेलों की महंगाई बढ़ जायेगी। इसके विपरीत आयात शुल्क बढ़ाये जाने के बाद मूंगफली जैसे महंगे खाद्य तेल के थोक दाम भी गुजरात और राजस्थान में टूटे हैं। गुजरात में शुल्क वृद्धि से पहले मूंगफली तेल का थोक भाव 148 रुपये लीटर बैठता था जो शुल्क वृद्धि के बाद घटकर 135 रुपये लीटर रह गया है। इसी प्रकार राजस्थान में जिस मूंगफली तेल का थोक दाम पहले 130 रुपये लीटर था वह अब घटकर 118 रुपये लीटर रह गया है। आवक बढ़ने और महंगा होने के कारण लिवाली कमजोर होने के बीच समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल-तिलहन में गिरावट रही। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 250 रुपये की गिरावट के साथ 6,400-6,450 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव 875 रुपये की जोरदार गिरावट के साथ 13,100 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 65-65 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 2,115-2,215 रुपये और 2,115-2,230 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव 75-75 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 4,650-4,695 रुपये और 4,350-4,585 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

# चीन को पीछे छोडकर भारत बना दुनिया का सबसे बडा दोपहिया वाहन बाजार

नई दिल्ली (ईएमएस) । चीन को पीछे छोडकर भारत ने दुनिया का सबसे बड़ा दोपहिया वाहन बाजार बन गया है। एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती मांग, बेहतर मानसून और सरकार की ग्रामीण विकास संबंधी नीतियों के कारण भारत ने यह मुकाम हासिल किया है।

रिपोर्ट के अनुसार, 2024 की पहली छमाही में वैश्विक स्तर पर दोपहिया वाहनों की बिक्री में 4प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें भारत ने प्रमुख योगदान दिया। भारत में इस वर्ष की पहली छमाही में दोपहिया वाहनों की बिक्री में 22प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि हुई है। काउंटरपॉइंट रिसर्च के वरिष्ठ विश्लेषक सौमेन मंडल के अनुसार, भारत का यह मजबूत प्रदर्शन उसे दुनिया का सबसे बड़ा दोपहिया वाहन बाजार बनाने में मददगार साबित हुआ है। इस दौरान, वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में भारत में दोपहिया वाहनों की बिक्री में दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं,



चीन में 125 सीसी से कम क्षमता वाले दोपहिया वाहन अब भी लोकप्रिय हैं, लेकिन वहां ग्राहक ई-साइकिल की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे पारंपरिक मोटरसाइकिल और स्कूटर की बिक्री में कमी आई है। दक्षिण पूर्व एशिया में इंडोनेशिया, वियतनाम, थाईलैंड और मलेशिया जैसे प्रमुख बाजारों में भू-राजनीतिक तनाव और कठोर ऋण नीतियों के कारण दोपहिया वाहनों की बिक्री में गिरावट दर्ज की गई है। दोपहिया वाहनों की वैश्विक बिक्री में शीर्ष 10 निर्माताओं का योगदान 75प्रतिशत से अधिक रहा। होंडा इस सूची में शीर्ष पर है, जबकि हीरो मोटोकॉर्प, यामाहा, टीवीएस मोटर और याडिया भी प्रमुख कंपनियों में शामिल हैं।

टीवीएस मोटर ने 25 प्रतिशत सालाना वृद्धि के साथ सबसे तेज बढ़त हासिल की, जबकि याडिया में 29 प्रतिशत की गिरावट आई, जिससे वह पांचवें स्थान पर आ गई। रिपोर्ट के उपाध्यक्ष नील शाह ने बताया कि 2030 तक बिकने वाले 10 में से 4 दोपहिया वाहन इलेक्ट्रिक होंगे।

### खुदरा विक्रेताओं को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में 20 प्रतिशत तक कटौती की गई

#### चार से छह रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ सकते हैं सीएनजी के भाव

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्र सरकार ने शहरी खुदरा विक्रेताओं को सस्ती घरेलू प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में 20 प्रतिशत तक कटौती की है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ऐसे में यदि ईंधन पर उत्पाद शुल्क की कटौती नहीं होती है, तो वाहनों को आपूर्ति की जाने वाली सीएनजी के भाव चार से छह रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ सकते हैं। भारत में अरब सागर से लेकर बंगाल की खाड़ी तक के स्थलों से जमीन के नीचे और समुद्र तल के नीचे से निकाली गई प्राकृतिक गैस ऐसा कच्चा माल है जिसे वाहनों के लिए सीएनजी और रसोई में इस्तेमाल होने वाली पाइप वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) में बदला जाता है। सूत्रों ने कहा कि पुराने क्षेत्रों से उत्पादन की कीमतें सरकार द्वारा नियंत्रित की जाती हैं। इनका उपयोग शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को किया जाता है। इन क्षेत्रों से उत्पादन सालाना पांच प्रतिशत तक घट रहा है। इस वजह से शहरी गैस वितरण कंपनियों को आपूर्ति में कटौती की गई है। घरों में रसोई के लिए आपूर्ति की जाने वाली गैस संरक्षित है। ऐसे में सरकार ने सीएनजी के लिए कच्चे माल की आपूर्ति में कटौती की है। पुराने क्षेत्रों से प्राप्त गैस मई, 2023 में सीएनजी की 90 प्रतिशत मांग को पूरा करती थी और इसमें लगातार गिरावट आ रही है। उन्होंने कहा कि 16 अक्टूबर से आपूर्ति में कटौती कर सीएनजी की मांग का सिर्फ 50.75 प्रतिशत कर दिया गया है, जो इससे पिछले महीने 67.74 प्रतिशत था। शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को इस कमी की भरपाई के लिए आयातित और महंगी तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे सीएनजी की कीमतों में 4-6 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी होगी। पुराने क्षेत्रों से प्राप्त गैस की कीमत 6.50 अमेरिकी डॉलर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट (एमएमबीटीयू) है, जबकि आयातित एलएनजी की कीमत 11-12 डॉलर प्रति इकाई है।सूत्रों ने कहा कि फिलहाल खुदरा विक्रेताओं ने सीएनजी की दरें नहीं बढ़ाई हैं क्योंकि वे इसके समाधान के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के साथ बातचीत कर रहे हैं। एक विकल्प यह है कि सरकार सीएनजी पर उत्पाद शुल्क में कटौती करे। वर्तमान में, केंद्र सरकार सीएनजी पर 14 प्रतिशत उत्पाद शुल्क वसूलती है, जो 14-15 रुपये प्रति किलोग्राम बैठता है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## यूक्रेन ने कहा, रुस में उत्तर कोरियाई सैनिक की तैनाती डराने जैसी

कीव,(ईएमएस)। यूक्रेन के अधिकारियों ने कहा है कि एक वीडियो में कथित रूप से दर्जनों उत्तर कोरियाई सैनिकों को रूसी सैन्य वर्दी एवं उपकरण लेने के लिए कतार में खड़े दिखाया गया है। अधिकारी ने कहा कि इसका उद्देश्य यूक्रेनी सेना को डराना है और युद्ध के मैदान में एक अन्य देश के प्रवेश के साथ एक नया अध्याय जोड़ना है। वीडियो की पुष्टि यूक्रेन के 'सामरिक संचार और सूचना सुरक्षा केंद्र' द्वारा की गई है।इस वीडियो में उत्तर कोरियाई सैनिक रूसी सैनिकों से बैग, कपड़े और अन्य परिधान लेने के लिए कतार में खड़े नजर आ रहे हैं। इस वीडियो की हम पुष्टि नहीं करते हैं।

## फुटबॉल मैच के बाद गोलीबारी, तीन की मौत, आठ घायल

मिसिसिपी,(ईएमएस)। मध्य मिसिसिपी में दो लोगों ने सैकड़ों लोगों के एक समूह पर गोलीबारी कर दी, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और आठ घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि ये लोग खेल समाप्त होने के कई घंटे बाद स्कूल की घरेलू फुटबॉल जीत का जश्न मना रहे थे। गोलीबारी की घटना समारोह में मौजूद कुछ लोगों के बीच झगड़े के बाद हुई। रिपोर्ट में बताया गया है कि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि झगड़े की शुरुआत कैसे हुई। करीब 200 से 300 लोग जश्न मना रहे थे और गोलीबारी की आवाज सुनकर भागने लगे। दो मृतकों की उम्र 19 साल बताई गई है और तीसरे की उम्र 25 साल थी। घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

## इजराइल का शहरी इलाके में हमला, 73 नागरिकों की मौत, 100 से ज्यादा घायल

गाजा,(ईएमएस)। उत्तरी गाजा के बेत लाहिया शहर में इजराइली हमले में कम से कम 73 फिलिस्तीनी नागरिक मारे गए और 100 से ज्यादा घायल हो गए है, जबकि कई लापता हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इजराइली हवाई हमलों ने एक बहुमंजिला इमारत को निशाना बनाया, जिससे आसपास के कई घरों को भी नुकसान पहुंचा। यह हमला एक भीड़भाड़ वाले रिहायशी इलाके में किया गया, जहां महिलाएं और बच्चे इसका शिकार बने।हमले में इमारतें ढह गईं और मलबे के नीचे कई लोग दब गए। बेत लाहिया में स्थित अस्पताल के निदेशक ने कहा कि घायलों का इलाज करने के लिए जरुरी संसाधनों की कमी थी और मलबे में दबे कई लोगों को बचाया नहीं जा सका। उन्होंने इजराइल के इस हमले को नरसंहार और जातीय सफाए का युद्ध करार दिया है।इस बीच, इजराइली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा कि हमास गाजा में हताहतों के आंकड़े बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा है। आईडीएफ ने दावा किया कि वह हमास लड़ाकों को लक्ष्य बनाकर हमले कर रहे हैं और निर्दोष लोगों को नुकसान पहुंचाने से बचाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे घटना की जांच कर रहे हैं।इजराइल द्वारा बेत लाहिया में स्थित इंडोनेशियाई अस्पताल पर भी बमबारी की गई।इजराइली टैंक अस्पताल को घेरकर उसकी ऊपरी मंजिलों पर हमला कर रहे थे, जहां 40 से ज्यादा मरीज और कर्मचारी थे। इस हमले में अस्पताल की बिजली गुल हो गई और उसकी संरचना को गंभीर नुकसान पहुंचा है। यह हमला एक ऐसे समय में हुआ है जब गाजा पट्टी में हिंसा और मानवीय संकट गहराया हुआ है और फिलिस्तीनी नागरिकों के लिए बचाव की कोशिशें और चिकित्सा सहायता की जरूरत बढ़ गई है।

## हादसे के बाद जापान का बंद हुआ संयंत्र फिर होगा चालू, बिजली का होगा निर्माण

टोक्यो,(ईएमएस)। फुकुशिमा परमाणु संयंत्र हादसे के बाद जापान पर ऊर्जा संकट छा गया था। दुर्घटना के बाद जापान ने परमाणु ऊर्जा के विकल्प पर फिर विचार किया था, लेकिन अब 13 साल बाद स्थिति बदल गई है। जापान का काशीवाजाकी कारिवा परमाणु संयंत्र फिर से काम करने के लिए तैयार है। यह विकास न केवल जापान के ऊर्जा संकट से निपटने के दृष्टिकोण को दर्शाता है, बल्कि भारत जैसे देशों के लिए भी एक सीख है।बता दें 2011 में फुकुशिमा में आई सुनामी के कारण परमाणु संयंत्र के रिएक्टर पिघल गए थे, जिससे रेडियोधर्मी तत्वों का प्रसार हुआ था। इस हादसे के बाद जापान ने परमाणु ऊर्जा की सुरक्षा और पर्यावरणीय प्रभावों को लेकर कई सवाल उठाए थे और अपने परमाणु संयंत्रों को बंद कर दिया था। अब जापान ने अपनी ऊर्जा नीति में सुधार के साथ परमाणु ऊर्जा का उपयोग फिर से शुरू कर दिया है। काशीवाजाकी कारिवा, जो दुनिया का सबसे बड़ा उन्नत बॉयलिंग वाटर रिएक्टर है, अब नए सुरक्षा उपायों और तकनीकी सुधारों के साथ फिर से काम करने के लिए तैयार है।काशीवाजाकी कारिवा संयंत्र में अब एक 15 मीटर ऊंची दीवार बनाई गई है जो सुनामी जैसी आपदाओं से सुरक्षा प्रदान करेगी। संयंत्र के डिप्टी सुप्रिंटेंडेंट मसाकी दाइतो का कहना है कि फुकुशिमा जैसे हादसों से बचने के लिए जरूरी सुधार किए गए हैं। नई बैकअप पॉवर सप्लाई और उच्च गुणवत्ता वाले वेंटिलेशन सिस्टम को जोड़ने से रेडियोधर्मी कणों की संभावना को 99.9 फीसदी तक घटाया गया है। 2011 के बाद जापान के परमाणु संयंत्र बंद हो गए थे, और देश को जीवाश्म ईंधन, सौर ऊर्जा और प्राकृतिक गैस पर निर्भर रहना पड़ा था। इसने जापान की ऊर्जा लागत को बढ़ा दिया था, जिससे करीब 42 अरब रुपए रोजाना खर्च होने लगे थे। इस संकट के बाद, जापान ने अपने परमाणु संयंत्रों की उम्र 60 साल तक बढ़ाने का फैसला लिया और 2030 तक परमाणु ऊर्जा से 20 से 22 फीसदी बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा है।भारत के लिए यह एक सीख है। जापान ने अपनी ऊर्जा नीति को सुधारते हुए परमाणु ऊर्जा की वापसी को संभव बनाया है। भारत को भी अपने ऊर्जा संकट से निपटने के लिए परमाणु ऊर्जा का सुरक्षित और प्रभावी तरीके से उपयोग करने पर विचार करना चाहिए, ताकि उसकी ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके और जलवायु परिवर्तन के लक्ष्यों को भी पूरा किया जा सके। जापान का परमाणु ऊर्जा की ओर फिर से लौटना, इसके पहले के हादसों के बावजूद, ऊर्जा नीति और पर्यावरणीय सुरक्षा के संतुलन का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत करता है।

## अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव में गर्भपात बना प्रमुख मुद्दा, ट्रंप और हैरिस दे रहे तर्क

वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर सियासी तेज हो गई है और इस बार गर्भपात एक प्रमुख मुद्दा बन गया है। 2011 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा 'रो बनाम वेड' फैसले को पलटने के बाद कई राज्यों ने गर्भपात को बैन कर दिया है। इसके परिणामस्वरूप, यह मुद्दा महिलाओं के अधिकारों और स्वास्थ्य के संदर्भ में चुनावों में चर्चा का मुख्य मुद्दा बन गया है।कमला हैरिस जो डेमोक्रेट्स की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी हैं उन्होंने अपने अभियान में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। उनका कहना है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को प्रभावित किया, जिससे कई राज्यों में गर्भपात पर बैन लगा है। हैरिस का दावा है कि अगर ट्रंप दोबारा सत्ता में आए तो वह गर्भपात पर संघीय बैन लगा देंगे। इस दावे से वह महिलाओं को अपने पक्ष में करने का प्रयास कर रही हैं, जो अमेरिका की आधी से ज्यादा आबादी हैं।यह एक संवेदनशील विषय है इसके विपरीत, ट्रंप के समर्थक भी सक्रिय हैं। कई महिलाएं और पुरुष, जिन्होंने ट्रंप का समर्थन किया है, वह मानते हैं कि वह अमेरिका को फिर से महान बनाने के लिए सबसे बेहतर विकल्प हैं। उनकी राय में ट्रंप की विचारधारा देश के लिए उपयुक्त है। अमेरिका में चुनावी रणभूमि अब एक बार फिर महिलाओं, आर्थिक मुद्दों और स्वास्थ्य के बीच बंटी गई है। गर्भपात के मुद्दे पर महिला मतदाताओं का समर्थन जीतने की जद्दोजहद में दोनों प्रमुख दल अपनी ओर से तर्क पेश कर रहे हैं।

## हमास चीफ सिनवार का नया वीडियो आया सामने

तेल अवीव,(ईएमएस)। इजराइल ने हमास चीफ याह्या सिनवार से जुड़ा एक नया वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में सिनवार गाजा की एक सुरंग में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ जाते हुए दिखाई दे रहा है। इजराइल डिफेंस फोर्सेस (आईडीएफ) ने इस वीडियो को लेकर दावा किया है, कि यह वीडियो 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हमास द्वारा किए गए हमले से एक दिन पहले, 6 अक्टूबर की रात का है।इस नए वीडियो में सिनवार को परिवार के साथ एक बंकर में जाते देखा जा सकता है, जहाँ वे अपने लिए जरूरी सामान लेकर जा रहे थे। आईडीएफ ने इस सुरंग को बाद में ढूंढ निकाला था। आईडीएफ प्रवक्ता डेनियल हगारी ने बताया कि यह सुरंग दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में सिनवार के घर के नीचे बनाई गई थी। यहां बताते चलें कि सिनवार 16 अक्टूबर को इजराइल के रूटीन ऑपरेशन में मारा गया था। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने 17 अक्टूबर को सिनवार की मौत की पुष्टि की थी।

# ईरान हमेशा फिलिस्तीन की आजादी के लिए लड़ रहे लड़ाकों के साथ खड़ा है

### खामेनेई ने सिनवार को बताया शहीद, हमास इजराइल से डरेगा नहीं लड़ता रहेगा




तेहरान,(ईएमएस)। गाजा में इजराइली हमले में हमास प्रमुख याह्या सिनवार की मौत पर ईरान के अयातुल्लाह अली खामेनेई ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई ने कहा है कि सिनवार के बाद भी हमास इजराइल से डरेगा नहीं वह लड़ता रहेगा और प्रतिरोध की धुरी भी मजबूती से काम करती रहेगी। खामेनेई ने ऐलान किया है कि ईरान हमेशा फिलिस्तीन की आजादी के लिए लड़ रहे लड़ाकों के साथ खड़ा है और अपनी तरफ से हमास को समर्थन देता रहेगा।सिनवार की गुरुवार को इजराइल के साथ लड़ते हुए मौत हो गई थी। ईरान ने इस हमले के लिए इजराइल को चेतावनी दी है और याह्या सिनवार की मौत को एक शहीद का दर्जा दिया है। खामेनेई ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा- हमास जिंदा था, जिंदा है और हमेशा जिंदा रहेगा। याह्या सिनवार की मौत प्रतिरोध की धुरी के लिए दुख लेकर आई है लेकिन उनकी मौत के बाद भी ये लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। इससे पहले भी शेख अहमद यासीन, फतही शकाकी, रंतिसी और इस्माइल हनिया के मौत के बावजूद से लड़ाई आगे बढ़ी और अब भी ये मोर्चा रुकने वाला नहीं है। ये लड़ाई लगातार और बिना रुके जारी रहेगी। हमास इजराइल से डरने वाला नहीं है।खामेनेई ने आगे कहा कि मैं भाई याह्या सिनवार की शहादत पर उनके परिवार और साथियों से संवेदना व्यक्त करता हूं, साथ ही इस लड़ाई के लिए अपनी जिंदगी समर्पित लोगों को बधाई भी देता हूं। कमांडर याह्या सिनवार एक ऐसे इंसान थे, जो अपनी पूरी जिंदगी लड़ते रहे और आखिरी दम तक दुश्मन का मुकाबला करते करते शहीद हो गए। याह्या को शहादत से कम कुछ कबूल हो भी नहीं सकता था। आखिर में याह्या अपने शहीद साथियों के साथ शामिल हो गए हैं।खामेनेई ने ऐलान किया है कि ईरान हमेशा फिलिस्तीन की आजादी के लिए लड़ रहे लड़ाकों के साथ खड़ा है और अपनी तरफ से हमास को समर्थन देता रहेगा। खामेनेई के इस बयान के बाद माना जा रहा है कि वह हमास और हिजबुल्लाह को फिर से मजबूत करने कड़ा कदम उठा सकता है। हालांकि ये मदद किस तरह से होगी, इस पर ईरान ने कोई इशारा नहीं किया है।याह्या सिनवार लंबे समय से गाजा में हमास का चेहरा था। इस्माइल हानिया की मौत के बाद याह्या हमास का सर्वेसर्वा था। बीते साल अक्टूबर में लड़ाई शुरू होने के बाद से याह्या लगातार इजराइल पर हमले कर रहा था। याह्या की मौत को हमास के लिए झटका है लेकिन फिलिस्तीनी गुट ने ऐलान किया है कि उसकी इजराइल के खिलाफ लड़ाई नहीं रुकेगी, वह अपनी जंग जारी रखेगा।

## ब्रिक्स सदस्यता के लिए लगी होड़, पीएम मोदी के रुख पर रहेगी दुनिया की नजर

कजान (ईएमएस)। रूस के कजान शहर में 22 से 24 अक्टूबर के बीच में ब्रिक्स सम्मेलन होने जा रहा है। इस सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए पीएम मोदी भी रूस जा रहे हैं। पीएम मोदी के अलावा दुनियाभर के करीब 40 और बड़े नेता भी ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंच रहे हैं। ब्रिक्स का यह सम्मेलन ऐसे समय पर होने जा रहा है जब दुनिया में बहुत अस्थिरता का माहौल है। संघर्ष और संकट बढ़ रहे हैं। इससे दुनिया में अंतरराष्ट्रीय सिस्टम में बदलाव की मांग तेजी पकड़ रही है। यही वजह है कि दुनिया के करीब 40 देश ब्रिक्स में शामिल होने की मांग कर रहे हैं। इनमें भारत के कई पड़ोसी देश जिनमें पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका शामिल हैं, मांग कर रहे हैं कि उन्हें ब्रिक्स की सदस्यता दी जाए। ब्रिक्स की बैठक से पहले पुतिन ने पीएम मोदी के बयान को दोहराया और कहा कि ब्रिक्स एक पश्चिमी विरोधी समूह नहीं है लेकिन आने वाले समय में यह संगठन वैश्विक आर्थिक विकास को आगे बढ़ाएगा। इस बैठक में दुनिया की नजर पीएम मोदी और जिनपिंग पर रहेगी।

## रहस्यमयी सफेद चीज़ से वैज्ञानिकों में मची खलबली



ओटावा (ईएमएस)। रहस्यमयी सफेद चीज़ें कनाडा के समुद्र तटों पर बहकर आने से स्थानीय लोगों और वैज्ञानिकों में खलबली मच गई है। उन्हें समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर ये चीज है क्या। यह रहस्यमयी सफेद चीज़ें समंदर के किनारे बहकर आ रही हैं, लेकिन अब तक कोई भी व्यक्ति यह नहीं जान पाया है कि ये क्या हैं और कहां से आ रही हैं।सबसे पहले इन सफेद चीज़ों को न्यूफ़ाउंडलैंड के प्लेसेंटिया खाड़ी के तट पर देखा गया था। स्थानीय पर्यावरणविद् स्टेन टोबिन ने बताया कि यह चीज़ें देख कर ऐसा लग रहा था जैसे किसी ने खराब रोटी बनाने की कोशिश की हो। उन्होंने कहा कि इनका आकार सिक्के से लेकर खाने की प्लेट तक बड़ा हो सकता है, और ये देखने में चिपचिपी, स्पंजी और ज्वलनशील लग रही हैं। टोबिन ने इन चीज़ों को स्टायरोफोम से मिलता-जुलता बताया, लेकिन उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह स्टायरोफोम नहीं हैं। यह अजीबोगरीब घटना फेसबुक ग्रुप बीचकॉम्बर्स ऑफ न्यूफ़ाउंडलैंड एंड लैब्राडोर में चर्चा का विषय बन गई। इस ग्रुप के सदस्य फिलिप ग्रेस ने सबसे पहले इन चीज़ों की तस्वीर साझा की थी और पूछा था कि क्या कोई जानता है कि ये क्या हैं। उन्होंने इन चीज़ों की तुलना तले हुए आटे से की थी। हालांकि, अब तक वैज्ञानिकों को यह नहीं पता चल सका कि ये चीज़ें किस प्रकार की हैं और ये कहां से आई हैं। कुछ अटकलें यह भी लगाई जा रही हैं कि ये फंगस, मोल्ड, पाम ऑयल, पैराफिन वैक्स या एम्बरग्रीस (जो व्हेल से प्राप्त होता है और इत्र बनाने में उपयोग होता है) हो सकती हैं।स्थानीय निवासियों ने कोस्ट गार्ड को सूचित किया, लेकिन अधिकारियों ने भी यह स्वीकार किया कि उन्हें इस बारे में अभी तक कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। उन्होंने जांच की और बताया कि यह चीज़ें वनस्पति आधारित हो सकती हैं, लेकिन इस पर और भी अध्ययन की आवश्यकता है। कनाडा के पर्यावरण मंत्रालय ने इस घटनाक्रम की गंभीरता को स्वीकार किया है और इस रहस्यमयी चीज़ की जांच के लिए कई बार तटों पर दौरा किया है।

# 250 मिलियन वर्षों में पृथ्वी से जीवन समाप्त होने की संभावना

### वैज्ञानिकों ने बताई धरती के तबाही की तारीख

ब्रिस्टल (ईएमएस)। अगले 250 मिलियन वर्षों में जीवन समाप्त होने की पूरी संभावना है। पृथ्वी के भविष्य को लेकर यह चौकाने वाला दावा किया है वैज्ञानिकों ने। एक शोध के माध्यम से ब्रिस्टल यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने यह चेतावनी दी है कि एक दिन पृथ्वी पर सभी जीव-जंतु और इंसान नष्ट हो जाएंगे। कंप्यूटर सिमुलेशन तकनीक का उपयोग कर की गई इस रिसर्च में यह खुलासा हुआ है कि अगले 250 मिलियन वर्षों के भीतर पृथ्वी पर जलप्रलय जैसी स्थिति आ सकती है, जिसके परिणामस्वरूप जीवन समाप्त हो जाएगा। वैज्ञानिकों का कहना है कि पृथ्वी पर तापमान बढ़कर 70 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जो जीवित प्राणियों के लिए घातक साबित होगा। रिसर्च के प्रमुख वैज्ञानिक अलेक्जेंडर फ़ार्नस्वर्थ के अनुसार, पृथ्वी का यह तापमान वृद्धि और विलुप्ति का कारण कार्बन डाइऑक्साइड की अत्यधिक मात्रा होगी। जिस प्रकार से इंसान लगातार कार्बन उत्सर्जन कर रहा है, यह घटना और भी जल्द हो सकती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी पहले अत्यधिक गर्म होगी, जिससे पानी सूख जाएगा और वातावरण जीवित रहने लायक नहीं रहेगा। इसके अलावा, गर्मी के कारण ज्वालामुखियों का फटना और कार्बन डाईऑक्साइड की अधिकता से सांस लेना भी मुश्किल हो जाएगा, जिससे जीवन का अंत होगा। इस स्थिति में मनुष्य और अन्य जीव-जंतु ऑक्सीजन की कमी से तड़प-तड़प कर मर जाएंगे। वैज्ञानिकों की इस चेतावनी के अनुसार, अगर इंसान ने पृथ्वी पर कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित नहीं किया तो यह महाविनाश जल्द ही संभव हो सकता है। फ़ार्नस्वर्थ ने बताया कि 66 मिलियन वर्ष पहले भी इसी तरह की घटना हुई थी, जिससे डायनासोर समेत कई प्रजातियां समाप्त हो गई थीं। उस समय पृथ्वी के सभी महाद्वीपों का विलय होकर सुपरकॉन्टिनेंट पैंजिया अल्टिमा का निर्माण हुआ था।

# अमेरिका के राष्ट्रपति पद पर ट्रम्प नहीं हैरिस को देखना चाहता है चीन




बीजिंग,(ईएमएस)। चीन डोनाल्ड ट्रंप की तुलना में कमला हैरिस को अमेरिका का राष्ट्रपति देखना ज्यादा पसंद कर रहा है। क्योंकि ट्रंप के राष्ट्रपति पद पर रहने के दौरान द्विपक्षीय संबंध तेजी से बिगड़ गए थे और इसके कारण गंभीर टकराव की स्थिति पैदा हो गई थी। चीनी राष्ट्रीय सलाहकार निकाय के एक वरिष्ठ सदस्य ने कहा कि चीन सरकार अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव पर टिप्पणी नहीं करना चाहती, क्योंकि वह नहीं चाहती कि उस पर अमेरिकी आतंरिक राजनीति में हस्तक्षेप करने का आरोप लगे।चीनी जन राजनीतिक परामर्शदात्री संस्था (सीपीपीसीसी) राज्य शासन प्रणाली का एक प्रमुख घटक और एक विशिष्ट चीनी राजनीतिक संस्था है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में बीजिंग की पसंद को लेकर कहा था चीनी आम जनता के विचार हैरिस और ट्रंप को लेकर विभाजित हैं, लेकिन मैं ट्रंप के साथ बुरे अनुभव के कारण हैरिस को प्राथमिकता दूंगा।उन्होंने कहा कि ट्रंप ने अपने राष्ट्रपति काल में चीन के बारे में काफी गलत जानकारी फैलाई थी। उन्होंने कहा कि हमें जो बाइडन की तारीफ से भी समस्या है लेकिन बाइडन को आंतरिक राजनीति और शायद उनकी वैचारिक प्रतिबद्धता के कारण चीन के खिलाफ ट्रंप द्वारा शुरू किए गए कई सख्त कदम विरासत में मिले हैं। उन्होंने कहा कि बाइडन के नेतृत्व में चीन के प्रति अमेरिकी नीति अधिक स्थिर और पूर्वानुमानित है।अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को ड्रोन के इंजन और पुर्जे बनाने वाली दो चीनी कंपनियों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। अमेरिकी सरकार ने कहा है कि इन कंपनियों ने लंबी दूरी तक मार करने में सक्षम ड्रोन बनाने में रूस की सीधे मदद की जिनका इस्तेमाल यूक्रेन युद्ध में किया गया है।

## ब्रिटेन में भी भारतीय मूल के लोगों का जलवा, हर फील्ड में जमा रखी धाक

लंदन,(ईएमएस)। एशियाई समूह के लोगों में भारतीय, ब्रिटिशों सहित सभी जातीय समूहों से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। बात जब व्यवसायों में काम करने वालों की हो। बात जब प्रति घंटा वेतन दर, घरों के मालिकाना हक, रोजगार या स्वरोजगार में प्रतिशत की आती है तो पता चलता है कि भारतीय समुदाय कितना संपन्न है। तुलना करने पर पता चलता है कि किराए के घर में रहने वाले भारतीय लोगों की संख्या यहां अन्य समुदायों से कम है। 71 फीसदी के पास अपने खुद के घर हैं और वह सामाजिक रूप से सबसे ज्यादा सशक्त हैं।ब्रिटेन में किसी भी अन्य समूह की तुलना में भारतीयों के ज्यादा दोस्त हैं। शिक्षा के मामले में 95 फीसदी के साथ भारतीय समुदाय तो वहीं 90 फीसदी के साथ दूसरे स्थान चीनी मूल के लोग हैं। नौकरी के मामले में भारतीय समुदाय के लोग सिर्फ ब्रिटिश लोगों से पीछे हैं। इसके अलावा कंपनियों में करीब 49 फीसदी के साथ टॉप मोस्ट पोस्ट पर सबसे ज्यादा भारतीय मूल के लोग ही है।एक रिपोर्ट में सामने आया है कि ब्रिटिश भारतीयों को आधुनिक ब्रिटेन में सबसे सफल जातीय-धार्मिक समूहों में से एक के रूप में बताया गया है। रिपोर्ट में पाकिस्तानी-बांग्लादेशी समुदाय के पास व्यवसायों में काम करने वालों का सबसे कम प्रतिशत और सबसे कम प्रति घंटा वेतन दर है। अरब और बांग्लादेशी समुदायों के आर्थिक रूप से निष्क्रिय होने की सबसे ज्यादा संभावना है।रिपोर्ट में जातीय अल्पसंख्यकों के एक नए समूह के बारे में बताया गया है। शहरों में अल्पसंख्यक जो ब्रिटेन के शहरों से शहरों और गांवों में जाने वाले लोगों के बारे में है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मिन्टस पर एक तरह से पूरा अधिकार-संपत्तियों के मालिक और व्यवसायिक दिमाग वाले ब्रिटिश भारतीय परिवारों का है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ब्रिटिश भारतीय चुनावी राजनीति में भी सक्रिय हैं और बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। प्रवासी डिजिटल संचार की वजह से अपने मूल देशों से ज्यादा जुड़े हुए हैं। यही वह कारण था जिसकी वजह से लीसेस्टर में संघर्ष भड़क उठा था।

## ईरान पर बड़ा हमला होता इससे पहले इजरायल की तैयारियां हुईं लीक

न्यूयॉर्क(ईएमएस)। कुछ ही दिन पहले ईरान ने इजरायल पर जमकर रॉकेट बरसाए थे। इसके बाद से ही इजरायल ने जवाबी कार्रवाई के साथ ईरान पर बड़ा हमला करने की तैयारी में जुटा है। इस आशय के कुछ दस्तावेज लीक हुए है। इससे अमेरिका में हड़कंप मच गया है। और जांच एजेंसिया मामले की जांच में जुट गई हैं। और पता लगा रही हैं कि आखिर ये दस्तावेज कहां से लीक हुए हैं। 15 और 16 अक्टूबर की तारीख वाले यह डॉक्यूमेंट्स ईरानी समर्थक तत्वों के अकाउंट्स से टेलीग्राम पर सर्कुलेट किए गए हैं। इसमें इजरायली सेना की सैटेलाइट तस्वीरें हैं। इसमें इजरायली सेना ईरान पर हमले के लिए तैयारी करती नजर आ रही है। गौरतलब है कि एक अक्टूबर को ईरान ने इजरायल पर मिसाइलें बरसाई थीं। माना जा रहा है कि इजरायल इन हमलों का बदला लेने के लिए तैयारी में जुटा है।लीक हुए डॉक्यूमेंट्स में से एक का शीर्षक है, 'इजरायलः एयर फोर्स की ईरान पर हमले की तैयारी'। इसमें इजरायल के हालिया अभ्यासों के बारे में बताया गया है। अनुमान है कि यह सैन्य अभ्यास, ईरान के खिलाफ जोरदार हमले की तैयारी का हिस्सा हैं।

# शक्तिशाली देशों की सूची में भारत 12वें स्थान पर




वाशिंगटन (ईएमएस) । हाल ही में यूएस न्यूज एंड वर्ल्ड रिपोर्ट और व्हार्टन स्कूल के शोधकर्ताओं द्वारा सबसे शक्तिशाली देशों की एक नई सूची जारी की गई है। इस सूची में देशों की ताकत को 5 प्रमुख मानकों पर आंका गया है, नेतृत्व, आर्थिक प्रभाव, राजनीतिक प्रभाव, अंतरराष्ट्रीय गठबंधन और सैन्य शक्ति।भारत इस सूची में टॉप 10 देशों में जगह बनाने में असमर्थ रहा, लेकिन वह 12वें स्थान पर है। यह रिपोर्ट मार्च 2024 तक जीडीपी के आधार पर तैयार की गई है, जो अर्थव्यवस्था और जनसंख्या के आंकड़ों को प्रमुखता देती है। इस सूची में सबसे ऊपर हैं अमेरिका। अमेरिका की 27.97 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था है। अमेरिका की जनसंख्या 339.9 मिलियन है और यह इस सूची में पहले स्थान पर है। अमेरिका की दुनिया में सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और प्रभावशाली अंतरराष्ट्रीय भूमिका है। वहीं दूसरे नंबर पर चीन है। चीन की 18.56 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था है। चीन की जनसंख्या 1.42 अरब है, और यह अमेरिका से लगभग 10 ट्रिलियन डॉलर पीछे है। बावजूद इसके, चीन तीसरे स्थान पर है क्योंकि इसका प्रभाव और सैन्य शक्ति विशाल है। रूस की 1.90 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था है। रूस की जनसंख्या 144 मिलियन है। रूस अपनी सैन्य शक्ति और अंतरराष्ट्रीय गठबंधनों के कारण तीसरे स्थान पर है, हालांकि इसकी अर्थव्यवस्था कई देशों से छोटी है। वहीं जर्मनी की 4.70 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था है। जर्मनी की जनसंख्या 83.2 मिलियन है और यह चौथे स्थान पर है। इसकी मजबूत अर्थव्यवस्था और यूरोपीय संघ में प्रमुख भूमिका है। ग्रेट ब्रिटेन की 3.59 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था है। ब्रिटेन की जनसंख्या 67.7 मिलियन है और यह पांचवे स्थान पर है। इसके बाद, दक्षिण कोरिया, फ्रांस, जापान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात क्रमशः छठे से दसवें स्थान तक हैं। भारत इस सूची में टॉप 10 देशों में जगह बनाने में असमर्थ रहा, लेकिन वह 12वें स्थान पर है। भारत की जनसंख्या लगभग 1.5 बिलियन है और अर्थव्यवस्था 3.39 ट्रिलियन डॉलर है। हालांकि, भारत अपनी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय प्रभाव के कारण अगले कुछ वर्षों में इस सूची में ऊपर आ सकता है।

## नेतन्याहू के घर पर हुए हमले में ईरान का हाथ

तेलअवीव(ईएमएस)। इजरायली पीएम नेतन्याहू के निजी आवास पर ड्रोन से हुए हमले में लेबनान के साथ-साथ ईरान का भी हाथ था। स्थानीय मीडिया की तरफ से कहा गया कि यह हमला लेबनान की तरफ से किया गया था, जबकि इसका मास्टरमाइंड ईरान था। रिपोर्ट में कहा गया कि इस हमले के जरिए हिजबुल्लाह के साथ मिलकर तेहरान ने इजरायली पीएम नेतन्याहू को खत्म करने की कोशिश की है। वहीं नेतन्याहू ने कहा कि हमारी सेना ने दो दिन पहले ही हमने आतंकवादी हमास चीफ याह्या सिनवार को मार गिराया था। आतंकवाद के खिलाफ हम अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। हमला हो या कुछ और कोई भी चीज मुझे अपने देश की रक्षा से रोक नहीं सकती। हमले के बाद इजरायली पीएम के ऑफिस से जारी बयान में कहा गया कि इस हमले के दौरान इजरायली पीएम और उनकी पत्नी कैसरिया मौके पर मौजूद नहीं थी। उनमें से किसी को भी कोई चोट नहीं आई है।एक वरिष्ठ इजरायली अधिकारी के हवाले से बताया कि नेतन्याहू को खत्म करने की कोशिश करते हुए ईरान ने हिजबुल्लाह की तरफ से यह हमला करवाया था। चैनल के सोशल मीडिया पोस्ट में पहली बार हिजबुल्लाह द्वारा इजरायली पीएम के आवास पर किए गए हमले के बाद पहली बार तेहरान का नाम सामने आया है।इस हमले को लेकर इजरायली सेना ने दावा किया कि लेबनान की तरफ से आए इस ड्रोन के जरिए एक इमारत में विस्फोट किया गया। इसके अलावा दो और ड्रोन्स भी इस इलाके में मिले थे जिनको इजरायली सेना ने नष्ट कर दिया। इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच में लगातार लड़ाई जारी है। शुक्रवार को ही हिजबुल्लाह ने कहा था कि वह इजरायले के ऊपर गाइडेड मिसाइलों से हमले करेगा। हमास चीफ सिनवार और हिजबुल्लाह चीफ नसरल्लाह की मौत के बाद ईरान और हिजबुल्लाह दोनों ही बौखलाए हुए हैं। इजरायल भी लगातार किए जा रहे इन हमलों के जवाब में लेबनान में हवाई हमले कर रहा है। पिछले महीने ही इजरायल ने लेबनान की जमीन पर अपनी सेना भी उतार दी थी, जो कि अभी भी लगातार हिजबुल्लाह के लड़ाकों से सीधी जंग लड़ रही है।

# न्यूज़ीलैंड के खिलाफ भारत की शर्मनाक हार, सीरीज में 1-0 से पिछड़े



बेंगलुरु (ईएमएस)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए पहले टेस्ट मैच में भारतीय क्रिकेट टीम को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। पांचवें दिन, न्यूजीलैंड ने 107 रन के लक्ष्य को दो विकेट गवांते हुए आसानी से हासिल कर लिया और भारत को 1-0 से पीछे कर दिया। इस जीत ने न्यूजीलैंड को तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में बढ़त दिलाई है।मैच के पहले दिन बारिश के कारण खेल नहीं हो सका। दूसरे दिन, भारतीय टीम ने बल्लेबाजी करने का फैसला लिया, लेकिन उनकी शुरुआत बेहद खराब रही। भारतीय बल्लेबाजों ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया और पूरी टीम केवल 46 रन पर ऑल आउट हो गई। इस पारी में ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 20 रन बनाए, जबकि पांच बल्लेबाज बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। यह भारत के लिए एक निराशाजनक प्रदर्शन था, जिससे उनकी स्थिति कमजोर हो गई।

### न्यूज़ीलैंड का मजबूत प्रदर्शन

भारत के कमजोर प्रदर्शन के बाद, न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 180 रन बनाए। डेवोन कॉन्वे ने 91 रनों की शानदार पारी खेली। तीसरे दिन, रचिन रवींद्र और डेरिल मिचेल ने पारी की शुरुआत की। रवींद्र ने 157 गेंदों पर 134 रन बनाकर मैच को पूरी तरह से न्यूजीलैंड की ओर मोड़ दिया। इसके अलावा, टिम साउदी ने भी 65 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। इस प्रकार, न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में कुल 402 रन बनाए।

### भारत की संघर्षशील दूसरी पारी

भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी में बेहतर प्रदर्शन का प्रयास किया। रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने अच्छी शुरुआत दी, जहां रोहित ने 52 और यशस्वी ने 35 रन बनाएं। विराट कोहली ने भी अर्धशतक बनाया और टीम का स्कोर 231 तक पहुंचाया। चौथे दिन, सरफराज खान ने 150 रन की पारी खेली, जबकि ऋषभ पंत 99 रन बनाकर आउट हुए। भारत ने अपनी दूसरी पारी में कुल 462 रन बनाए, जिससे न्यूजीलैंड के सामने 107 रनों का लक्ष्य रखा।107 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। ओपनर टॉम लैथम और डेवोन कॉन्वे कुछ खास नहीं कर सके। टॉम लैथम बगैर खाता खोले पवेलियन लौट गए। वे बुमराह के शिकार बने, उसके बाद डेवोन कॉन्वे भी सस्ते में बुमराह के शिकार बने। उन्होंने 17 रन बनाए। उसके बाद विल यंग और रचिन रवींद्र ने न्यूजीलैंड के लिए मोर्चा संभाला और टीम को जीत दिलाई। विल यंग ने 48 और रचिन रवींद्र ने 39 रन बनाए और वे नाबाद रहे। इस तरह, न्यूजीलैंड ने 3 मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। भारतीय टीम को अब अगले मैच में वापसी करने की चुनौती होगी।

## 99 रन बनने के बाद पंत ने नहीं की विकेटकीपिंग, कहीं चिन्ता का विषय तो नहीं



बेंगलुरु (ईएमएस)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच बेंगलुरु में खेली जा रही टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में टीम इंडिया ने शानदार वापसी की थी पर टीम को हार का सामना करना पड़ा। पहली पारी में महज 46 रन पर ऑलआउट होने के बाद भारत ने दूसरी पारी में 462 रन बनाए थे और न्यूजीलैंड को 107 रन का लक्ष्य दिया था। जिसे न्यूजीलैंड की टीम ने दो विकेट गवांकर आसानी से मैच जीत लिया। टीम इंडिया की जबरदस्त वापसी में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की अहम भूमिका रही, जिन्होंने शानदार 99 रन बनाए और टीम इंडिया को मुश्किल से उबारने की कोशिश की थी। ऋषभ पंत ने सरफराज का बखूबी साथ दिया और दोनों ने चौथे विकेट के लिए 177 रन की साझेदारी की थी। ऋषभ पंत ने अपनी पारी में कई मुश्किल शॉट खेले, लेकिन शतक से सिर्फ एक रन दूर रह गए और 99 रन पर आउट हो गए। पंत के खेल ने भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचाया, हालांकि उन्हें कई बार शॉट लगाते हुए चोट के कारण मुश्किलों का सामना करना पड़ा। पहली पारी में विकेटकीपिंग करते समय उन्हें घुटने में चोट आई थी, जिसके बाद उन्होंने फिजियो से इलाज भी कराया। इसी वजह से वह दूसरी पारी में विकेटकीपिंग करने नहीं आए और उनकी जगह ध्रुव जुरेल ने यह जिम्मेदारी संभाली। अब सवाल यह उठ रहा है कि एक्सीडेंट के बाद वापसी कर रहें पंत की यह चोट कितनी गंभीर हैं। जिसके चलते वे दूसरी पारी में विकेट कीपिंग के लिए मैदान में नहीं आए। या फिर टीम मेनेजमेंट ने उन्हों इस चोट को देखते हुए आराम दिया हैं।



सऊदी अरब के 6 किंग्स स्लैम प्रदर्शनी टेनिस टूर्नामेंट में अपने तीसरे स्थान के मैच के बाद पुरस्कार समारोह के दौरान अपनी ट्रॉफियों के साथ पोज़ देते हुए सर्बिया के नोवाक जोकोविच (बाएं) और स्पेन के राफेल नडाल।

## रचिन की नेटवर्थ 2 मिलियन डॉलर के आस पास

### रचिन रवींद्र ने की शानदार बैटिंग, लगाया शतक



नई दिल्ली (ईएमएस)। टीम इंडिया के खिलाफ पहली पारी में न्यूजीलैंड के लिए शानदार बैटिंग करते हुए खिलाडी रचिन रवींद्र ने शानदार शतक लगाया। टीम इंडिया फिलहाल न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेल रही है। रचिन रवींद्र ने 157 गेंदों में 134 रन की पारी खेली और अंत तक खड़े रहे। अपनी पारी में उन्होंने 14 चौके और 4 छक्के मारे। रचिन का कनेक्शन भारत से रहा है। उनके माता पिता भारत से ही थे। बाद में वह न्यूजीलैंड में जाकर बस गए। रचिन ने 5 साल की उम्र में ही क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया था। वह क्लब क्रिकेट खेलने के लिए बैंगलोर भी आया करते थे। वर्ल्डस कप के उद्घाटन मैच में ही उन्होंने इंग्लैंडड के खिलाफ शतक जड़ दिया था। इसके बाद यह बात सामने आई थी कि भारतीय टीम के दिग्गएज प्लेयर राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदुलकर के शुरुआती नाम को जोड़कर रचिन का नाम रखा गया है। हालांकि, ऐसा कुछ नहीं था। रचिन नाम रचिन की मां ने सुझाया था इस बात का खुलासा उनके पिता ने किया था। न्यूजीलैंड के युवा बैटर रचिन रवींद्र जिन्होंने वर्ल्ड कप 2023 के बाद से क्रिकेट में अपनी गहरी पहचान बनाई है। रचिन रवींद्र ने 2023 में ही डेब्यू किया और ईश सोढ़ी के चोटिल होने पर वर्ल्ड कप स्क्वॉड के लिए पहले ऑप्शन बने थे। उन्होंने वर्ल्ड कप में 10 मैच में 578 रन ठोके, जिसमें दो फिफ्टी और 3 शतक शामिल थे। वह शतक बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर थे। रचिन के नेटवर्थ की बात करें तो उनकी कमाई कई रिपोर्ट के अनुसार 2 मिलियन डॉलर (भारतीय रुपयों में करीब 16 करोड़) के आस पास है। उनकी कमाई का मुख्य जरिया क्रिकेट ही है। वह न्यूजीलैंड के साथ-साथ आईपीएल में भी खेलते हैं। वह चेन्नई सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व करते हैं और शानदार प्रदर्शन करने के लिए जाने जाते हैं।

## गगनजीत भुल्लर एशियाई टूर खिताब की ओर अग्रसर, तीसरे दौर में बोगी रहित 66 का कार्ड खेला



बैंकॉक (ईएमएस)। भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने शनिवार को ब्लैक माउंटेन चैम्पियनशिप के तीसरे दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए बिना बोगी किए 66 का कार्ड खेला। इस बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर भुल्लर अपने 12वें एशियाई टूर खिताब की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने पहले दो दौर में क्रमशः 65 और 66 के स्कोर बनाए थे, जिससे उनका कुल स्कोर 19 अंडर है। भुल्लर इस समय अमेरिका के जॉन कैटलिन (65) से दो शॉट की बढ़त बनाए हुए हैं। भुल्लर का अब तक का प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा है, जिसमें उन्होंने तीन दौर में कुल 21 बर्डी लगाई हैं और केवल दो बोगी की हैं। इस लय को बरकरार रखते हुए वह खिताब जीतने की प्रबल दावेदारी कर रहे हैं।
अन्य भारतीय गोल्फरों में खालिन जोशी ने तीसरे दौर में 73 का कार्ड खेला और नौ अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 39वें स्थान पर हैं। वहीं, करणदीप कोचर भी 73 का कार्ड खेलकर संयुक्त रूप से 65वें स्थान पर बने हुए हैं। भुल्लर की शानदार बढ़त ने उन्हें खिताब जीतने की मजबूत स्थिति में ला खड़ा किया है, और अंतिम दौर में वह अपने प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए इस खिताब पर कब्जा जमाने का प्रयास करेंगे।

# जोकोविच और सिनेर जीते



रियाद (ईएमएस)। रियाद में आयोजित सिक्स किंग्स स्लैम नुमाइशी टेनिस चैम्पियनशिप में इटली के यानिक सिनेर ने कार्लोस अल्काराज को 6-7, 6-3, 6-3 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में नोवाक जोकोविच ने तीसरे स्थान के मैच में राफेल नडाल को 6-2, 7-6 से मात दी। राफेल नडाल, जो 22 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता हैं, इस चैम्पियनशिप में अपने करियर का अंतिम मैच खेल रहे थे। नडाल अगले महीने डेविस कप में स्पेन के लिए अपना आखिरी मैच खेलकर टेनिस से संन्यास लेंगे। अल्काराज ने इस टूर्नामेंट के पिछले दौर में नडाल, सिनेर और जोकोविच को हराकर शानदार प्रदर्शन किया था, लेकिन फाइनल में सिनेर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। यह नुमाइशी टूर्नामेंट होने के कारण इसमें पुरस्कार राशि तो दी जाती है, लेकिन एटीपी अंक नहीं मिलते।



# जर्मनी के खिलाफ वरूण कुमार की भारतीय हॉकी टीम में वापसी

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय हॉकी टीम के डिफेंडर वरुण कुमार की वापसी जर्मनी के खिलाफ 23 और 24 अक्टूबर को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में होने वाले दो टेस्ट मैचों के लिए हुई है। वरुण को पेरिस ओलंपिक और एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी की टीम में जगह नहीं मिल पाई थी, क्योंकि उनके खिलाफ एक जूनियर वॉलीबॉल खिलाड़ी द्वारा यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया था। फरवरी में बेंगलुरु पुलिस ने उनके खिलाफ पोक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। 22 वर्षीय महिला ने आरोप लगाया था कि पिछले पांच सालों से वरुण ने कई बार उसका यौन उत्पीड़न किया, जो तब शुरू हुआ जब वह नाबालिग थी।
हालांकि, हॉकी इंडिया के सूत्रों के अनुसार, वरुण को सभी आरोपों से क्लीन चिट मिलने के बाद टीम में शामिल किया गया है। भारतीय टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह होंगे, लेकिन मिडफील्डर हार्दिक सिंह चोट के कारण टीम से बाहर रहेंगे।



इस श्रृंखला के जरिए राजिंदर सिंह और आदित्य अर्जुन लालागे अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करेंगे। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी कृशन बहादुर पाठक और सूरज करकेरा पर होगी, जबकि डिफेंस की कमान हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत, अमित रोहिदास, वरुण कुमार और संजय संभालेंगे। मिडफील्ड में मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, विष्णु कांत सिंह, नीलाकांता शर्मा, शमशेर सिंह, मोहम्मद राहीन मौसीन और राजिंदर सिंह शामिल होंगे। फॉरवर्ड लाइन में एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद मनदीप सिंह की वापसी हुई है। उनके साथ सुखजीत सिंह, अभिषेक, आदित्य अर्जुन लालागे, दिलप्रीत सिंह और शीलानंद लाकड़ा भी टीम का हिस्सा होंगे।
टीम के कोच क्रेग फुल्टन ने कहा कि जर्मनी के खिलाफ खेलने के लिए टीम काफी उत्साहित है। उन्होंने कहा कि यह एक अनुभवी टीम है, जिसमें कई ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था।
**भारतीय टीम** :गोलकीपर : कृशन बहादुर पाठक और सूरज करकेरा, डिफेंडर : हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, वरूण कुमार, सुमित, नीलम संजीप सेस और संजय,मिडफील्डर : मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, विष्णु कांत सिंह, नीलाकांता शर्मा, शमशेर सिंह, मोहम्मद राहीन मौसीन और राजिंदर सिंह.फॉरवर्ड : मनप्रीत सिंह , सुखजीत सिंह, अभिषेक, आदित्य अर्जुन लालागे, दिलप्रीत सिंह और शीलानंद लाकड़ा

## तिलक वर्मा ने पाकिस्तान के खिलाफ दिखाया खूबसूरत छक्के का नजारा



ओमान (ईएमएस)। एसीसी इमर्जिंग टी20 एशिया कप 2024 की धमाकेदार शुरुआत इंडिया ए ने अपने चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान ए के खिलाफ जीत के साथ की। तिलक वर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने रोमांचक मैच में पाकिस्तान को 7 रन से मात दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इंडिया ए ने 8 विकेट के नुकसान पर 183 रन बनाए। पावरप्ले का बेहतरीन फायदा उठाते हुए टीम ने शुरुआती 6 ओवरों में 68 रन बटोरे, जिससे उन्हें मजबूत स्कोर खड़ा करने में मदद मिली।कप्तान तिलक वर्मा ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए, जिसमें उन्होंने 2 चौके और 2 शानदार छक्के लगाए। उनका एक जबरदस्त छक्का पाकिस्तानी तेज गेंदबाज मोहम्मद इमरान के खिलाफ लॉन्ग ऑफ के ऊपर से आया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। स्टार स्पोर्ट्स ने इस सिक्स की वीडियो साझा की, जिसमें तिलक के इस शानदार शॉट की तारीफ हो रही है। इंडिया ए को आक्रामक शुरुआत दिलाने में अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह का भी अहम योगदान रहा। अभिषेक ने 22 गेंदों में 35 रन बनाए, जिसमें 5 चौके और 2 छक्के शामिल थे, जबकि प्रभसिमरन ने 19 गेंदों पर 36 रन ठोके, जिसमें 3 चौके और 3 छक्के शामिल थे।184 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ए की टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 176 रन ही बना सकी। पाकिस्तान की ओर से अराफात मिन्हास ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। गेंदबाजी में इंडिया ए के लिए तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज सबसे सफल रहे, जिन्होंने 33 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। इसके अलावा रसिख सलाम और निशांत संधु ने भी 2-2 विकेट लेकर पाकिस्तान की बल्लेबाजी को बिखेरने में मदद की। इस जीत के साथ इंडिया ए ने एशिया कप 2024 के अपने अभियान की जोरदार शुरुआत की है।

## मैं बचपन से ही सपना देख रहा था इस शतक का : सरफराज खान

बेंगलुरु (ईएमएस)। खेले जा रहे न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में युवा बल्लेबाज सरफराज खान ने अपने टेस्ट करियर का पहला शतक जड़कर न केवल भारतीय टीम को मुश्किल हालात से बाहर निकालने की कोशिश किया हैं, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि वह महज स्थानापन्न खिलाड़ी नहीं हैं। शुभमन गिल की चोट के कारण अंतिम एकादश में शामिल हुए सरफराज ने शानदार 150 रन बनाए और ऋषभ पंत (99) के साथ मिलकर 177 रनों की अहम साझेदारी की। उनकी इस पारी ने भारत को पहली पारी में 356 रन से पिछड़ने के बावजूद मैच में बनाए रखा और न्यूजीलैंड के सामने 107 रन का लक्ष्य रखा।सरफराज खान के लिए यह शतक खास था क्योंकि यह उनके बचपन का सपना था। उनके पिता नौशाद का भी सपना था कि उनका बेटा टेस्ट क्रिकेट में बड़ा स्कोर बनाए। मैच के बाद सरफराज ने संवाददाता सम्मेलन में अपने पिता का जिक्र करते हुए कहा, मैं अपने पिता से अक्सर बात करता हूं क्योंकि वह मुझे हर समय प्रेरित करते रहते हैं।

### ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए इस खिलाड़ी पर दांव खेल सकता हैं पीसीबी

मुंबई (ईएमएस)। पीसीबी द्वारा ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका में होने वाली सीरीज के लिए टीम की घोषणा करने पर अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान सफेद गेंद के प्रारूप में पाकिस्तान टीम के कप्तान बन सकते हैं। पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने पिछले दो दिनों में पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी के साथ बैठक की है, और टीम के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन से भी सलाह ली है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के सूत्र ने कहा, इंग्लैंड के खिलाफ तीसरा टेस्ट 28 अक्टूबर को समाप्त होगा और टीम को अगले दिन ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होगी। इसलिए चयनकर्ता रविवार तक टीम की घोषणा करनी होगी। सूत्र ने कहा, रिजवान अपनी वरिष्ठता, एक खिलाड़ी के रूप में अपनी विश्वसनीयता और घरेलू क्रिकेट और पीएसएल में टीमों का नेतृत्व करने के अपने अनुभव के कारण कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं।बाबर आजम ने माह की शुरुआत में पाकिस्तान की कप्तानी छोड़ कर कहा था कि वे अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देना चाहते हैं।

# भारत ए ने रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान ए को 7 रन से हराया

ओमान (ईएमएस)। अल अमीरात क्रिकेट ग्राउंड में एसीसी मेन्स टी20 इमर्जिंग टीम एशिया कप 2024 के तहत खेले गए एक रोमांचक मुकाबले में भारत ए ने पाकिस्तान ए को 7 रन से हरा दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 183 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया, जिसमें अभिषेक शर्मा, प्रभसिमरण सिंह और कप्तान तिलक वर्मा की बेहतरीन पारियों का अहम योगदान रहा। जवाब में पाकिस्तान ए की टीम 176 रन ही बना पाई और भारत ने मुकाबला 7 रनों से जीत लिया। इस जीत के साथ भारत ए ने टूर्नामेंट में अपनी मजबूत स्थिति कायम रखी। भारत ए की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी भारत ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बेहतरीन शुरुआत की। ओपनर अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरण सिंह ने पहले विकेट के लिए 6 ओवरों में 68 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। अभिषेक ने 22 गेंदों पर 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 35 रन बनाए, जबकि प्रभसिमरण ने 19 गेंदों पर 3 चौके और 3 छक्कों की मदद से 36 रनों की तेजतर्रार पारी खेली। कप्तान तिलक वर्मा ने भी महत्वपूर्ण 44 रन जोड़े, जिसमें 2 चौके और 2 छक्के शामिल थे। नेहल वडेहरा (25 रन) और रमनदीप सिंह (17 रन) ने भी अंतिम ओवरों में तेजी से रन बटोरकर टीम का स्कोर 183 तक पहुंचाया। पाकिस्तान के लिए सुफियान मुकीम ने 28 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान ए की शुरुआत खराब रही। कप्तान मोहम्मद हारिस ने पहली ही गेंद पर छक्का जड़ा,



लेकिन दूसरी ही गेंद पर अंशुल कंबोज ने उन्हें बोल्ड कर दिया। उमेर युसूफ भी जल्द ही 2 रन बनाकर आउट हो गए। यासिर खान ने 33 रन और कासिम अकरम ने 27 रनों की छोटी-छोटी लेकिन महत्वपूर्ण पारियां खेलीं, लेकिन टीम एक समय 78 रनों पर 4 विकेट खो चुकी थी।मध्यक्रम में अराफात मिन्हास ने 41 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली, जिसमें उन्होंने 5 चौके और 1 छक्का लगाया। अब्दुल समद ने भी 25 रन बनाए, लेकिन रासिख सलाम की शानदार गेंदबाजी ने पाकिस्तान की पारी को दबाव में ला दिया। अंत में अब्बास अफरीदी ने 18 रन बनाकर संघर्ष किया, लेकिन उनकी टीम 176 रनों पर सिमट गई और भारत ए ने यह मुकाबला 7 रनों से जीत लिया। भारत ए की इस जीत में बल्लेबाजों के साथ-साथ गेंदबाजों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। रासिख सलाम ने मैच के महत्वपूर्ण क्षणों में 2 विकेट लेकर मैच का रुख भारत की ओर मोड़ दिया।

## शतक जड़कर श्रेयस अय्यर ने दिखाई दम, टीम में वापसी की जताई इच्छा

नई दिल्ली (ईएमएस)। टीम इंडिया से बाहर चल रहे बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने लंबे समय बाद रणजी ट्रॉफी के मैच में शानदार शतक बनाकर भारतीय टेस्ट टीम में वापसी की अपनी प्रबल इच्छा जताई है। महाराष्ट्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर के मैच में अय्यर ने शानदार शतक जड़ा, जो उनके लिए एक भावनात्मक पल था। पीठ की सर्जरी के बाद श्रेयस ने अपनी फिटनेस पर काफी मेहनत की है और टेस्ट क्रिकेट में एक बार फिर से जगह बनाने के लिए तैयार हैं।श्रेयस अय्यर को पिछले कुछ समय पहले बार-बार पीठ की चोट का सामना करना पड़ा, जिसके कारण उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। इसके चलते वह कई महीनों तक क्रिकेट से दूर रहे। उन्होंने अपने करियर का आखिरी टेस्ट शतक नवंबर 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ कानपुर टेस्ट में जड़ा था, और अब लगभग तीन साल बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट में शतक बनाया है। अय्यर ने दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा, बहुत लंबे समय बाद वापसी करना मेरे लिए खास है। चोटों के कारण मैं थोड़ा निराश महसूस कर रहा था, लेकिन अब शतक बनाना बेहद संतोषजनक है। अय्यर ने अपनी भावनाओं को साझा करते हुए कहा कि वह भारतीय टेस्ट टीम में वापसी के लिए बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, मैं वापसी के लिए पूरी तरह से उत्सुक हूं, लेकिन मुझे केवल उन्हीं चीजों पर ध्यान देना है जो मेरे नियंत्रण में हैं। मेरा काम है निरंतर अच्छा प्रदर्शन करना और जितना हो सके उतना क्रिकेट खेलना। इसके साथ ही शरीर की फिटनेस बनाए रखना भी बेहद जरूरी है। अय्यर का मानना है कि केवल निरंतर अच्छा प्रदर्शन ही उन्हें फिर से भारतीय टेस्ट टीम में जगह दिला सकता है।श्रेयस अय्यर ने फरवरी 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला में आखिरी बार भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेला था। चोटों के कारण वह अधिक खेल नहीं पाए, और इस साल की शुरुआत में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की केंद्रीय अनुबंध सूची से भी बाहर हो गए थे। हालांकि, उन्होंने अगस्त 2024 में श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में हिस्सा लिया था।श्रेयस अय्यर ने स्पष्ट रूप से कहा कि वह टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं और यह उनके लिए प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, मैं टेस्ट क्रिकेट में खेलने के लिए बेताब हूं। यही कारण है कि मैं खेल रहा हूं। अगर ऐसा नहीं होता तो मैं आराम से बैठ सकता था। अय्यर की यह वापसी भारतीय क्रिकेट के लिए एक सकारात्मक संकेत है, और उनके प्रशंसक उम्मीद कर रहे हैं कि वह जल्द ही राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह फिर से पक्की करेंगे।

## रोहित शर्मा ने आईपीएल 2025 के लिए फैन के सवाल का मजेदार जवाब दिया

नई दिल्ली (ईएमएस)। इस समय भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में व्यस्त हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर उनका नाम आईपीएल 2025 से जुड़ी खबरों में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस बीच रोहित का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और फैंस इसका जमकर आनंद ले रहे हैं।जब से यह खबरें आई थीं कि रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस के बजाय किसी और टीम के लिए आईपीएल खेल सकते हैं। इस बीच, ड्रेसिंग रूम में एक फैन ने रोहित से सवाल किया कि वह अगले आईपीएल में किस टीम के लिए खेलेंगे। इसका जवाब रोहित शर्मा ने बड़े ही मजाकिया अंदाज में दिया। जबाव देते हुए रोहित ने मजाकिया अंदाज में कहा, तू बता दे, किससे खेलूं? फैन ने तुरंत जवाब दिया, भाई आरसीबी में आ जाओ यार! इसके बाद रोहित ने हंसते हुए कहा, तुझे कौन सी चाहिए बोल... इस बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और फैंस इसका जमकर आनंद ले रहे हैं।मुंबई इंडियंस की कप्तानी को लेकर भी कुछ चर्चा है। आईपीएल 2024 से पहले मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा को कप्तानी से हटा कर हार्दिक पंड्या को टीम की कमान सौंपी थी, लेकिन हार्दिक पंड्या टीम के लिए अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए।

## संक्षिप्त खबरें

### नौसेना कैप्टन ने 58 साल लड़ी घर वापस लेने की लड़ाई, मिला मालिकाना हक

देहरादून,(ईएमएस)। नैनीताल ने नौसेना के कैप्टन को 58 साल बाद अपने घर का मालिकाना हक मिल गया है। यह मामला 1960 में शुरू हुआ था, जब मृदुल शाह को रोज बैंक कॉटेज विरासत में मिला था। उस समय उन्होंने इस कॉटेज को रिटायर्ड वायुसेना अधिकारी की पत्नी नीलम सिंह के परिवार को 100 रुपए महीने से किराए पर दे दिया था। नीलम के परिवार ने लंबे समय तक इस मकान पर कब्जा जमाए रखा। 2016 में मृदुल शाह ने किरायेदार से मकान खाली करने को कहा था, क्योंकि वह 23 साल की सेवा के बाद अपने परिवार के लिए एक स्थायी घर तलाश कर रहे थे लेकिन नीलम सिंह का परिवार मकान खाली करने को तैयार नहीं था, जिसके बाद मृदुल शाह ने सिविल कोर्ट का दरवजा खटखटाया। 2017 में उन्होंने सिविल कोर्ट में केस जीत लिया, लेकिन नीलम सिंह ने फैसले को नैनीताल सैशन कोर्ट में चुनौती दे दी। इस मामले में मृदुल शाह के वकील ने कोर्ट को बताया कि 1966 में रोज बैंक कॉटेज को हरपाल सिंह रहने के लिए किराए पर दिया था। हरपाल सिंह की मौत के बाद उनकी पत्नी और बेटी नीलम वहीं रहने लगीं। मृदुल शाह ने कोर्ट में बताया कि उनके पास इस संपत्ति के अलावा कोई और घर नहीं है और उन्हें अपने परिवार के साथ रहने के लिए इस घर की जरूरत है। किराएदार नीलम ने याचिका में तर्क दिया कि नौसेना अपने कर्मियों के लिए आवासीय सुविधाएं प्रदान करती है और उनके परिवार को संपत्ति पर रहने की ज्यादा जरूरत है। अदालत ने मृदुल शाह के पक्ष में फैसला सुनाया और कहा कि संपत्ति के मालिक को अपनी विरासत का उपयोग करने का अधिकार है और किराएदार यह तय नहीं कर सकता कि संपत्ति का उपयोग कैसे किया जाए।

### लोरेंस बिश्नोई एक आतंकवादी है और उसका एन्टाउंटर किया जाना चाहिए : राज शेखावत

वडोदरा (ईएमएस)| करणी सेना के राष्ट्रीय प्रमुख राज शेखावत ने गैंगस्टर लोरेंस बिश्नोई को लेकर बड़ा बयान दिया है| राज शेखावत ने लोरेंस बिश्नोई को आतंकवादी बताते हुए उसका एन्काउंटर करने की मांग की| वडोदरा में आयोजित पत्रकार परिषद में राज शेखावत ने कहा कि जो डर पैदा हुआ है, उसका जिम्मेदार लोरेंस बिश्नोई हो या उसकी गैंग के आदमी, ऐसे लोगों को माफ नहीं किया जा सकता| एक गैंग का मुखिया जेल में बैठकर विदेशों से देश के व्यापारियों को फिरौती के परेशान करता है| राज शेखावत ने जनता से सवाल किया कि देश के बड़े राजनीतिक और सामाजिक नेताओं की हत्या करता, ऐसे गैंगस्टर का एन्काउंटर कर देना चाहिए या नहीं? उन्होंने कहा कि जब मैं सेना में था तब कश्मीर में 8 साल सेवा की है| उस वक्त हम आतंकियों का एन्काउंटर कर देते थे| जिसकी वजह कश्मीर आज सुरक्षित हुआ है| अब केन्द्र सरकार की जिम्मेदारी है कि ऐसे तत्त्वों को उग्रवादी की श्रेणी में शामिल किया जाए| उन्होंने आगे कहा कि मुझे लॉरेंस के लोगों ने जान से मारने की धमकी दी है| इसके बाद हमारी करणी सेना की ओर से गृह मंत्री को ज्ञापन दिया गया| लेकिन लोकसभा के दौरान आंदोलन के कारण उन्होंने मेरी सुरक्षा रद्द कर दी| उन्होंने आगे कहा कि मुझे लॉरेंस के लोगों ने जान से मारने की धमकी दी है| इसके बाद हमारी करणी सेना की ओर से गृह मंत्री को ज्ञापन दिया गया| लेकिन लोकसभा के दौरान आंदोलन के कारण उन्होंने मेरी सुरक्षा रद्द कर दी|

### अधिक बच्चे वाले परिवारों को इन्सेंटिव देगी आंध्र प्रदेश सरकार

हैदराबाद(ईएमएस)। आंध्र प्रदेश सरकार पॉपुलेशन मैनेजमेंट की योजना पर काम कर रही है। इसी वजह से राज्य के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने राज्य के निवासियों को अधिक बच्चे पैदा करने की सलाह दी है। नायडू ने प्रदेश में उम्रदराज लोगों की बढ़ती आबादी को देखते हुए यह सलाह दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पॉपुलेशन मैनेजमेंट की योजना बना रही है। इसके तहत विधेयक लाने के बारे में भी सोचा जा रहा है, जिसमें अधिक बच्चे वाले परिवारों को इन्सेंटिव दिया जाएगा। सिर्फ इतना ही नहीं, एक ऐसा कानून बनाने पर भी विचार चल रहा है, जिसके तहत सिर्फ वही लोग स्थानीय निकाय चुनाव लड़ पाएंगे, जिनके दो से अधिक बच्चे हैं। मुख्यमंत्री ने दक्षिणी राज्यों में गिरती प्रजनन दर पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यहां फर्टिलिटी रेट 1.6 परसेंट है जो राष्ट्रीय दर 2.1 से काफी कम है। अगर यही हाल रहा तो हमारे यहां 2047 तक बुजुर्गों की आबादी काफी ज्यादा हो जाएगी। उन्होंने कहाकि आंध्र प्रदेश ही नहीं, देश के कई गांवों में अब सिर्फ बुजुर्ग ही बचे हैं। नायडू ने जनसंख्या नियंत्रण पर अपने पहले के प्रयासों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहाकि तब हालात कुछ और थे। तेजी से बढ़ती आबादी के चलते प्राकृतिक संसाधन खतरे में थे। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं।

### प्रेमिका को बहलाकर होटल ले गया, रेप किया फिर गला रेत कर दी हत्या

कानपुर(ईएमएस)। कराची खाना के गगन सागर होटल में शनिवार को बीसीए छात्रा की रेप के बाद हत्या से हड़कंप मच गया। पुलिस के मुताबिक हत्यारोपी प्रियांशु और छात्रा के घर कुछ दूर पर ही स्थित हैं। प्रियांशु चार साल से छात्रा को जानता था। हत्याकांड के बाद जब वह गोविंदनगर थाने में सरेंडर करने पहुंचा तो उसकी बात सुनकर पुलिस भी सकते में आ गई। पूछताछ के दौरान उसने पुलिस को बताया कि छात्रा पास के मोहल्ले में एक इंस्टीट्यूट से बीसीए करने लगी तो उसकी दोस्ती कई लड़कों से हो गई। यह बात उसे बुरी लगती थी। उससे कई बार फोन पर बात करने की कोशिश भी। इधर, कई दिनों से उसका फोन भी अक्सर व्यस्त रहने लगा। वह मेरा फोन भी काट देती थी। हम दोनों के फैमिली बैकग्राउंड में भी काफी अंतर था। पूछताछ के दौरान प्रियांशु ने बताया कि उसे लगने लगा था कि छात्रा उसे इग्नोर कर रही है। अक्सर अन्य लड़कों से बातचीत करती थी। प्रियांशु को शक था कि छात्रा की किसी और लड़के से भी बातचीत होती है। इससे वह खुन्नस रखने लगा था। हत्या करते समय उसने इतनी बर्बरता की, छात्रा की सांस की नली तक काट दी। एक दिन छात्रा को बहलाकर होटल ले गया। फिर आरोपी ने दुष्कर्म किया और थर्माकोल कटर से उसका गला काटकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद प्रियांशु ने होटल में नहाया। होटल के कमरे में खून को भी साफ किया। रूम नंबर 402 के चारों तरफ खून ही खून पड़ा था।

### पांच आरोपियों ने 50 लाख नहीं मिलने पर कर दिया था बाबा की हत्या से इनकार

#### मुंबई पुलिस ने किया खुलासा, अब तक नौ आरोपी गिरफ्त में

मुंबई,(ईएमएस)। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में मुंबई पुलिस ने खुलासा किया है कि इस हत्याकांड मामले में गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों ने हत्या के लिए 50 लाख रुपए मांगे थे लेकिन पैसे को लेकर असहमति और एनसीपी नेता के रसूख को देखते हुए उन्होंने हत्या को अंजाम देने से मना कर दिया था। अधिकारियों ने बताया कि बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में शूटरों को हथियार और रसद मुहैया कराने के आरोप में पांच और लोगों को गिरफ्तार किया था। इस मामले में गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या अब नौ हो गई है, जबकि तीन लोग अभी भी फरार हैं। अधिकारी ने बताया कि इन पांचों आरोपियों ने एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या में शामिल लोगों को जरुरी सामग्री और अन्य प्रकार की मदद दी थी। पुलिस ने बताया कि हाल में गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नितिन गौतम सप्रे (32), संभाजी किसान पारधी (44), प्रदीप दत्तू थोम्ब्रे (37), चेतन दिलीप पारधी और राम फूलचंद कनौजिया (43) के रूप में हुई है। नितिन सप्रे डोंबिवली से हैं जबकि संभाजी किसान पारधी, थोम्ब्रे और चेतन दिलीप पारधी ठाणे जिले के अंबरनाथ से है और कनौजिया रायगढ़ के पनवेल का रहने वाला है। थोम्ब्रे को छोड़कर अन्य चार शातिर आपराधिक हैं। एक अधिकारी ने कहा कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि नितिन सप्रे के नेतृत्व वाले गिरोह ने एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के लिए मध्यस्थ से 50 लाख रुपए की मांग की थी लेकिन सौदे पर असहमति के कारण यह बात नहीं बन पाई। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही नितिन सप्रे को पता था कि बाबा सिद्दीकी एक प्रभावशाली नेता हैं, इसलिए उन्हें मारना उसके गिरोह के लिए बड़ी समस्या पैदा कर देगा। इसलिए इन आरोपियों ने आगे नहीं बढ़ने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि आरोपियों ने नए शूटरों को आवश्यक सामग्री देने और अन्य सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया है।

# जम्मू-कश्मीर में पहली मेगा अंतर्राष्ट्रीय मैराथन दौड़, देश-विदेश के एथलीट हुए शामिल

## सीएम उमर अब्दुल्ला और बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी ने दिखाई हरी झंडी

श्रीनगर,(ईएमएस)। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने श्रीनगर में विशाल अंतर्राष्ट्रीय मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रविवार सुबह 6.20 बजे उमर अब्दुल्ला और बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी ने पोलो व्यू स्ट्रीट से पहली अंतर्राष्ट्रीय मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाई। सीएम उमर अब्दुल्ला ने कुछ दूर तक एथलीटों के साथ दौड़े भी। इस दौरान उनके सुरक्षाकर्मी भी उनके साथ-साथ दौड़ते नजर आए।

अधिकारियों ने बताया कि पहली बार कश्मीर में मेगा अंतर्राष्ट्रीय मैराथन का आयोजन किया गया। इसमें 59 विदेशी अंतर्राष्ट्रीय एथलीटों सहित दो हजार एथलीट ने हिस्सा लिया। एथलीट 42 किलोमीटर की फुल और 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन दौड़ेंगे।

जम्मू-कश्मीर के पर्यटन निदेशक राजा याकूब फारूक ने कहा था कि पहली बार मैराथन के लिए दो हजार से ज्यादा एथलीटों ने पंजीकरण कराया है। इस प्रतियोगिता में 29 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और 13 देशों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। हाफ और फुल मैराथन में 59 विदेशी अंतरराष्ट्रीय एथलीट भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा था कि कश्मीर के भी 30 से 35 प्रतिभागी हैं।

यह मैराथन दुनिया भर में यह संदेश भेजेगी कि कश्मीर में शांति है। सभी एथलीट दुनिया भर में संदेश देंगे कि कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों की मेजबानी के लिए उपयुक्त है। हम अपने व्यंजन, पेपर माची, पश्मीना और अन्य चीजों का प्रदर्शन करेंगे। ये सभी एथलीट हमारे ब्रांड एंबेसडर होंगे।

मैराथन में हिस्सा लेने के अलावा एथलीटों को स्थानीय व्यंजन भी परोसे जाएंगे। इस दौरान एथलीट दुनिया भर में मशहूर गुलमर्ग स्की रिसॉर्ट का दौरा भी करेंगे और केबल कार का भी आनंद लेंगे। मैराथन में शामिल होने के साथ-साथ, एथलीट कश्मीर की सुंदरता, झीलों, अल्पाइन वनों और अद्भुत शरद ऋतु का आनंद ले रहे हैं, जिसे कश्मीर में चार ऋतुओं का राजा कहा जाता है।

बता दें कि कश्मीर ने मई में जी-20 बैठक की मेजबानी की थी और स्पोर्ट्स कार रेसिंग इवेंट भी आयोजित किया था। इन अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों ने पर्यटकों और टूर और ट्रैवल ऑपरेटरों के बीच शांतिपूर्ण, सुरक्षित घाटी के विचार के बाद असाधारण रूप से बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करने में मदद की है।



# महाकुंभ 2025-मेला क्षेत्र में मुफ्त राशन उपलब्ध कराएगी योगी सरकार

प्रयागराज (ईएमएस)। यूपी की संगम नगरी प्रयागराज में होने जा रहे महाकुंभ 2025 के दौरान यहां आने वाला कोई भी श्रद्धालु, कल्पवासी भूखे पेट नहीं सोएगा। योगी सरकार की ओर से इसके लिए मेला क्षेत्र में व्यापक तैयारियां की हैं। पूरे मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए भंडारों का तो आयोजन किया ही जाएगा, साथ ही उन्हें मुफ्त राशन की सुविधा का भी लाभ मिलेगा। कई-कई दिनों तक महाकुंभ में रहने वाले कल्पवासियों और श्रद्धालुओं के राशन कार्ड बनाए जाएंगे और उन्हें राशन की सुविधा प्राप्त होगी। पहले से राशन कार्ड धारण करने वालों को भी राशन कार्ड दिखाने पर राशन प्रदान किया जाएगा। इसके लिए खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा पूरे मेला क्षेत्र के सभी सेक्टर्स में कुल 160 उचित दर वाली राशन की दुकानों की स्थापना की जाएगी, जहां से दो बार (जनवरी-फरवरी) में राशन प्रदान किया जाएगा। राशन के भंडारण के लिए 5 गोडाउन भी स्थापित होंगे। इस पूरी परियोजना पर 43 करोड़ से ज्यादा की धनराशि खर्च की जाएगी।

एडीएम मेला, विवेक चतुर्वेदी के अनुसार महाकुंभ के दौरान कई ऐसे श्रद्धालु आते हैं जो कई-कई दिनों तक मेला में प्रवास करते हैं। इन्हें कल्पवासी कहा जाता है। ये अपना भोजन स्वयं पकाते हैं। इनकी सुविधा के लिए खाद्य एवं रसद विभाग की ओर से पूरे मेला क्षेत्र के सभी सेक्टर्स में उचित दर वाली कुल 160 राशन की दुकानें स्थापित की जा रही हैं। जहां न सिर्फ इनका राशन कार्ड बनाया जाएगा, बल्कि इन्हें राशन की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। जिनके पास पहले से ही राशन कार्ड है, उन्हें भी सुविधा प्राप्त होगी। यह सुविधा दो बार यानी जनवरी और फरवरी 2025 में उपलब्ध कराई जाएगी। राशन की कमी न हो, इसके लिए मेला क्षेत्र के अंदर ही 5 गोडाउन भी स्थापित किए जा रहे हैं।

परियोजना के अनुसार कल्पवासियों एवं श्रद्धालुओं को खाद्यान्न, चीनी एवं रसोई गैस उपलब्ध कराया जाएगा। एलपीजी सिलेंडरों की बिक्री के लिए अलग से आउटलेट्स लगाए जाएंगे। 10 लाख स्थायी आबादी के अतिरिक्त अस्थायी आबादी के भोजन के लिए भंडारों का आयोजन किया जाएगा, जहां प्रतिदिन राशन की आपूर्ति की जाएगी। एक अनुमान के अनुसार एक राशन कार्ड में 5 लोग होते हैं तो इस लिहाज से दो माह में तकरीबन 2 लाख राशन कार्ड की आवश्यकता होगी। खास बात ये भी होगी कि इस सुविधा का लाभ बड़े अखाड़ों और शिविरों में रहने वाले श्रद्धालुओं और कल्पवासियों को भी मिलेगा। परियोजना के तहत राशन कार्ड धारक को 3 किलो प्रति व्यक्ति के हिसाब से गेहूं/आटा प्रदान किया जाता है, जबकि प्रति व्यक्ति 2 किलो चावल (फोर्टिफाइड) की आपूर्ति होगी। इसी तरह 2 किलो चीनी (प्रति व्यक्ति), 2 ली. मिट्टी का तेल (प्रति राशन कार्ड) और एक डॉमेस्टिक गैस कनेक्शन प्रदान किया जाता है। डॉमेस्टिक गैस कनेक्शन को एक बार रीफिल कराने की भी सुविधा मिल सकती है।

## यूपी उपचुनाव में बीजेपी को हराने सपा प्रत्याशियों का करेगी समर्थन कांग्रेस

लखनऊ,(ईएमएस)। यूपी की 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। इस उपचुनाव में कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी (सपा) को अपना समर्थन देने का फैसला लिया है। कांग्रेस ने पहले पांच सीटों की मांग की थी, लेकिन जब संपा से बात नहीं बनी तो कांग्रेस ने गाजियाबाद और खैर सीटों पर अपनी उम्मीदवारी पर विचार किया। हालांकि यहां भी स्थिति बदलने के बाद कांग्रेस ने अब उपचुनाव में सपा प्रत्याशियों का समर्थन करने का फैसला लिया है।

बता दें इंडिया गठबंधन के तहत सपा ने कांग्रेस के लिए गाजियाबाद और खैर सीट छोड़ दी थी, लेकिन दोनों ही सीटों पर बीजेपी का दबदबा है। गाजियाबाद में 2022 विधानसभा चुनाव में बीजेपी को 61.37 फीसदी वोट मिले थे, जबकि सपा को सिर्फ 18.25 फीसदी और कांग्रेस को महज 4.81 फीसदी वोट मिले थे। इस परिप्रेक्ष्य में कांग्रेस नेताओं का मानना है कि उपचुनाव में हारने से बेहतर है कि वे सपा को समर्थन दें, जिससे कार्यकर्ताओं का मनोबल बना रहे। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक पार्टी ने लोकसभा चुनाव में 6 सीटें जीतकर अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया है और अब उसकी नजरें 2027 के विधानसभा चुनाव पर हैं। कांग्रेस नहीं चाहती कि उपचुनाव में हार से कार्यकर्ताओं का उत्साह कम हो और पार्टी के अंदर निराशा फैले।

कांग्रेस के इस फैसले के पीछे एक और कारण है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने भी कुर्बानी दी थी, जब उसने अपनी सीटें नहीं मांगी और गठबंधन के तहत बीजेपी को हराने के लिए अपना समर्थन दिया था। अब कांग्रेस भी उसी रास्ते पर है और सपा के प्रत्याशियों का समर्थन करके गठबंधन के सिद्धांतों को मजबूत कर रही है।

## सैन्य अधिकारी रणनीतिक विचारक बनें और नई प्रौद्योगिकी का लाभ लें : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली(ईएमएस)। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी गंभीर सुरक्षा चुनौतियों के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को राजधानी में शीर्ष सैन्य अधिकारियों से लगातार बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में रणनीतिक लाभ लेने के लिए तर्कसंगत ढंग से सोचने, अप्रत्याशित परिस्थितियों के अनुकूल अपने को ढालने और नवीनतम प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने का आह्वान किया। वह 62वें राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय (एनडीसी) के वर्ष-2022 बैच के एमफिल दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। जिसमें उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में तेजी से हो रही प्रौद्योगिकी प्रगति सबसे महत्वपूर्ण ताकत है। जो भविष्य के लिए तैयार सेना के विकास को गति प्रदान करती है। युद्ध की लगातार बदलती प्रकृति में साइबर हमले, दुष्प्रचार अभियान और आर्थिक युद्ध ऐसे साधन बन गए हैं। जो बिना एक भी गोली चलाए पूरे देश को अस्थिर कर सकते हैं। ऐसे में सैन्य नेतृत्व के पास जटिल समस्याओं के विश्लेषण के अलावा नए समाधान तैयार करने की क्षमता होनी चाहिए। रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में सैन्य अधिकारियों से रणनीतिक विचारक बनने का आग्रह किया। जो भावी संघर्षों का अनुमान लगाने, अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक गतिशीलता को समझने, बुद्धिमत्ता और सहानुभूति के साथ नेतृत्व करने में सक्षम हों। उन्होंने कहा, ड्रोन, स्वायत्त वाहनों के साथ कृत्रिम मेधा (एआई) और क्वांटम कम्प्यूटिंग जैसी आधुनिक युद्ध को आकार देने वाली प्रौद्योगिकियां बहुत तेजी से विकसित हो रही हैं। अधिकारियों को इन्हें समझना चाहिए और इनका उपयोग करने में सक्षम होना चाहिए। एआई का बेहतर ढंग से लाभ उठाने के लिए अधिकारियों को इनका गहन विश्लेषण करने की आवश्यकता है। साथ ही लिए जाने वाले निर्णयों में इसके हस्तक्षेप की सीमा तय करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, राजनाथ ने रोजमर्रा के आधार पर प्रयोग किए जाने वाले उपकरणों, प्रौद्योगिकियों को विरोधियों द्वारा हथियार बनाने की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे विरोधियों द्वारा किए जाने वाले इनके दुरुपयोग के मद्देनजर हमें इन खतरों के लिए तत्परता से तैयारी करनी चाहिए।

## बस ने टेंपो को मारी टक्कर, 8 बच्चों सहित 11 लोगों की मौत

धौलपुर(ईएमएस)। जिले के बाड़ी सदर थाना इलाके में बीती रात एक दर्दनाक हादसा हुआ है। स्लीपर बस ने एनएच 11बी पर सुनीपुर गांव के नजदीक एक टैंपों पर टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि देखते ही देखते टैंपो के परखच्चे उड़ गए। जिससे 8 बच्चों सहित 11 लोगों की मौत हो गई। बाड़ी कोतवाली थाना प्रभारी शिव लहरी मीणा ने बताया कि बाड़ी शहर की करीम कॉलोनी गुमट मोहल्ला निवासी नहनू एवं जहीर के परिवार के लोग बरौली गांव में रिश्तेदारी में भात कार्यक्रम में शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे। रात्रि को सुनीपुर गांव के नजदीक स्लीपर कोच बस ने टेम्पो को टक्कर मार दी। हादसे में आठ बच्चे बच्चों समते 11 लोगों की मौत हो गई। स्लीपर कोच बस और टेंपो की टक्कर में 14 वर्षीय आसमा पुत्री इरफान उर्फ बंटी,38 वर्षीय इरफान उर्फ बंटी पुत्र गफ्फो,8 वर्षीय सलमान पुत्र इरफान उर्फ बंटी,6 वर्षीय साकिर पुत्र इरफान उर्फ बंटी,10 वर्षीय दानिश पुत्र जहीर,5 वर्षीय अजान पुत्र आसिफ,35 वर्षीय जरीना पत्नी नहनू,10 वर्षीय आशियाना पुत्री नहनू,7 वर्षीय सुखी पुत्री नहनू, 9 वर्षीय सानिफ पुत्र नहनू की घटना स्थल पर मौत हुई है। वहीं जिला चिकित्सालय धौलपुर रेफर किए गए घायलों में महिला 32 वर्षीय जूली पत्नी इरफान उर्फ बंटी ने रास्ते में दम तोड़ दिया। जबकि घायल 38 वर्षीय धर्मेंद्र पुत्र मलखान एवं 10 वर्षीय साजिद पुत्र आसिफ,32 वर्षीय प्रवीण पत्नी जहीर को जिला चिकित्सालय धौलपुर भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक बाड़ी शहर की करीम कॉलोनी गुमट मोहल्ला निवासी नहनू पुत्र गफूर खान सरमथुरा थाना क्षेत्र के गांव बरौली में अपने परिवार के सदस्यों को साथ लेकर रिश्तेदारी में भात कार्यक्रम में शामिल होने गया था। शनिवार देर रात को भात कार्यक्रम में शामिल होकर परिवार के सभी सदस्य टेंपो में सवार होकर वापस घर लौट रहे थे, लेकिन बाड़ी की तरफ से तेज रफ्तार में जा रही स्लीपर कोच बस ने सुनीपुर गांव के नजदीक सामने से टक्कर मार दी।

# देश के विकास में बाधक हैं विपक्षी पार्टियां: मोदी

## प्रधानमंत्री ने वाराणसी स्पोर्ट्स स्टेडियम का उद्घाटन करने के बाद सपा और कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर जमकर साधा निशाना

वाराणसी (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी स्पोर्ट्स स्टेडियम का उद्घाटन करने के बाद सपा और कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, सपा समेत तमाम विपक्षी पार्टियां देश के विकास में भी परिवारवाद कर रही थीं। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने देश के विकास को आगे ही नहीं बढ़ने दिया। आज भी विकास कार्यों में रोढ़ा डालने का काम कर रहे हैं। भाजपा जो कहती है वह डंके के चोट पर करती है। अयोध्या में राम मंदिर का सपना भाजपा ने ही पूरा किया। महिलाओं को विधान और लोकसभा में आरक्षण की बात कही गई थी, जिसे हमने ही पूरा किया। कहा कि भाजपा सरकार ने मुस्लिम महिलाओं को सम्मान दिलाया। तीन तलाक के नाम पर वे न जानें कितने वर्षों से प्रताड़ित थीं। अंधकारमय जिंदगी जी रही थीं। भाजपा सरकार ने महिलाओं को सिर ऊंचा कर चलने की हिम्मत दी है।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भविष्य में एक लाख युवाओं को राजनीति का हिस्सा बनाया जाएगा। युवाओं से आह्वान किया कि इसके लिए वे आगे आएं और देश की तरक्की का हिस्सा बनें। खिलाड़ियों को सम्मान देने का काम भाजपा ने ही किया है। उन्होंने कहा कि देश में भाषाओं का भी विकास किया जा रहा है। पाली भाषा का विकास किया जा रहा है। मैं विकास की इन सभी योजनाओं के लिए देश के सभी नागरिकों के साथ काशीवासियों को धन्यवाद देता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले साल देश के एक दर्जन एयरपोर्ट के सुधार भी किए जा रहे हैं। अयोध्या में एक भव्य इंटरनेशल एयरपोर्ट राम भक्तों का स्वागत कर रहा है। एक समय था यूपी की सड़कें खस्ताहाली के लिए जानी जाती थी। 2014 के बाद यूपी की सड़कें बन रही हैं। सड़कें चमचमा रही हैं। काशी नगरी के विकास और विरासत को लेकर काम किया जा रहा है। यहां गलियों से लेकर सुंदर घाट लोगों का मन मोह रहे हैं।

काशी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए सात एयरपोर्ट से जुड़े 6100 करोड़ रुपये के अलग-अलग परियोजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यूपी के सहारानपुर, मध्य प्रदेश के रीवा, छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहाकि आज देश में विकास कार्यों की बहार आ गई है। देश के युवाओं को नौकरियां मिल रही हैं। बाबतपुर एयरपोर्ट पर आधुनिक सुविधा बढ़ते ही यहां के लोगों को रोजगार मिलने लगे। आज बनारस आने वाले लोगों की संख्या में इजाफा हो रहा है। यहां पर्यटकों और व्यापारियों के आने की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में एम्स, मेडिकल कॉलेज, सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक के साथ छोटे शहरों में अस्पताल खोले गए हैं। मेडिकल कॉलेज में नई सीट भी जोड़ी गई है। आने वाले सालों में 75,000 नई मेडिकल की सीट जुड़ेंगे। लोगों की डिजिटल हेल्थ आईडी बनाई जा रही है। ई-संजीवनी में 30 करोड़ लोग ऑनलाइन परामर्श ले चुके हैं। द्रोण टेक्नोलॉजी से भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में हम आगे बढ़ रहे हैं। बिहार में भी एक शंकरा आई हॉस्पिटल खोलना चाहिए इससे यहां के रहने वाले लोगों को भी लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीमारी गरीब को और गरीब बनाती है। 10 साल में 25 करोड़ लोग बीमारी से बाहर निकले। बीमारी हो ही नहीं, इसके लिए सरकार जोर दे रही है। सरकार योग, साफ-सफाई पोषण, खान-पान पर विशेष ध्यान दे रही है। टीकाकरण को भी ज्यादा से ज्यादा घरों तक ले जाया जा रहा है। 10 साल पहले देश में टीकाकरण का ग्राफ 60 फीसदी तक की थी। बहुत से बच्चे टीकाकरण के दायरे में नहीं थे। उन्होंने कहा कि हर साल टीकाकरण का ग्राफ एक प्रतिशत बढ़ रहा था, अगर ऐसा ही रहता तो बच्चों को टीकाकरण के दायरे में लाने में 40 से 50 साल लग जाते। यह देश की नई पीढ़ी के साथ बहुत बड़ा अन्याय हो रहा था। अब सरकार की ओर से बच्चों का टीकाकरण का कवरेज बढ़ाया दिया गया है। मिशन इंद्रधनुष अभियान चलाया गया। इसमें एक साथ कई मंत्रालयों को भी लगाया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बीमारी से बचाव के लिए सबसे जरूरी है कि समय से बीमारी का पता चल जाए। इसके लिए क्रिटिकल केयर ब्लॉक और आधुनिक लैब भी बनाए जा रहे हैं। इससे लाखों लोगों की जान बच रही है।सस्ता इलाज और सस्ती दवा भी लोगों को मिल रही है। देश में लोगों की बीमारी पर खर्च होने वाले रुपये का 25 फीसदी औसत खर्च कम हो गया है। पीएम मोदी ने कहा कि कैंसर की दवाओं के साथ ही स्टंट, इंप्लांट का दाम भी कम कर दिया गया। गरीबों को मुफ्त इलाज देने वाली आयुष्मान योजना संजीवनी साबित हो रही है। मुफ्त इलाज का लाभ 7.50 करोड़ लोग लाभ ले चुके हैं।

## झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन-2024

# स्वीप कार्यक्रम के तहत लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद में हैप्पी स्ट्रीट का किया गया आयोजन

### नागरिकों को दिलाई गई मतदान हेतु शपथ









धनबाद, आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज दिनांक 20.10.24 को सुबह 6:00 बजे से 10:00 तक लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद में हैप्पी स्ट्रीट का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाता जागरूकता, मत प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से योगा, कराटे, डर्ट गेम, बैंड कंसर्ट, डांसिंग, सिंगिंग, स्केटिंग, थ्री डी पेंटिंग, जादूगरी तथा बच्चों व बुजुर्गों के लिए विभिन्न प्रकार के मनोरंजन खेल आदि का आयोजन किया गया। हैप्पी स्ट्रीट में नृत्य-संगीत के साथ लोगों ने विभिन्न खेलों का भरपूर लुत्फ उठाया। हेल्थ चेक अप कराने के साथ लोगों ने योगाभ्यास किया। सुबह छह से 10 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में काफी संख्या में स्कूली बच्चे, महिलाएं व पुरुषों ने भाग लिया। स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह नगर आयुक्त, रविराज शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को वोट के प्रति जागरूक करना था। कम्युनिटी हेल्थ सेंटर से लेकर जमाडा के मुख्य द्वार तक तरह-तरह के गेम, हेल्थ चेक अप कैंप, योगा, रॉक बैंड सहित कई स्ट्रीट फूड के स्टॉल लगाये गये थे। सुबह छह से दश बजे तक चले हैप्पी स्ट्रीट में लोगों ने संडे को फन डे के रूप में मनाया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी सहायक नगर आयुक्त, एसएमपीओ समेत कई अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे ।

## एसएसपी ने किया इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट का निरीक्षण



धनबाद, विधानसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले में 11 इंटर स्टेट एवं 5 इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट बनाए गए हैं। चेक पोस्ट से गुजरने वाले सभी वहनों की जांच की जा रही है। इसी संदर्भ में रविवार को वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने हरिहरपुर थाना अंतर्गत अमलखोरी व महुदा थानांतर्गत तेलमच्चो स्थित इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में एसएसपी ने चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सुरक्षा कर्मियों को जिले में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की सघन जांच करने तथा वाहनों का रजिस्ट्रेशन नंबर व ऑनर का नाम, पता, मोबाइल नंबर रजिस्टर में दर्ज करने का निर्देश दिया।

साथ ही भारी मात्रा में नगदी, शराब, ज्वेलरी, नशीले पदार्थ सहित मतदाताओं को प्रलोभन देने वाली अन्य सामग्रियां मिलने पर जब्त करने का निर्देश दिया। जांच के दौरान वीडियोग्राफी करने का भी निर्देश दिया गया। मौके पर एसडीपीओ बाघमारा, पुरषोत्तम कुमार सिंह समेत थाना प्रभारी मौजूद थे।

## आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चिरकुण्डा में निकाला गया फ्लैग मार्च



चिरकुंडा, (धनबाद ), आगामी विधानसभा चुनाव 2024 का भय मुक्त शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए चिरकुंडा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रामजी राय के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकल गया 1 जो पूरा चिरकुंडा क्षेत्र का भ्रमण कर वापस चिरकुंडा थाना पहुंचा। इस फ्लैग मार्च में झारखंड पुलिस के साथ-साथ सीएस आईएफ के जवान भी शामिल थे। पुलिस निरीक्षक थाना प्रभारी रामजी राय ने कहा विधानसभा का चुनाव भय मुक्त और शांतिपूर्ण तरीके से करने के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया। जिससे वोटर भयमुक्त माहौल में अपना मतदान कर सके । उन्होंने कहा की किसी भी असामाजिक तत्व को पनपनें नहीं दिया जाएगा।

# 22 लाख की अवैध विदेशी शराब बरामद

### आम लोगों से जिला प्रशासन को अवैध कारोबार की सूचना देने की अपील



धनबाद, शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से विधानसभा चुनाव संपन्न कराने तथा चुनाव में धन-बल का प्रभाव अथवा अन्य माध्यम से मतदाताओं को प्रलोभन देने की रोकथाम के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, माधवी मिश्रा ने सभी एनफोर्समेंट एजेंसियां को निर्देश दिया है। इस कड़ी में रविवार की सुबह उत्पाद विभाग ने टुंडी थाना से 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित एक अवैध शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। जहां से करीब 22 लाख रुपए की अवैध विदेशी शराब बरामद की गई है। उत्पाद विभाग के सहायक उत्पाद आयुक्त, रामलीला रवानी ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर अवैध शराब की बिक्री करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है।

इस क्रम में टुंडी थाना क्षेत्र के नीमटांड़ मधुशा गांव में विदेशी शराब का अवैध कारोबार की गुप्त सूचना मिली। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उत्पाद विभाग की टीम ने रविवार की अहले सुबह बीनूलाल टुडू के घर में छापेमारी की।यहां से इंपीरियल ब्लू समेत दूसरे ब्रांड के 250 पेटी अवैध अंग्रेज़ी शराब बरामद की गई। साथ ही मौके से 840 लीटर कच्चा स्प्रिट के अलावा अंग्रेजी शराब निर्माण से जुड़े विभिन्न ब्रांड के रैपर, कॉर्क और पैकेजिंग, रीफिलिंग के सामान बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अवैध शराब को विधानसभा चुनाव में खपाने की योजना थी।

फिलहाल मामले में एक व्यक्ति, बीरू लाल, को हिरासत में लेकर पूछताछ चल रही है। वहीं इस संबंध में उपायुक्त ने कहा कि जिले के लोग भी अवैध शराब सहित अन्य अवैध कारोबार की सूचना जिला प्रशासन को दे सकते हैं। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। ऐसी सूचना मिलने पर जिला प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा। छापामारी दल में उत्पाद विभाग के एसआई जितेंद्र कुमार, एसआई जॉय हेंब्रम, एसआई कुलदीप कुमार और टुंडी थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर उमाशंकर के अलावा उत्पाद विभाग और पुलिस विभाग के जवान शामिल थे।

## विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो में सघन जांच अभियान जारी



धनबाद, जिले में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव कराने के उद्देश्य से वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन जांच अभियान जारी है। इसी अभियान के तहत आज तीसरा थाना की पुलिस ने वाहन जांच के दौरान तीन अलग अलग बाइक की डिग्गी से 2 लाख 66 हजार रुपये को जब्त किया है।

तीसरा थाना प्रभारी के नेतृत्व में रविवार की सुबह क्षेत्र में जारी वाहन जांच के दौरान तीन बाइक को रोककर तलाशी ली गई 1 जिसके बाद एक बाइक से 93 हजार, दूसरी बाइक से 90 हजार व तीसरी बाइक से 83 हजार रूपये को बरामद किया गया। जांच के दौरान तीसरा थाना की टीम ने कुल 2 लाख 66 हजार रुपये को जब्त किया है। बरामद रकम को तीसरा पुलिस द्वारा एफ एस टी के सुपुर्द कर दिया गया।

## इंटर स्टेट चेक पोस्ट का सिटी एसपी ने किया निरीक्षण

धनबाद, आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लगते ही जिला पुलिस व प्रशासन ने अपनी तैयारी शुरु कर दी है 1 इसके लिये सीमावर्ती क्षेत्र के अलावा शहर व ग्रामीण क्षेत्र में कई जगहों पर चेक पोस्ट लगाये गये है । इसी उद्देश्य के तहत जिले में 11 इंटर स्टेट एवं 5 इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट बनाए गए हैं। चेक पोस्ट से गुजरने वाले सभी वहनों की निरंतर जांच की जा रही है।इसी संदर्भ में रविवार को पुलिस अधीक्षक नगर अजीत कुमार ने बलियापुर थाना अंतर्गत सरसा कुंडी, कालीपुर व घड़बड़ स्थित इंटर स्टेट चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सिटी एसपी ने स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा किए जा रहे वाहन जांच पंजी की समीक्षा की 1 साथ ही वहां मौजूद पदाधिकारियों को चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। एस पी ने निर्देश दिया कि छोटे-बड़े सभी वाहनों की बारीकी से जांच की जाए और अगर किसी वाहन से आपत्तिजनक सामग्री या अवैध राशि बरामद होती है, तो उसे जब्त कर तत्काल वरीय पदाधिकारियों को सूचित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा खुद भी छोटे-बड़े वाहनों की जांच की गई और वहां तैनात पुलिस पदाधिकारी, मजिस्ट्रेट एवं सुरक्षा बल के जवानों को एमसीसी के निर्देशों का अनुपालन करते हुए कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# राजगंज में भाजपा के पांचो मंडल अध्यक्षों के बीच हुई बैठक




राजगंज, (धनबाद), राजगंज में भाजपा के पांचों मंडल अध्यक्षों के बीच हुई बैठक 1 जिसमें सभी सदस्यों ने टुंडी विधानसभा से भाजपा से प्रत्याशी को टिकट देने की मांग की 1

राजगंज मंडल अध्यक्ष, रंजीत सिंह ने राज्य स्तरीय और शीर्ष स्तरीय नेतृत्व से अनुरोध किया है कि टुंडी में कार्यकर्ताओं की भावना को देखते हुए भाजपा प्रत्याशी को टिकट दिया जाए, यहां न तो भाजपा का सांसद है और न विधायक फिर संगठन कैसे चलेगा? पिछले विधानसभा चुनाव 2019 में भाजपा और आजसू अलग अलग लड़े थे 1 परिणाम भाजपा को लगभग 47000 मत और आजसू को लगभग 15000 मत प्राप्त हुए थे ,

इन मतों के आधार को देखा जाए तो भाजपा टुंडी में आजसू पार्टी से कहीं ज्यादा मजबूत और प्रबल दावेदार है 1ऐसे में इस सीट को किसी दूसरे सहयोगी को देना बिल्कुल भी उचित नहीं है, स्थानीय कार्यकर्ता भी अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं, क्योंकि यहां भाजपा का कोई नेतृत्व कर्ता ही नहीं है , ऐसे में पार्टी की नेतृत्व क्षमता को देखते हुए टिकट भाजपा प्रत्याशी को दिया जाय, ताकि कार्यकर्ता पूरे जोश से चुनाव में अपनी ताकत दिखाते हुए इस सीट पर जीत हासिल कर सके 1 फिलहाल कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है1 मौके पर गोमो मंडल अध्यक्ष, सुरेश महतो , टुंडी मंडल अध्यक्ष, तिलक मंडल, तोपचांची मंडल,अध्यक्ष निवास तिवारी, पूर्वी टुंडी मंडल अध्यक्ष वासुदेव कुम्हार, युवा मोर्चा अध्यक्ष, अजय साहनी, उपाध्यक्ष, प्रवीण चौधरी, डब्लू कुमार, सुनील साव, गौतम साव, संजय सिंह, शिवकुमार आदि मौजूद थे 1

## लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी द्वारा आयोजित किया विजयादशमी मिलन समारोह





धनबाद, लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी के सदस्यो ने विजयादशमी मिलन समारोह मनाया। ज्ञात हो की बंगाली समाज में विजयादशमी का एक अलग ही महत्व है 1 दुर्गा पूजा के प्रतिमा विसर्जन के बाद विजयादशमी का मिलन समारोह आयोजन किया जाता है। इस मिलन समारोह में धनबाद के हिरापुर स्थित लिन्डसे क्लब एंड लाइब्रेरी के सभी सदस्यो एवं महिला सदस्या आपस मे मिलकर एक दुसरे को बधाई दीं ।इस अवसर पर एक संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में लिन्डसे क्लब के सदस्यो एवं सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक गीत,कविता की प्रस्तुति की गई।

क्लब के अध्यक्ष, अमलेन्दु सिन्हा ने आये हुये सभी सदस्यो का अभिवादन स्वीकार किया एवं हृदय से सभी को अपना आशीर्वाद एवं शुभकामनाए दी। साथ ही लिन्डसे क्लब के सचिव, सलिल विश्वास ने सभी सदस्यो को विजयादशमी कि शुभकामनाएं दी एवं क्लब को सफलता की नई ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए सभी सदस्यो को धन्यवाद दिया 1

## कमलेश्वरी झा के निधन पर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के महामंत्री ए के झा ने गहरा दुख प्रकट किया

धनबाद, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के महामंत्री, ए के झा एवं कार्यकारी अध्यक्ष बृजेंद्र प्रसाद सिंह सीनियर एडवोकेट ने अपने एक संयुक्त व्यक्तव्य में कमलेश्वरी झा के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा है कि कमलेश्वरी झा राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन और कांग्रेस के समर्पित नेता रहे। स्वर्गीय झा एक संघर्षशील ,लड़ाकू ,मजबूत ,मजदूर नेता थे 1 जिन्होंने धनबाद झरिया के मजदूर आंदोलन में लगभग 50 वर्षों तक लगातार शिरकत किया है।

स्वर्गीय झा मजदूरों के कार्य के प्रति बराबर जागरूक थे। वे जिनागोरा कोलियरी के शाखा अध्यक्ष एवं लोदना एरिया के क्षेत्रीय अध्यक्ष के पद पर वर्षों तक लगातार संगठन में रहते हुए मजदूरों की सेवा की ।उनके निधन से संगठन को बड़ा नुकसान पहुंचा है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।उनके परिवार के लोगों को इस अपार कष्ट को सहने की शक्ति दे। ज्ञात हो की स्वर्गीय झा पिछले कुछ दिनों से अपने पैतृक निवास राजपुर बांका में थे। कुछ महीनो से वे बीमार चल रहे थे । 89 वर्ष की आयु में उन्होंने जीवन का अंतिम सांस अपने पैतृक निवास राजपुर में लिया ।

## सीताराम येचुरी को दी गई श्रद्धांजलि

सिंदरी ( धनबाद ), वासुदेव आचार्य नगर , गुरुद्वारा हॉल , सिंदरी में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी, मार्क्सवादी का धनबाद जिला का दो दिवसीय 15 वीं जिला सम्मेलन के दूसरे दिन विशेष सत्र में पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी को श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा में माकपा के वरिष्ठ नेता गोपीकांत बक्सी, भाकपा माले के सुरेश प्रसाद, कांग्रेस के अजय कुमार ने संबोधित करते हुए कहा की उनके निधन पर पार्टी और देश को बहुत बड़ा नुकसान हुआ हैं।

मंचासिन में अध्यक्ष मंडली के कॉम.सुरेश गुप्ता , माया लायक , व बगुला धर , तथा मुख्य रूप से राज्य सचिव कॉम. प्रकाश विप्लव , कॉम. समीर दास , कॉम. काशी नाथ चटर्जी , कॉम.गोपी कांत बक्सी , कॉम. सुंदरलाल महतो आदि मौजूद थे । कॉम. संतोष घोष व रामकृष्ण पासवान द्वारा संचालन किया गया तथा धन्यवाद स्वागत समिति के अध्यक्ष डॉ. काशी नाथ चटर्जी द्वारा किया गया ।

आज के दूसरे दिन के बैठक में जिला सचिव घोष द्वारा तीन वर्षों के कार्यों प्रतिवेदन जिला सचिव संतोष कुमार घोष ने रखा 1 जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया। प्रतिवेदन पर जिले के कुल 29 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिवेदन एवं लेखा जोखा पर चर्चा की गई । इसके बाद सचिव के द्वारा जवाबी भाषण दी गई ।

जिला सम्मेलन में कुल 25 सदस्यों वाली धनबाद जिला कमेटी बनाया गया। पुनः कॉम. संतोष घोष को धनबाद जिला सचिव चुने गए । झारखंड राज्य सम्मेलन के लिए 17 प्रतिनिधियों का भी चयन किया गया।

सम्मेलन के अंत में स्वागत समिति के अध्यक्ष डा, काशीनाथ चटर्जी ने प्रतिनिधियों और चुने गए नई कमिटी का स्वागत किया। स्वागत समिति के सचिव, विकास कुमार ठाकुर ने सभी प्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया।

# समिति की महिला सदस्यों ने स्वयं अपने हाथों से सेवा किया- केयर एंड सार्व फाउंडेशन




धनबाद, समाज सेवी संस्था केयर एंड सर्व फाउंडेशन प्रतिदिन की तरह आज भी शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पीएमसीएच अस्पताल परिसर में जरूरतमंदों को भोजन कराया 1 भोजन दीक्षा महिला मंडल के अंतर्गत संस्कृति महिला समिति कुसुंडा एरिया द्वारा कराया गया 1 जिसमें समिति की महिला सदस्य अजंता दास,फरज़ाना पैरवीन,रीना कुमार,इंदु पासवान,संतु झा,मंजू सिंह,पूजा अग्रवाल,मीनू मिश्रा,विनीता ठकर,सुमन सिंह,सुनीता राम और नीलम देवी मौजूद थी 1 सभी ने मिलकर तीन सौ जरूरतमंदों को अपने हाथों से भोजन कराया । केयर एंड सार्व फाउंडेशन का मीडिया प्रभारी नीलकमल खवास ने बताया कि भोजन करने के पश्चात सभी महिला सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जरूरतमंदों का सेवा सबसे बड़ा धर्म है 1 इससे मन को वेहद शांति भी मिलती है।आज का भोजन में चावल,सब्जी,केला, चूड़ा गुड़ और मिठाई शामिल था। कार्यक्रम में केयर एंड सर्व फाउंडेशन के तरफ से राजेश सिंह,अभय कुमार,अमित कुमार,रवि कौशल सिन्हा,रोबिन चटर्जी, नीलकमल खवास और मुन्ना खान नें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।

## अजय तिवारी के निधन पर उदय प्रताप सिंह ने गहरा शोक प्रकट किया

धनबाद, प्रसिद्ध समाज सेवी उदय प्रताप सिंह ने दिवगंत पत्रकार अजय तिवारी के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया। उन्होंने अजय तिवारी के साथ अपने संबंधों को याद किया और शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उदय प्रताप सिंह ने कहा हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनकी आत्मा को शांति मिले। हम उनके परिवार को असीम शक्ति और जीवन में शांति की कामना करते हैं।

# भाजपा के नेता बहरूपिया हैं : कल्पना सोरेन





टुंडी, ( धनबाद ), झामुमो की स्टार प्रचारक और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन टुंडी के पोखरियां आश्रम में झामुमो विधायक मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंची। सभा को सम्बोधित करने से पूर्व कल्पना सोरेन ने स्व. श्यामलाल मुर्मू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की 1 इसके बाद सभा में शामिल हुईं। मंच पर कल्पना सोरेन के साथ विधायक मथुरा प्रसाद महतो, मिडिया पेनेलिस्ट डॉ. नीलम मिश्रा, जिला अध्यक्ष, लखी सोरेन, जिला उपाध्यक्ष, मुकेश सिंह, जिला सचिव, मन्नू आलम मंचासीन थे।

कल्पना सोरेन ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सत्ता में आते ही आरक्षण को खत्म करने की कोशिश कर रही है। 27 फीसदी आरक्षण को घटाकर 24 फीसदी कर दिया । सरना धर्म कोड को हम पारित कराते है, तो वहीं भाजपा उसे रोकने का काम करती है।नियोजन नीति में भी भाजपा हमारा साथ नहीं दी।उन्होंने कहा भाजपा के नेता बहरूपिया हैं जो बोलते कुछ हैं और करते कुछ हैं। झारखण्ड की जनता ऐसे बहरूपिये को राज्य से खदेडने का काम करेगी। आगे उन्होंने कहा की भाजपा ने हेमंत सोरेन को जेल भेजकर उन्हें झुकाने की कोशिश की पर वे नहीं झुके, ज़ब गुरु जी नहीं झुके तो आखिर भला उनका बेटा क्या झुकेंगा । उन्होंने कहा इस चुनाव में हमें दिखा देना है कि झारखंडी क्या होते हैं1 भगवान बिरसा मुंडा, सिदो कान्हू ऐसे वीर झारखण्ड की धरती पर हुए जिनके सम्मान के लिए झारखण्ड की जनता को इस चुनाव में भाजपा को जवाब देना जरुरी है 1 उन्होंने अपने भाषण के अंतिम पड़ाव में जनता से इण्डिया गठबंधन के पक्ष में वोट देकर हेमंत सोरेन के हाथों को मजबूत बनाने की अपील की। कल्पना सोरेन ने टुंडी में आज 9 अलग - अलग जगहों पर कार्यक्रम में भाग ली 1 पोखरिया आश्रम में चुनावी सभा के बाद टुण्डी थाना मोड़,दुर्गाडीह,शहीद बेदी,रूपन,पूर्वी टुण्डी, शहरपूरा मोड़ में चुनावी सभा को सम्बोधित किया 1इसके अलावे शंकरडीह मोड़,शहीद हरीश मरांडी चौक,सुन्दर पहाड़ी चौक,लोधरीया चौक पर उनका भव्य स्वागत किया गया 1

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ◗ समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।